दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ बुधवार 12 मार्च 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-134 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

### सुविचार
आत्मसंतुष्टि ही जीवन की सच्ची समृद्धि है। इसे पाने का प्रयास हमें करना चाहिए।



## डिप्टी सीएम देवड़ा बोले-2028-29 तक सकल घरेलू उत्पाद दोगुना करने का लक्ष्य...

# खुशहाली के दिन...

## मप्र का सकल घरेलू उत्पाद 2024-25 में प्रचलित भावों पर 15,03,395 करोड़ पहुंचा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार आया है। राज्य की विकास दर 11.05 फीसदी रही, जो राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा है। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें पिछले दो दशकों के सरकारी प्रयासों को इस सफलता का श्रेय दिया गया है। मोहन सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित मध्य प्रदेश बनाने पर काम कर रही है। सर्वेक्षण के अनुसार, 2024-25 में राज्य का जीडीपी 15,03,305 करोड़ रुपए रहा। यह 2023-24 के 13,53,809 करोड़ रुपए (अनुमानित) से 11.05 प्रतिशत ज्यादा है। बीते दो दशकों में मप्र बीमारू से उबरकर तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसमें कल्याणकारी योजनाओं का बड़ा योगदान है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा है कि पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2028-29 तक राज्य के जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

### जीएसडीपी 712260 करोड़

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन पेश आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य सरकार ने दावा किया है कि मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 2024-25 में स्थिर भावों पर जीएसडीपी 712260 करोड़ है जो वर्ष 2023-24 में 671636 करोड़ रहा। यह 6.05 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दिखाता है। मप्र की प्रति व्यक्ति आय 2024-25 प्रचलित भावों पर 1,52,615 रुपए हो गई है। स्थिर भाव पर वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 70434 रुपए है। सकल मूल्य वर्धन में प्रचलित भावों पर 2024-25 में क्षेत्रवार हिस्सेदारी क्रमशः प्राथमिक क्षेत्र में 44.36 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र में 19.03 प्रतिशत तथा तृतीयक क्षेत्र में 36.61 प्रतिशत रही है।

### 19206 करोड़ 79 लाख का अनुपूरक बजट पेश

**इधर**, बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री देवड़ा ने 19206 करोड़ 79 लाख 529 रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश कर दिया है। इस बजट में प्रदेश सरकार के मंत्रियों के बंगलों की सजावट का विशेष ध्यान रखा है। इस अनुपूरक बजट में शासकीय आवासों की मरम्मत के लिए 205 करोड़ बजट में तय किए गए हैं। मंत्रियों के आवासों की सजावट पर 5 करोड़ खर्च होंगे। सिंचाई परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ और गेहूं खरीदी के लिए 2 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा स्टेट सपोर्ट मिशन के लिए बजट में राशि तय की गई है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, नहरों के निर्माण और मरम्मत के लिए दूसरे अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

गेहूं खरीदी के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

### विधानसभा बजट सत्र आर्थिक सर्वेक्षण पेश

- राज्य वन क्षेत्र 94.69 हजार किमी और वनावरण 77.07 हजार किमी के साथ अग्रणी स्थिति पर
- 2023-24 में खनिज उत्पादन मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में 16.71 प्रतिशत अधिक रहा
- मोहन सरकार को माइनिंग कान्क्लेव 2024 में 19250 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले
- सरकार ने 2024-25 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को 472.28 करोड़ का बजट आवंटित किया
- 10 आईटीपार्क और 4 आईटी एसईजेड विकसित, राज्य में 4895 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप कार्यरत

मुख्यमंत्री मोहन के मार्गदर्शन में गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता, और नारी शक्ति जैसे चार प्रमुख मिशनों की शुरुआत की है। सरकार का संकल्प है कि राज्य की आर्थिक नीतियां समाज के हर वर्ग के विकास में सहायक हों और व्यापक आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करें। यह सर्वेक्षण राज्य की विकास यात्रा को प्रतिबिंबित करता है और यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश सतत और समावेशी आर्थिक विकास के मार्ग पर अग्रसर है।

**जगदीश देवड़ा,**
**डिप्टी सीएम, मप्र**

### कृषि का योगदान 30.90 फीसदी रहा

मध्यप्रदेश ने लोक वित्त में अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था बनाए रखने प्रभावी कदम उठाए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व अधिशेष 1700 करोड़ रहने का अनुमान है, जबकि राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 4.11 प्रतिशत तक सीमित रहेगा। राजस्व प्राप्तियां 263344 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। कृषि का योगदान 2024-25 में 30.90 प्रतिशत रहा, लेकिन प्रचलित भाव पर यह 10.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्थिर भाव में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पशुधन क्षेत्र में 7.45 प्रतिशत का योगदान रहा। इसकी वृद्धि स्थिर भाव पर क्रमशः 11.93 और 8.39 प्रतिशत रही।



### हर विभाग को भरपूर बजट

स्वास्थ्य क्षेत्र मे राज्य का बजट 2024-25 में 15744 करोड़ तक पहुंच गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 4.85 करोड़ कार्ड जारी किए गए हैं। 2024-25 में शिक्षा का बजट 11.26 प्रतिशत आवंटित किया गया है। सीएम राईज स्कूल योजना के तहत 274 स्कूलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। व्यावसायिक शिक्षा में 14 ट्रेडस शुरू किए गए हैं। उच्च शिक्षा के अंतर्गत 1346 कॉलेजों में 10.5 लाख सीट उपलब्ध है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 2024-25 में 3.49 लाख छात्रों को व्यावसयिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है।

### 2025 उद्योग वर्ष घोषित

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्वितीयक क्षेत्र में 2.73 लाख करोड़ के सकल मूल्य वर्धन तक पहुंच गया। राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के लिए 2024-25 में 145.13 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। दिसंबर 2024 तक 4.17 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

### विकसित मप्र विजन-2047

राज्य में महत्वपूर्ण बजटीय आवंटन किए गए हैं, जिसमें पिछले चार वर्षों में 82.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने समस्त बाल विकास को प्राथमिकता देते हुए राज्य के कुल बजट का 21.6 प्रतिशत बजट आवंटित किया है। पोषण भी पढ़ाई भी, स्व-सहायता समूह, सामुदायिक संस्थागत विकास, लखपति दीदी, विकसित मध्यप्रदेश विजन 2047 आदि इस दिशा में अग्रणी प्रयास है।

## ब्रीफ न्यूज

### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या का दोस्त गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** 14 करोड़ के गोल्ड तस्करी केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव के दोस्त तरुण राजू को पुलिस ने अरेस्ट किया है। राजू बेंगलुरु के एट्रिया होटल के मालिक का पोता है। उसे बेंगलुरु में आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने पांच दिनों के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की हिरासत में भेज दिया।

### तेजप्रताप यादव और हेमा को मिली जमानत

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने 50 हजार के मुचलके पर बेल दी है। लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप और बेटी हेमा यादव सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचे थे। वकील ने बताया कि एक प्रतिशत सिक्योरिटी और 50 हजार मुचलके पर जमानत दी गई है।

### खुद को जय शाह का पीएम बताने वाला गिरफ्तार

**हरिद्वार।** देश के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह के नाम पर भाजपा विधायकों से ठगी के प्रयास के बाद ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। इस बार एक शख्स खुद को बीसीसीआई के पूर्व सचिव व आइसीसी अध्यक्ष जय शाह का निजी सहायक बताकर हरिद्वार के होटल में मुफ्त सुविधाएं ले रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चंडीगढ़ का रहने वाला है। उसके पास बीसीसीआई का फर्जी आईकार्ड भी मिला है। वह लग्जरी सुविधाओं का मुफ्त में लाभ उठाने ऐसा करता था।

## पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक...बलूच आर्मी का दावा-20 सैनिकों को उतारा मौत के घाट

### बीएलए ने 182 यात्रियों को बनया बंधक,कहा- एक्शन लिया तो बंधकों को मार देंगे

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि 182 पैसेंजर को बंधक बना रखा है, जबकि 20 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। बीएलए ने ये भी बताया कि उसने एक ड्रोन मार गिराया है। ये हमला दोपहर करीब 1 बजे क्वेटा से पेशावर के रूट पर बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हुआ। 6 घंटे बाद शाम 7:30 बजे तक भी जाफर एक्सप्रेस पूरी तरह से बीएलए के लड़ाकों के नियंत्रण में रही। बीएलए ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया है। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ।




### पाक आर्मी ने की फायरिंग

ट्रेन में सुरक्षाबलों, पुलिस और आईएसआई के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने बीएलए के हमले का जवाब दिया, लेकिन बीएलए ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी मारे गए। घटना की जानकारी मिलने पर पाकिस्तान आर्मी ने बीएलए पर जमीनी फायरिंग की और हवा से बम भी बरसाए, लेकिन लड़ाकों ने किसी तरह आर्मी के जमीनी ऑपरेशन को रोक दिया।

### अरविंद केजरीवाल पर दर्ज करो एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम केजरीवाल को झटका देते हुए होर्डिंग लगाने के लिए पब्लिक मनी के दुरुपयोग के केस में एफआईआर दर्ज करने आदेश दे दिया है। होली के बाद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाकर कथित तौर पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में ये स्पष्ट किया कि केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बनता है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि 156(3) सीआरपीसी के तहत याचिका मंजूर की जाती है।

## मोदी मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पहले भारतीय

■ प्रधानमंत्री बोले-मॉरीशस से होली का रंग लेकर जाऊंगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी 5वें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। प्रधानमंत्री बुधवार को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं पीएम ने कहा कि आपने मुझे सम्मान दिया, इसे मैं विनम्रता से स्वीकारता हूं। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस धरती की सेवा की और मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए। उन्होंने कहा कि जब 10 साल पहले आज की ही तारीख पर मैं मॉरीशस आया था, उस साल होली एक हफ्ते पहले बीती थी, तब मैं भारत से फगवा की उमंग अपने साथ लेकर आया था। अब इस बार मॉरीशस से होली के रंग अपने साथ लेकर भारत जाऊंगा। राम के हाथे-ढोलक होसे, लक्ष्मण हाथ मंजीरा, भरत के हाथ कनक पिचकारी, शत्रुघन हाथ अबीरा... जोगी रा सा रा रा रा रा....।



### राष्ट्रविरोधियों को बख्शा नहीं जाएगा...

## जम्मू के दो संगठनों पर केंद्र ने लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन और आवामी एक्शन कमेटी को गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि ये संगठन लोगों को भड़काने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार पाए गए हैं, जिससे देश की एकता और अखंडता को खतरा हो सकता था। गृह मंत्रालय के अनुसार, इन संगठनों की गतिविधियों से यह साफ हुआ कि वे जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की साजिश रच रहे थे। उनके बयानों और कार्यों से लोगों को हिंसा के लिए उकसाया जा रहा था, जिससे कानून-व्यवस्था पर खतरा मंडरा रहा था। वहीं, अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार किसी भी राष्ट्रविरोधी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी। देश की शांति, व्यवस्था और संप्रभुता के खिलाफ काम करने वालों को करारा जवाब दिया जाएगा।



### होसबाले बोले-देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा

■ नोएडा में कहा-कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया नहीं
■ हमारा दायित्व बनता है कि हम पूरे भारत में शांति स्थापित करें
■ भारत में तरह-तरह के विमर्श नरेटिव के रूप में चलाए जाते हैं

## ठीक करना पड़ेगा! देश को इंडिया नहीं, कहना चाहिए भारत

एजेंसी ■ नोएडा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि अपने देश को इंडिया नहीं, भारत कहना चाहिए। इसे ठीक करना पड़ेगा। देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा है। इसे ठीक करना ही पड़ेगा। भारत है, तो भारत ही कहो। होसबाले नोएडा में विमर्श भारत का पुस्तक के विमोचन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्या भारत एक जमीन का टुकड़ा है। या संविधान से चलने वाला केवल एक भारत। केवल ऐसा नहीं है। भारत एक जीवन दर्शन है। आध्यात्मिक प्रतिभूत है। विश्व को संदेश देने वाला विश्वगुरु है। होसबाले ने कहा कि पिछले दिनों सरकार ने जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति आवास पर भोज के लिए निमंत्रण में रिपब्लिक ऑफ भारत लिखा गया। कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया यानी भारत का संविधान, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी भारत का रिजर्व बैंक। इस पर सवाल उठना चाहिए।



### इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया

होसबाले ने कहा कि आज भारत पूरी तरह से स्वतंत्र है, उसका मस्तिष्क स्वतंत्र है। पूरी दुनिया में विमर्श की लड़ाई है। पहले के दशकों में पढ़ाया जाता था कि भारत का गणित और विज्ञान के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं। भारत के इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया है, जबकि इसका इतिहास समृद्धि से भरा पड़ा है।

**महाराष्ट्र में शुरुआत** हलाल के जवाब में मल्हार मटन, होली से पहले सियासी लड़ाई, किसी ने किया विरोध तो किसी ने स्वागत

## सिर्फ हिंदू बेचेंगे झटका मांस...सरकार देगी मल्हार सर्टिफिकेट

### मंत्री नितेश राणे ने कहा-हिंदू ग्राहकों को झटका मांस खरीदने में होगी आसानी

एजेंसी ■ मुंबई

देश में हलाल सर्टिफिकेशन के जवाब में होली के त्योहार से पहले मुंबई में मल्हार सर्टिफाइड यानी झटके वाली मीट की दुकानें खुल गई हैं। मल्हार सार्टिफिकेशन की पहल महाराष्ट्र के मत्स्य पालन और बंदरगाह कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने की है। सर्टिफाइड दुकानों की लिस्ट भी वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसमें बताया गया है कि मल्हार सर्टिफाइड मटन खटीक समुदाय के वेंडर के पास ही उपलब्ध है। वेबसाइट में बताया गया है कि यह प्लेटफॉर्म उन मटन विक्रेताओं को बढ़ावा देता है जो बकरा या भेड़ को काटते के दौरान सख्त हिंदू धार्मिक प्रथाओं का पालन करते हैं। हलाल प्रोडक्ट में भी इस्लामी मान्यताओं का ख्याल रखने का दावा किया जाता है। राणे की इस पहल की एनसीपी एसपी नेता जितेंद्र आह्वाड ने आलोचना की है, जबकि शिंदे सेना और भाजपा ने समर्थन किया है। सपा के नेता रईस शेख ने भी चौंकाते हुए इसका स्वागत किया है।



### सिर्फ मटन के लिए मल्हार

आधिकारिक तौर से मल्हार सर्टिफिकेशन मटन यानी गोश्त का ही किया गया है, जबकि हलाल सर्टिफिकेशन में फूड प्रोडक्ट के अलावा कपड़ा, साबुन, चाय, तेल, शैंपू जैसे उत्पाद शामिल हैं। मल्हार वेबसाइट पर मौजूद दुकानों की संख्या भी गिनी चुनी है, मगर आने वाले कुछ वर्षों में यह सिस्टम गली-मुहल्लों में दिखने लगे तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। यह अभी हलाल के मुकाबले खड़ा नया ब्रांड है, जिसे यह खाने के तौर-तरीकों से अधिक वैचारिक प्रतिस्पर्धा के तौर पर स्थापित करने की कोशिश है।

### इनका कहना है....

हिंदू दुकानदारों को झटका मटन का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। अब कोई मिलावट नहीं होगी। हम सुनते थे कि कुछ लोग इसमें थूकते हैं जो अब नहीं हो सकेगा। इस मल्हार प्रमाणीकरण का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए।

**नीतेश राणे, मत्स्य पालन मंत्री**

मैं नितेश राणे से क्या कहूं। अब वे बड़े मंत्री बन गए हैं। वे जो कह रहे हैं, वह उनका निजी विचार है। हमारी विचारधारा शाहू, फुले, अंबेडकर की है, हम उसी पर चलते रहेंगे।

**अमोल मिटकारी,एनसीपी एमएलसी**

पहली बार मंत्री नितेश राणे ने विकल्प का समर्थन किया है। अगर लोगों को मल्हार का मांस चाहिए तो वे इसे खा सकते हैं। अगर वे चाहें तो इसे खा सकते हैं। क्या सरकार मल्हार के उनके इस रुख का समर्थन करती है।

**रईस शेख, सपा विधायक**

देखिए लोग क्या खाना चाहते हैं, यह उनकी पसंद है। यह अच्छी बात है कि मंत्री नितेश राणे ने इस विषय को उठाया है। विपक्ष बिना किसी कारण के इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहा है।

**राम कदम, भाजपा विधायक**

## एनकाउंटर में मारा गया झारखंड का गैंगस्टर अमन साव

■ रायपुर से रांची ले जाते समय गैंग ने किया हमला
■ एसटीएफ की राइफल छीनकर भाग रहा था

एजेंसी ■ रांची

झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव का एनकाउंटर हो गया है। मंगलवार सुबह रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था। इसी दौरान अमन गैंग के अपराधियों ने अमन को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए हमला किया। पुलिस के वाहन पर दो बम फेंके गए। फायरिंग की गई। इसी दौरान अमन ने राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में अमन मारा गया। एसटीएफ के हवलदार राकेश के पैर में भी गोली लगी है। मुठभेड़ पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में सुबह 9:30 बजे हुई पलामू एसपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर एंबुलेंस भेजी गई। घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र में हुई है। अमन रायपुर के बड़े बिल्डर प्रह्लाद राय अग्रवाल पर हमले के मामले में रायपुर जेल में बंद था।



## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने पूर्व विधायक सुरेन्द्रनाथ सिंह के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्रनाथ सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि शोक की इस घड़ी में सबकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. सुरेन्द्रनाथ सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। सिंह ने अपने व्यवहार, स्नेह एवं आत्मीयता से सम्मान प्राप्त किया और कार्यकर्ताओं के बीच अलग छवि बनाई। आमजन के बीच वे 'मम्मा' के नाम से लोकप्रिय थे। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजन को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ समाज सेवियों के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सतना में वरिष्ठ समाजसेवियों के निधन पर उनके परिजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगतों के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सतना में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य स्व. लक्ष्मी यादव के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर परिजन से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी स्व. लक्ष्मी यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीएम ने पंडित रामदास मिश्रा के मुख्त्यारगंज स्थित निवास पर उनकी धर्मपत्नी स्व. सावित्री देवी मिश्रा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया।

### छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणस्रोत वीर शिरोमणि छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अद्वितीय वीरता और मातृभूमि की रक्षा के लिए वीर शिरोमणि छत्रपति संभाजी का बलिदान सदैव राष्ट्र और धर्म की सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

25 लोगों की टीम ने तीन महीने में तैयार किया बजट, किसान, महिला, युवा और गरीब पर रहेगा फोकस

# वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा आज पेश करेंगे सातवां बजट



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार का दूसरा बजट बुधवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विधानसभा में पेश करेंगे। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का यह सातवां बजट है। इस बार का बजट प्रधानमंत्री के मंत्र किसान, महिला, युवा और गरीब पर फोकस रहेगा। वित्त विभाग सभी विभागों का आकलन करने, फीडबैक लेने, अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चा करने और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने के बाद तैयार किया जाता है।

करीब चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट 25 लोगों की टीम ने तीन महीने में तैयार किया है। इसमें सरकार जनता की सहभागिता के लिए उनके और विशेषज्ञों के साथ भी बैठक कर सुझाव लेती है। इसके बाद मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के अधिकारी बजट के तैयार प्रस्ताव पर चर्चा कर इसे फाइनल करते हैं। वर्ष 2025-26 के बजट को मुख्य सचिव अनुराग जैन, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सचिव लोकेश जाटव और बजट संचालक तन्वी सुन्द्रियाल की टीम ने तैयार किया है।

अनुराग जैन के नेतृत्व में ही बजट तैयार किया गया है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन अभी मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव हैं। उनकी बजट में महारत है। वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव रह चुके हैं। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं। बताया जाता है कि जैन पीएमओ में पदस्थ रहने के दौरान वित्त से संबंधित काम देखते रहे हैं। ग्वालियर में जन्मे जैन ने बीटेक की पढ़ाई की है। प्रदेश के वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी हैं। उनके नेतृत्व में ही वित्त विभाग की टीम ने बजट तैयार किया है। फिलहाल बजट टीम के मुख्य कर्ता धर्ता वे ही हैं। इंदौर में जन्मे रस्तोगी ने बीटीके की पढ़ाई की है।

### जाटव ने निभाई अहम भूमिका

मध्य प्रदेश वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव की भी बजट निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। वे इंदौर में वाणिज्यकर विभाग के आयुक्त भी रह चुके हैं। 2004 बैच के आईएएस अधिकारी लोकेश जाटव कई जिलों में कलेक्टर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, राज्य शिक्षा केंद्र में आयुक्त, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में सचिव रह चुके हैं। बैतूल में जन्मे जाटव ने स्नातक तक की पढ़ाई की है।

### तन्वी ने ली सभी विभागों से जानकारी

बजट 2025-26 तैयार करने में सबसे अहम रोल आईएएस अधिकारी तन्वी सुन्द्रियाल का है। वित्त विभाग में बजट डायरेक्टर सुन्द्रियाल ने ही सभी विभागों से जानकारी लेकर उसको आगे बढ़ाया। 2010 बैच की आईएएस अधिकारी तन्वी सुन्द्रियाल के नाम मध्य प्रदेश की पर्यटन नीति तैयार करने, डिजिटल मार्केट की शाखाएं खड़ी करने से लेकर कई उपलब्धियां हैं। झारखंड के रांची में जन्मी तन्वी सुन्द्रियाल ने बीई की पढ़ाई की है।

# ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचानः सीएम

'एक जिला-एक उत्पाद' कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने अहम कदम, स्थानीय कारीगरों को मिलेगा ग्लोबल-वोकल सपोर्ट



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'एक जिला-एक उत्पाद' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में पीएम मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है। एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया। जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे। ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सेंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी।

### मध्यप्रदेश के विशिष्ट ओडीओपी उत्पाद

मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें बुरहानपुर का केला, ग्वालियर के आलू आधारित उत्पाद और स्टोन टाइल्स, खरगोन की मिर्च उत्पाद, मंदसौर के लहसुन उत्पाद, नीमच के धनिया उत्पाद, सतना के टमाटर आधारित उत्पाद, मुरैना की गजक और सरसों उत्पाद, इंदौर के आलू आधारित उत्पाद, भोपाल के अमरूद उत्पाद, चंदेरी की साड़िया, महेश्वर की साड़ियां और हथकरघा उत्पाद, टीकमगढ़ के मिट्टी शिल्प और हस्तशिल्प उत्पाद और धार के बाग प्रिंट शामिल है।

### एक्सपो में निवेशकों और उद्यमियों में संवाद

एक्सपो में निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच संवाद का अवसर मिला, जिससे प्रदेश के कारीगरों और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा विदेशी निवेशकों से हुए मेल-मिलाप ने प्रदेश के उत्पादों को ग्लोबल व्यावसायिक मंच देने की आधारशिला रखी गई है। जीआईएस, भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो ने यह साबित कर दिया कि मध्यप्रदेश के पारंपरिक उत्पादों में वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है। यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### इन उत्पादों को मिला जीआई टैग

बाग प्रिंट, बालाघाट का चिन्नौर चावल, दतिया और टीकमगढ़ बेल धातु का कार्य, चंदेरी साड़ी, गोंड पेन्टिंग, ग्वालियर के हैन्डमेड कारपेट, जबलपुर का पत्थर शिल्प, झाबुआ का कड़कनाथ, इंदौर के चमड़े के खिलौने, माहेश्वरी की साड़ी, मुरैना की गजक, रतलामी सेव, रीवा का सुन्दरजा, उज्जैन का बटिक प्रिंट, सीहोर का शरबती गेहूँ, वारासिवनी की हेण्डलूम साड़ी, डिण्डोरी के मेटल वर्क को जीआई टैग मिला है।

## पशुओं की चिकित्सा के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां जरूरी




### पशु पालन राज्यमंत्री ने किया दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा है कि पशुओं की बीमारियों के समुचित इलाज के लिए वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग भी जरूरी है। वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण मनुष्यों एवं पशुओं में जीवाणु रोधी दवाइयां के प्रति प्रतिरोधकता का बढ़ना महामारी का रूप ले रहा है, जो एक भयानक वैश्विक खतरा बनता जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एवं एंटीबॉयोटिक के दुरुपयोग से इसका दुष्प्रभाव मनुष्य एवं पशुओं में देखा जा रहा है, जिसके कारण एएमआर की वैश्विक समस्या उत्पन्न हो गई है। अल्टरनेट वेटरिनरी प्रैक्टिस जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा इत्यादि का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे कम खर्च पर आसानी से पशुओं की बिना किसी दुष्प्रभाव के चिकित्सा की जा सकती है।

पशु पालन राज्यमंत्री ने मंगलवार को होटल पलाश रेसीडेंसी में पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के 13 विषय विशेषज्ञ और लगभग 100 से अधिक विभागीय अधिकारी शामिल हुए। पटेल ने कहा कि भारत में आदिकाल से पारंपरिक एवं वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता था, जिसे पुनः पशुओं की चिकित्सा में बढ़ावा देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दो दिवसीय इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के विचार मंथन से पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुझाव आयेंगे।

### ग्रामीण बसाहटों को शहरी सड़कों से जोड़ेगी सरकार

**भोपाल।** प्रदेश की सौ से अधिक जनसंख्या वाली ग्रामीण बसाहटों को राज्य सरकार शहरी सड़कों से जोड़ेगी। इसके लिए केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम ग्राम सड़क योजना, पीएम जनमन योजना, सीएम ग्राम सड़क योजना, सुदूर ग्राम सड़क संपर्क योजना से विभिन्न क्षेत्रों में 500, 250 एवं 100 से अधिक जनसंख्या की बसाहटों में सड़क संपर्कता प्रदान की जा रही है। ऐसी ग्रामों की बसाहटें जो बारहमासी सड़कों से कनेक्टेड नहीं हैं, उनका चिह्नांकन का कार्य एमपी इलेक्ट्रानिक विकास निगम ने सेटेलाइट मैप से किया है और अब इनका भौतिक सत्यापन मैदानी स्तर पर किया जाना है। सभी जिला पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिया है कि वे संपर्कता सर्वे मोबाइल एप के माध्यम से ऐसी ग्रामीण बसाहटों का भौतिक सत्यापन कराएं।

राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव

# भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों से करेगा बातचीत

सत्ता सुधार ■ भोपाल




भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है, जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएंः सिलावट

30 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान



सत्ता सुधार ■ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि हर घर स्वच्छ पेयजल और खेती के लिए हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं के बाद तासी मेगा बेसिन परियोजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्देश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया। सिलावट ने मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग में प्रदेश में 32 वृहद, 120 मध्यम एवं 5 हजार 800 लघु जल संरचनाएं हैं। इनमें बनाए गए बांधों की नहर प्रणाली 40 हजार किलोमीटर की है जिनमें 16 हजार किलोमीटर पक्की और 24 हजार किलोमीटर कच्ची नहरें हैं। इन नहरों से सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाना है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। यहां की चंदेल कालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है। जल संसाधन संभाग छतरपुर में 44, टीकमगढ़ में 71 और पन्ना में 5 चंदेल/बुंदेलकालीन तालाब हैं। अभियान के अंतर्गत इन सभी का संरक्षण किया जाना है।

**बजट सत्र** | कांग्रेसी विधायक सांप लेकर पहुंचे विधानसभा, लगाए आरोप

# हजारों पद खाली, प्रदेश के युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार

### अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अधिकारी गायब, विपक्ष का हंगामा

सत्ता सुधार ■ भोपाल



विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर गंभीर सवाल दागे। उन्होंने कहा, यह लापरवाही की पराकाष्ठा है! जब राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है, तब किसी भी विभाग का प्रमुख सचिव मौजूद नहीं है। क्या सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है? नेता प्रतिपक्ष के इस हमले पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने सफाई दी कि मुख्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री सतना दौरे पर हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को इसकी सूचना दे दी थी। लेकिन विपक्ष इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने टोकरी में सांप और रोजगार के नारों के साथ भाजपा सरकार का घेराव किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी के नाम पर सांप की तरफ डस रही है। ये सरकार सांप की तरह कुंडली मारकर बैठी है और प्रदेश के युवाओं के लिए सांपनाथ बन गई है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस आक्रामक नजर आई और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने टोकरी में सांप और तख्तियां लेकर सांकेतिक तौर पर रोजगार देने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया।

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। सभी सरकारी विभागों जैसे पुलिस, शिक्षा, इरिगेशन और स्वास्थ्य में भर्तियां रुकी हुई हैं। अकेले शिक्षा विभाग में 70 हजार से ज्यादा पद खाली हैं, लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी के नाम पर सांप की तरफ डस रही है, ये सरकार सांप की तरह कुंडली मारकर बैठी है और प्रदेश के युवाओं के लिए सांपनाथ बन गई है। उन्होंने कहा इसलिए हमने युवाओं के रोजगार के मुद्दे को लेकर ये सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का काम किया है।

### विपक्ष का सदन से वॉकआउट

सभापति अजय बिश्नोई ने सरकार के पक्ष में कहा कि सदन में पूरी जिम्मेदारी मंत्रियों की होती है और वे यहां मौजूद हैं, लेकिन विपक्ष इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन के बाहर कांग्रेस विधायकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इसे तानाशाही रवैया करार दिया।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिए गए सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी का मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने गत एक वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 सालों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षितिज सिंघल उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सागर नगर के संपूर्ण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप, श्रीमती नीलम चौधरी सहित पुलिस बल मौजूद था। सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा ने बताया कि होली, रंग पंचमी एवं रमजान को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सभी थाना प्रभारियों द्वारा शांति समिति की बैठकों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी वर्गों की व्यक्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### खुरई में पूर्व एनएसजी कमांडो व भाजपा पार्षद पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**खुरई/सागर।** शहर थाना क्षेत्र के एक वार्ड में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिसके खिलाफ़ शिकायत हुई है वह पूर्व एनएसजी कमांडो व खुरई नगर पालिका में भाजपा पार्षद मनोज राय है। पुलिस ने मामले में फरियादी की शिकायत पर मामला भी दर्ज कर लिया है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उक्त मामले की जानकारी शीघ्र बताएंगे। इसी बीच नाम नहीं छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि आरोपी पूर्व एन एस जी कमांडो दोपहर में थाने में ही मौजूद था। वह शाम करीब 4:30 बजे शहर थाना में से दौड़ लगाकर भाग निकला।

### वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से संग्रहित खैर की 67 नग लकडी जब्त



**बंडा/सागर।** वन परिक्षेत्र बण्डा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से संग्रहित खैर की लकडी को पकडने में सफलता हासिल की। वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास सेठ ने बताया बीट निहानी अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से संग्रहित खैर की लकड़ी 67 नग जप्त कर वन अपराध क्रमांक 5442/23 पंजीबद्ध किया गया । खसरा क्रमांक 421 एमपी किसान एप अनुसार भारत यादव ग्राम निहानी के नाम पर दर्ज है, मौके पर जब्ती कार्रवाई के दौरान भारत यादव साकिन निहानी अन्य साथियों के साथ मौके पर आए तथा वन स्टाफ को धमकाते हुए कहा कि मौके से लकड़ी कहीं नहीं जायेगी एवं विवाद की स्थिति निर्मित करते हुए वन स्टाफ को धमकाते हुए अभद्रता की, विवाद की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी बण्डा से संपर्क कर पुलिस का सहयोग लेकर कार्रवाई की गई मौके पर अवैध रूप से संग्रहित वनोपज टैक्टरों से परिवहन कराकर शासकीय अभिरक्षा में रखी गई। उक्त मामला वन अपराध प्रकरण में विवेचना जारी है।

# ननि आयुक्त एवं कर्मचारी संघों के बीच हुई चर्चा उपरांत वेतन एवं अन्य मांगों के निराकरण पर बनी सहमति

सत्ता सुधार ■ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में नगर निगम कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के निराकरण एवं समय पर वेतन भुगतान के संबंध में नगर निगम के सभी संघों म.प्र.न.नि. / न.पा.कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू, जिलाध्यक्ष सईद उद्दीन कुरैषी,नगर निगम कर्म.कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक, म.प्र.न.नि./न.पा.कर्म.संघ की इकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र, सफाई कामगार यूनियन सुदेश सनकत, सुरेन्द्र महावत, वाहन चालक अध्यक्ष ओमकार शर्मा, कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न कर्मचारियों संघों द्वारा अनुसार 18 सूत्रीय मांगों पर बिन्दुबार चर्चा उपरांत निगमायुक्त ने कर्मचारियों के वेतन भुगतान करने सहित सभी मांगों के निराकरण हेतु सहमति प्रदान की एवं कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष प्रत्येक तीन माह में मांगों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें बिन्दुओं का निराकरण किया जायेगा। बैठक में प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु बिन्दुबार लिखित पत्र संघ को दिया जावे। बैठक में सौहार्द पूर्ण चर्चा उपरांत राजेन्द्र सनकत ने समस्त कर्मचारी संघों की ओर से निगमायुक्त राजकुमार खत्री का आभार व्यक्त किया।

**इन मांगों पर बनी सहमतिः** नगर निगम में कार्यरत समस्त कर्मचारियों, प्लेसमेंट श्रमिकों का बकाया वेतन होली पूर्व के पूर्व अनिवार्य रूप से किये जाने, निगम परिषद निर्णय अनुसार सभी कर्मचारियों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिये जाने, मृत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को भी क्रमोन्नति का लाभ दिये जाने,उच्चतम न्यायालय के आदेश के अध्याधीन अनुसार रिक्त पदों पर पदोन्नति किये जाने, स्थायीकर्मी कर्मचारियो को रिक्त पदों पर नियमित करने, भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाषन अनुसार दैनिक वेतन कार्यभारित कर्मचारियो की ग्रेच्युटी 10 लाख रूपये किये जाने के संबंध शासन को पत्र भेजने एवं मांगों के संबंध में समिति गठित कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के सचिव माधव प्रसाद चढार, उपाध्यक्ष,श्रीमति शकुन्तला गोस्वामी सहित भोलाप्रसाद करोसिया, बाबू मछंदर, रमेश बोयत, सुनील तिलंगा, घटारेश्रीमति जया श्रीवास्तव, सूरज मछन्दर, मनोज चौबे, विकास उपाध्याय,आशुतोष सोलंकी, राजेश चौबे थे।

# पत्रकारों के समर्थन में जिला आपे ई रिक्शा यूनियन पहुंचा कलेक्ट्रेट कार्यालय

## पत्रकार को न्याय ना मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

सत्ता सुधार ■ सागर



पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ हुई अभद्रता के विरुद्ध पूरे शहर की जनता के अब तानाशाही के विरुद्ध विगुल फूंक दिया है, शहर भर में पक्ष विपक्ष समेत, सभी सामाजिक संगठन और आम जनता भी पत्रकारों के समर्थन में सड़कों पर उतर चुकी है और तानाशाही के विरोध में दहाड़ रही है। इस संबंध में आज ई रिक्शा आपे यूनियन सागर ने कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर पत्रकार मुकुल शुक्ला को न्याय दिलाने की मांग की है।आपे यूनियन अध्यक्ष मिश्रीचंद गुप्ता ने कहा कि पत्रकार के साथ अगर भ्रष्ट अधिकारी ऐसा व्यवहार करते हैं तो आम व्यक्ति के साथ किस तरह का व्यवहार होता होगा? आपे यूनियन के साथ साथ स्कूल बस यूनियन ने भी पत्रकार के समर्थन में आवेदन करते हुए न्याय की मांग की। सभी संगठनों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द पत्रकार पर लगाए गए झूठे प्रकरण का निराकरण नहीं किया जाता और भ्रष्ट अधिकारी पर एफआईआर नहीं की जाती तो सागर की सड़कों पर पूरा शहर दिखाई देगा और प्रशासन के विरुद्ध ऐतिहासिक प्रदर्शन किया जायेगा।जिला स्कूल बस यूनियन अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे ने कहा कि ऐसे ही खनिज अधिकारी जो पत्रकार के साथ मारपीट गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं पर तत्काल कार्रवाई हो। पुलिस ने बिना कोई पक्ष जाने पत्रकार मुकुल शुक्ला और उनके साथी पर मामला दर्ज किया। पत्रकार मुकुल शुक्ला और उनके साथी के साथ खनिज अधिकारी अनित पांडे द्वारा की गई अभद्रता और गाली गलौज का मामला लगातार बढ़ता ही जा रहा है।जहां लगातार छठवें दिन भी पत्रकारों का आंदोलन जारी रहा और पत्रकारों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के बाद अब अटल पार्क में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा को ज्ञापन सोपा है।दरअसल बीते दिनों सागर में खनिज अधिकारी अनित पांडे के द्वारा पत्रकार मुकुल शुक्ला और उनके साथी के साथ अभद्रता और गाली गलौज का मामला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जहां छठवें दिन पत्रकारों ने फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के बाद अटल पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा को ज्ञापन सोपा।पत्रकारों का कहना है कि गोपालगंज थाना पुलिस ने बिना कोई पक्ष जाने पत्रकार मुकुल शुक्ला और उनके साथी पर मामला दर्ज कर लिया जबकि अब तक खनिज अधिकारी अनित पांडे पर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।इस पूरे मामले को लेकर लगातार पत्रकार आंदोलन कर रहे और जब प्रशासन इन पत्रकारों की नहीं सुन रहा है तो अब पत्रकारों ने अनोखे अंदाज में बीते दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा को ज्ञापन सोपा और आज अटल पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा को ज्ञापन दिया पत्रकारों का कहना है कि जब प्रशासन मुख दर्शक बना हुआ है जिसके चलते शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थापित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

अधिकारी ने गलत किया ,उस पर कार्यवाही होनी चाहिए- जिलाध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत हम पत्रकारों के साथ हैं, पत्रकारों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत से पूछा गया कि इतने दिन से पत्रकार आंदोलन कर रहे हैं ज्ञापन दे रहे हैं तो उसके बाद भी खनिज अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही तो उन्होंने कहा कि हमें पूरा डिटेल मालूम नहीं है ऐसा हुआ है तो हम सब लोग जिस अधिकारी ने गलत किया उस पर कार्यवाही चाहेंगे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष को दी जानकारी



मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्न को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि निश्चित रूप से पत्रकार के साथ किया गया बर्ताव निंदनीय है, इसको लेकर जिला भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी द्वारा एक पत्र जारी किया गया था,इसको लेकर हमने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष से यथा योग्य स्थान पर बातचीत की है। यह गलत है कोई प्रशासनिक अधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि इस देश के चौथे स्तंभ पत्रकारों के साथ बदतमीजी अभद्रता करें।इसकी में निंदा करता हूं यथायोग्य स्थान पर बातचीत हुई है सारे जनप्रतिनिधि सारे लोग आपके साथ खड़े हैं,हम सब लोग आपके साथ खड़े हैं। अधिकारी पर कार्यवाही हो एवं पत्रकार साथी के साथ न्याय हो- श्रीकांत जैन मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने कहा कि हम सब राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सागर शहर की आम जनता भी सभी पत्रकारों के साथ है।हम पहले दिन से ही देख रहे हैं कि पत्रकारों के समर्थन में शहर की जनता है आगे आ रही है। सभी अपने-अपने स्तर पर प्रयास में है अधिकारी पर कार्रवाई हो हमारे पत्रकार साथी को न्याय मिले।

# खुरई में एक और दो रुपए के सिक्के चलाने की मांग

## 12 आवेदको ने मांग और शिकायत के आवेदन दिए



सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर

मंगलवार के दिन जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें 12 आवेदको ने मांग और शिकायत के आवेदन दिए। कुमरोल निवासी व्यक्ति ने किसान सम्मान निधि नहीं मिलने, वार्धा निवासी पुष्पेंद्र कुर्मी ने दुकान नीलामी संबंधी, जेरुवा निवासी ओमप्रकाश धानक ने अनावेदकों द्वारा मकान की दीवार तोड़कर जबरन कब्जा करने के संबंध में आवेदन किया। खिरिया थान सिंह के ग्रामीणों ने गांव की बाहर और स्कूल के पास बोरवेल करने की मांग की। मूरत सिंह और जितेंद्र सिंह कुर्मी ने राहतगढ़ रोड स्थित ऑटो डोरियम के पास रोड निर्माण के संबंध में आवेदन किया। खुरई के छोटे लाल विश्वकर्मा ने अनावेदक द्वारा शराब पीकर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में, बिलैया निवासी आरतीउर्फ स्वाति दांगी ने फार्मर आई डी के संबंध में शिकायत की। इसके अलावा राकेश सिंह बाथरी अधिवक्ता ने जनसुनवाई में आवेदन दिया है कि खुरई में ?1 और ?2 के सिक्के दुकानदार नहीं ले रहे हैं। दुकानदार और व्यापारी सिक्की नहीं लेने पर भारतीय मुद्रा का अपमान कर रहे हैं। अधिवक्ता ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि आप जिला कलेक्टर को आवेदन करें जिससे ?1 और ?2 का सिक्का बाजार में पूर्व की तरह चले। किसान संघ ने एमएसपी खरीद करके शीघ्र चना खरीदी कर भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया। गोरख गांव के निवासियों ने मंदिर से लगकर लैट्रिंग बाथरुम का निर्माण करने से रोके जाने व निर्माण कर हटाने के संबंध में आवेदन दिया। सिमरिया के कृष्ण गोपाल पिता शंकर लाल पांडे ने गांव में स्थित हनुमान जी मंदिर का पुजारी होने का पारिश्रमिक राशि प्रतिमाएं प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा भी अन्य आवेदन आए है। मौके पर बैठे अधिकारी ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र निराकरण करने का शासन दिया। सभी आवेदनों को विभागबार सौंपकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार द्वारा रंगपंचमी पर संगीतमय विराट कवि सम्मेलन होगा




**सागर।** रंगपंचमी विराट कवि सम्मलेन कार्यक्रम का हिंदी और हास्य रस प्रेमियों को वर्ष भर इंतजार रहता है। इस वर्ष 19 मार्च, बुधवार को गुजराती बाजार नगर निगम मार्किट प्रथम तल पर होगा। इसकी तैयारियां मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। 19 मार्च, बुधवार को होने वाले कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि नारायणदास निरंकारी, हरगोविंद विश्व, डॉ.गजाधर सागर, पूर्व विधायक सुनील जैन, डॉ.सुरेशचंद रावत, प्रमेन्द्र रिछारिया, समाजसेवी नेवी जैन, मनोज जैन, समाजसेवी निर्मल भोले, अजय मोहनानी, पंकज मुखारया रहेंगे रहेंगे। वहीं कवि काशीराम अबोध, एम्.डी.त्रिपाठी, डॉ.महेंद्र खरे, पी.आर.मलैया, प्रभात कटारे, डॉ.नलिन जैन, चम्पक भाई जैन, जगदीश सागर कविता पाठ करेंगे।हर वर्ष की तरह इस 23 वे वर्ष रंगपंचमी 19 मार्च 2025 को शाम 5 बजे नगर निगम मार्किट के प्रथम तल मनवानी स्टूडियो पर मनवानी फिल्म्स एवं सिन्धु संस्कार समिति के तत्वावधान में संगीतमय हास्य विराट कवि सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की रंगपंचमी पर मनवानी फिल्म्स हर साल यह कार्यक्रम करता है । कवि सम्मलेन तो एक बहाना है बल्कि शहर के कवि एक दूसरे से मुलाकात कर यादें ताजा करते है, और एक दूसरे से मिलते है। कार्यक्रम का सञ्चालन एड. महेश नेमा व स्वाति जैन करेंगे । वयोवृद्ध झामनदास मोटवानी, अजय पंजवानी, अनिल जसवानी, अनिल गंगवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की जानीमानी हस्तियों में अजय मोहनानी, निर्मल भोले, मोहनलाल सडानी, पप्पू तिवारी, आकाशवाणी कलाकार जगदीश सागर, ब्रजकिशोर पुरोहित, नवीन मोटवानी, लालचंद मेठवानी, विशाल पंजवानी, संतोष माधवानी, रवि सुंदरानी, अनिल लालवानी, मुकेश परयानी, सुनील मनवानी, रुपेश मनवानी आदि ने सभी शहर के कवियों से आग्रह किया है अपना कार्यक्रम समझकार इस रंगारंग कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# सेंट मैरी स्कूल ने कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों को पिकनिक में शामिल होने के लिए बुलाया



**देवरी/सागर।** सेंट मैरी स्कूल ग्राम राजोल में आए दिन कुछ ना कुछ शिकायत चलती रहती है।अभिभावकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सेंट मैरी स्कूल के WhatsApp group class VI एसएमसी 2024-25 के माध्यम से अभिभावकों को सूचना दी गई की, प्रिय अभिभावकों,आप सभी को सूचित किया जाता है कि कल, दिनांक 11 मार्च 2025, को कक्षा 6 और 7 के विद्यार्थियों को बीना जी धाम पिकनिक पर ले जाया जाएगा।विद्यार्थियों को सुबह 8 बजे विद्यालय पहुंचना अनिवार्य है। पिकनिक का समय विद्यालय के समय में ही रहेगा सुबह 8:00 बजे से सुबह 11:30 बजे तक ही रहेगा। महत्वपूर्ण निर्देश- सभी विद्यार्थी शनिवार वाली हाउस ड्रेस पहनकर आएंगे।, टिफिन और पानी की बोतल साथ लाना आवश्यक है।,अभिभावकों का सहमति पत्र जमा होना अनिवार्य है।,जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों का सहमति पत्र जमा नहीं किया है, वे इसे व्हाट्सएप के माध्यम से अपने कक्षा शिक्षक को भेज सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का सहमति पत्र जमा नहीं होगा, उन्हें पिकनिक पर नहीं ले जाया जाएगा। तो वह विद्यार्थी कल घर पर ही रहे विद्यालय ना आए।कृपया सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे समय पर विद्यालय पहुंचें और सभी आवश्यक वस्तुएं साथ लाएं।धन्यवाद। व्हाट्सएप ग्रुप की सूचना के बाद जब कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थी स्कूल पहुंचे तो केवल कक्षा 7 के विद्यार्थियों को ही पिकनिक पर ले जाया गया जबकि कक्षा 6 के बच्चों को पिकनिक पर नहीं ले जाया गया जिसको लेकर बच्चे परेशान होते रहे वहीं अभिभावकों ने भी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि इस प्रकार से सूचना देने के बाद स्कूल प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को शामिल नहीं किया गया यह गलत है।

**कार्यक्रम** | निज स्वार्थ के लिए कॉंग्रेस ने देश को बार-बार चुनाव कराने की प्रक्रियाओं में उलझा दिया

# आज इस देश की मांग और आवश्यक है एक राष्ट्र एक चुनावः अहिरवार

सत्ता सुधार ■ सागर




भारत वर्ष में पिछले 60 वर्षो से कांग्रेस का शासन रहा और इस शासन व्यवस्था में हमने देखा आज़ादी के जो जीवन मूल्य हमारे आज़ादी के नायकों ने निर्धारित किए थे।उनमें बहुत गिरावट परिलक्षित हुई जब से आदरणीय मोदी जी देश में प्रधानमंत्री बने हैं तब से वह निरंतर निर्णयों के माध्यम से वो देश की गाड़ी को पुनः पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं जिसकी एक राष्ट्र एक चुनाव है÷ अहम कड़ी है यह बात एक राष्ट्र एक चुनाव है समिति के जिला संयोजक अधिवक्ता कृष्ण वीर सिंह ठाकुर ने सागर में आयोजित भाजपा नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,महापौर संगीता तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत नगर निगम वृंदावन अहिरवार ने भी संबोधन दिया।बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव समिति जिला सदस्य अधिवक्ता मनोज भाई जी,सभी नगर पालिका नगर पारिषद एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष जिला पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहें। बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी मनीष चौबे ने किया। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज देश की आवश्यकता है।बार-बार होने वाले चुनावों से देश की प्रगति और विकास कार्य प्रभावित होते हैं कांग्रेस तो संवैधानिक नियमों और प्रक्रियाओं का निरंतर उल्लंघन करती रही है कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए विधानसभाओं को भंग करना शुरू कर दिया। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के सतत विकास एवं समृद्ध लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा एक समृद्ध लोकतंत्र के लिए राजनीतिक स्थिरता आवश्यक है एक राष्ट्र एक चुनाव से राजकोश की भी भारी बचत होगी और शासकीय कार्य भी अनवरत जारी रहेंगे। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है भाजपा की सरकारें राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र हित के लिए काम करती है आज इस देश की मांग और आवश्यक एक राष्ट्र एक चुनाव है जिसे हमारी सरकार जल्द पूर्ण करेगी बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार,मिहीलाल अहिरवार,नन्हीबाई जनपद पंचायत अध्यक्ष पृथ्वी सिंह,बृजेंद्र सिंह ठाकुर,जमुना अहिरवार,उषा राय नगर परिषद अध्यक्ष मीना कुशवाहा,जयंत सिंह,शमीरा गुलाब अहिरवार,सुधा लोधी,जगन्नाथ गुरैया लक्ष्मन सिंह देवेन्द्र कटारे श्रीकांत जैन संध्या भार्गव नरेंद्र अहिरवार अभिमन्यु सोनी अंशुल परिहार देवेन्द्र फुसकेले उपस्थित रहें।

# मालथौन में पत्रकार पर फर्जी मुकद्दमा दर्ज होने के विरोध में सौपा ज्ञापन



**मालथौन/सागर।** पत्रकार से खनिज जिला अधिकारी द्वारा अभद्रता, गाली गलौज, एवं मारपीट की घटना को लेकर मालथौन तहसील पत्रकार संघ ने निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी मालथौन को ज्ञापन सौपा हैं।पत्रकारों ने कहा कि कलेक्टर एसपी चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं,सागर में पत्रकारों को न्याय नहीं मिल रहा है। न्याय दूर की बात है अधिकारी चैंबर से निकलकर ज्ञापन लेना भी मुनासिब नही समझ रहे हैं। आखिर प्रशासन एक दोषी अधिकारी को क्यों बचाने में लगा हुआ है। पत्रकार संघ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग करता है कि खनिज जिला अधिकारी अनिल पंड्या को निलंबित कर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि खनिज अधिकारी अनिल पंड्या पर आपराधिक मुकद्दमा दर्ज कर सस्पेंड किया जाएं।

## कांग्रेस नेत्री ने प्रदेश महासचिव पर लगाया गंभीर आरोप

# पार्षद का टिकट दिलवाने के बदले 10 लाख रुपए व एक रात गुजारने की डिमांड



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पार्षद का टिकट दिलवाने के लिए मुझसे 10 लाख रुपए नगद व एक रात साथ गुजारने की अनैतिक डिमांड की गई। यह गंभीर आरोप कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की महिला जिला अध्यक्ष ने एसपी के समक्ष पहुंचकर पार्टी के प्रदेश महासचिव पर लगाए हैं। यही नहीं नेत्री ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने पर एसपी ऑफिस में ही आत्मदाह करने की चेतावनी भी दी है।

एसपी ऑफिस पहुंची कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की महिला जिलाध्यक्ष ने शिकायत की है, कि उनकी पार्टी के प्रदेश महाचिव सुनील शर्मा द्वारा वर्ष 2021 से लगातार उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। यही नहीं नगर निगम चुनाव के वक्त उन्होंने जब सुनील शर्मा के खासमखास पार्षद विकास जैन से पार्षद का टिकट दिलवाने के लिए कहा, तो वह इसके एवज में वह 10 लाख रुपए कैश और श्री शर्मा के साथ एक रात बिताने की डिमांड करने लगे। जब मैंने उनकी यत बात मानने से इंकार किया, तो मुझे टिकट नहीं दिया गया। महिला ने पार्टी के लेटर हेड पर लिखित में यह शिकायत की है। जिसने चेतावनी भी दी है, कि अगर 15 दिन के भीतर उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह एसपी ऑफिस में ही आत्मदाह कर लेगी। जिसे पुलिस अफसरों ने जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

### आरोप कोई भी लगा सकता है लेकिन ईश्वर साक्षी

उक्त मामले में जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा से सत्तासुधार संवाददाता ने चर्चा की, तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, कि आरोप कोई भी किसी पर लगा सकता है, लेकिन ईश्वर साक्षी है, क्योंकि मैं भगवान में विश्वास करने वाला व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महिला सीधे मुझ पर आरोप नहीं लगा रही, वह किसी अन्य के माध्यम से यह बात कह रही है। फिर अगर ऐसा कुछ था, तो वह स्वयं चार साल से क्यों शांत बैठी थी। श्री शर्मा ने कहा कि हम खुद इस पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करने की मांग करते हैं।

## पर्यावरण बचाने गौकाष्ठ से जलाएं होली और स्वच्छता का रखें ध्यानः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** होली एकता और भाईचारे का त्यौहार है, शहरवासी होली के अवसर पर पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं तथा केवल गोबर के कंडे अथवा गौकाष्ठ से ही होली जलाएं तथा सूखे जैविक रंगों से ही होली खेलें और पानी का अपव्यय न करें। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखें कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 चल रहा है तो शहर भी गंदा न हो क्योंकि यह शहर हम सभी का है तथा इसे साफ रखने की भी जिम्मेदारी भी हम सभी की है। यह आग्रह नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने होली के त्यौहार एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर शहर के नागरिकों से अपील करते हुए किया। निगमायुक्त संघ प्रिय ने सभी शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि शहर में जितने भी स्थान पर होलिका दहन हो वह केवल कंडो अथवा गौकाष्ठ से ही हो, इसमें पेड़ अथवा लकडियों का उपयोग न करें। साथ ही होलिका के नीचे मिट्टी रखें जिससे सडक खराब न हो तथा होलिका के ऊपर कोई विद्युत आदि के तार न हों। इसके साथ ही होलिका यातायात में बाधक न हों। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने कहा कि शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को देखते हुए सभी नागरिकों से आग्रह है कि होली हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

# देश की आधी आबादी को मजबूत करने के लिए भाजपा मैदान में डटी हुई हैः जयप्रकाश राजौरिया



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत करने के लिए दी जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में विस्तार से समझाते हुए कहा कि भाजपा सदैव मातृशक्ति के लिए कार्य करती रही है और आगे भी देश की आधी आबादी को मजबूत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी मैदान में डटी हुई है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिला वित्तीय सशक्तिकरण के अंतर्गत लाभार्थी बहनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने वित्तीय सहायता प्राप्त बहनें श्रीमती सबा रहमान, सरला सक्सेना, फरजाना खान, प्रीति कुशवाहा, मुन्नी कुशवाहा, ममता शिंदे, कौशल्या कुशवाहा, सावित्री कुशवाहा, राखी जाधव, वंदना खटीक एवं सुमन परिहार का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, जिला प्रभारी उपेंद्र बैस, विनोद शर्मा, श्रीमती मंजू सिकरवार, श्रीमती खुशबू गुप्ता, जिला महामंत्रीद्वय डॉ. करुणा सक्सेना एवं श्रीमती किरणलता भदौरिया, रामेश्वर भदौरिया, श्रीमती लता सिंह, श्रीमती उषा चैहान, श्रीमती रुचिका श्रीवास्तव सहित महिला मोर्चा ग्वालियर की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संयोजन स्वाति अग्रवाल एवं शिल्पा खत्री ने किया।

## एसी कोच से शराब तस्कर गिरफ्तार, 32 ब्रांडेड बोतलें जब्त



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

होली के त्योहार से पहले रेलवे पुलिस फोर्स ने बडी कार्रवाई करते हुए उत्कल एक्सप्रेस के एसी कोच से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन बड़े बैग में हरियाणा से लाई गई 32 ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की बोतलें छत्तीसगढ़ ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई में आरपीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार कर शराब जब्त कर ली है। होली के मद्देनजर रेलवे में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए ट्रेनों में लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान सोमवार को आरपीएफ की टीम उत्कल एक्सप्रेस के एसी कोच बी- 5 की 5 नंबर सीट पर पहुंची, तो वहां तीन बड़े बैग संदिग्ध हालत में मिले। जब पुलिस ने सीट पर बैठे यात्री से बैग के बारे में पूछताछ की तो उसने दावा किया कि उनमें कांच की चूड़ियां हैं। शंका होने पर पुलिस ने जब बैग खोलने को कहा तो वह घबरा गया। इस पर पुलिस ने बैग की तलाशी ली, जिसमें अलग- अलग ब्रांड की 32 शराब की बोतलें बरामद हुईं। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए 15 मार्च तक हो सकेंगे पंजीयन, पंजीयन में गिरदावरी एप बना रोड़ा

**भितरवार।** किसानों द्वारा रवि विपणन 2025 को लेकर उपार्जित की गई गेहूं की फसल को समर्थन मूल्य पर बोनस के साथ विक्रय करने के लिए जहां 15 मार्च की तिथि पंजीयन के लिए निर्धारित की गई है लेकिन



भितरवार ब्लॉक में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए बनाए गए 14 खरीद केंद्रों पर किसानों को पंजीयन कराने में खसरा की गिरदावरी एप के अपडेट होकर न खुलने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते बनाए गए खरीद केंद्रों पर पंजीयन की रफ्तार काफी धीमी बनी हुई है जिसको लेकर निरंतर अधिकारी भी मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिक से अधिक किसानों के पंजीयन हो सके उसके प्रयास में जुटे हुए हैं। उसके बावजूद भी देखा जाए तो बनाए गए खरीद केंद्रों पर पंजीयन का प्रतिशत 15 से 20 प्रतिशत ही हो सका है। जबकि पंजीयन कराने के लिए किसानों के पास महज 2 दिन का ही समय बचा है। जिसको लेकर किसान परेशान है और चिंतित भी है।

## कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह 23 को

**ग्वालियर।** कायस्थ महापंचायत ग्रेटर ग्वालियर के महासचिव सतीश श्रीवास्तव दीनदयाल नगर सहसचिव डॉ. जितेंद्र सक्सेना द्वारा बताया है कि 23 मार्च को शाम 6:30 बजे पहुआ वाली माता, सागरताल रोड होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं महिला विंग रामा सक्सेना, स्मिता श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, रीना कुलश्रेष्ठ, सुरभि श्रीवास्तव, सरला श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव,संध्या निगम, माधवी श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, अर्चना सिन्हा, आरती माथुर, संध्या श्रीवास्तव, कांति सक्सेना, रंजन सक्सेना, दीप्ति सक्सेना, श्रद्धा भटनागर आदि ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

# घर पर काम करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिलाएं शक्ति का प्रतीक है। वह माता ,बहन, पत्नी एवं बेटी के रूप में समाज को सशक्त बनाती हैं। यह दिवस महिलाओं को समानता, न्याय और सम्मान के लिए प्रेरित करता है। स्त्री शक्ति मंच को आज उन महिलाओं का सम्मान करने का अवसर मिला जो हमारे घर के कार्यों मैं हाथ बंटाती है एवं अपने घरों को चलाने के लिए कार्य करती हैं। क्योंकि कहीं ना कहीं उनकी वजह से हम आज समाज में तथा अपने घरों में कार्य आसानी से कर पाते हैं। महिला दिवस का कार्यक्रम जीवायएमसी में मनाया गया। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सीमा शर्मा( महिला बाल विकास जॉइंट डायरेक्टर) विशिष्ट अतिथि विजेता चौहान (नगर निगम सहायक नोडल खेल अधिकारी) एवं सम्मानीय अतिथि डॉ. अनुराधा शर्मा, स्त्री शक्ति मंच की संस्थापक हनी शर्मा एवं अध्यक्ष प्रीति सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आरची शर्मा एवं शुभांशी के द्वारा गणेश वंदना से की गई। स्त्री शक्ति मंच की उपाध्यक्ष निधि मिश्रा ने अपने सुरीले गीत से सभी को मंत्र मुग्ध किया। स्त्री शक्ति मंच द्वारा 51 सम्मानित महिलाओं का सम्मान स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया एवं 200 से 250 महिलाएं जो हमारे घर के कार्यों मे मदद करती हैं। उनको साड़ियां देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की संयोजक गीता लक्षकार रहीं। सम्मानित महिलाएं जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में बहुत सत्य निष्ठा से कार्य किया उनमें कोमल बाथम, वंदना श्रीवास्तव, किरण भदौरिया,एकता शर्मा, राखी जैन, अंकिता उपाध्याय, रेनू सिंह, सपना राणा, अनुराधा शर्मा, आरती सिकरवार, डॉ. आभा द्विवेदी एवं स्वाति आदि शामिल हैं। साथ ही सोनिया शर्मा, कल्पना सिंह, सविता शर्मा, अर्चना सिंह, नीतू यादव, निधि मिश्रा, शक्ति सक्सेना, गीता लक्षकार, ऋतु लक्षकार ,सुषमा चतुर्वेदी, दीक्षा भदौरिया, निशा लक्षकार, अभिलाषा भदौरिया, स्वेच्छा भदौरिया, अभिलाषा चौहान, अनीता रावत, मोनिका सोनी, निधि मिश्रा, उषा सोमानी, पूजा पोरवाल, पूनम तिवारी, रिंकी लक्षकार, संगीता पांडे, उषा सोमानी, अंकिता आदि बहनों का सम्मान किया गया। सम्मान के साथ-साथ सभी महिलाएं एवं बहनों को गेम जैसे चेयर रेस, जलेबी रेस एवं लेमन रेस भी खिलाया गया। खेल के उपरांत, स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सचिव सोनिया शर्मा द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया।









## आमजन को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक, भरवाया स्वच्छता का फीडबैक

**ग्वालियर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विभिन्न संस्थानों एवं कॉलोनियों में जाकर छात्र-छात्राओं एंव आमजन को गीला सूखा कचरे अलग देने के लिए जागरूक करने के साथ ही स्वच्छता का फीडबैक भी लिया जा रहा है। आईईसी के नोडल अधिकारी मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था मयूज फाउंडेशन द्वारा अम्बेडकर कॉलेज, उद्यान एवं वार्ड 16 व 30 में व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी स्वच्छता संबंधी समस्याओं को समझा गया। सहायकों के माध्यम से नागरिकों के समक्ष गीले एवं सूखे कचरे को पृथक कर कचरा वाहन में डालने की प्रक्रिया प्रदर्शित की गई। साथ ही, नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि वे भी अपने घरों में कचरे को सही प्रकार से अलग करें तथा 'चार अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए नागरिकों से सिटीजन फीडबैक भरवाया गया । इसके साथ ही डिवाईन संसथा द्वारा वार्डों में रहवासियों को गीला- सूखा कचरा अलग अलग देने, घर में 4 डस्टबीन रखने, कचरा केवल कचरा गाड़ी में ही डालने के लिए समझाया गया। , जिससे शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

# रैंकिंग सुधार के लिए नगर में स्वच्छता अभियान की गति हुई तेज



**भितरवार।** नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम आने वाली है। टीम के सर्वे के आधार पर नगरीय निकायों की स्वच्छता रैंकिंग दी जाएगी।

इस बार नगर परिषद भितरवार द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश चंद्र जाटव के मार्गदर्शन में तेज गति से सफाई अभियान को गति दी गई है जिसके चलते जहां नगर के मुख्य बाजार में तीन पहर की झाड़ू लगाकर तत्काल प्रभाव से निकले कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है तो वहीं नगर की प्रमुख दीवारों से लेकर सड़क पर बने डिवाइडर हो या सार्वजनिक शौचालय सभी जगह रंगाई-पुताई के साथ आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने वाले स्लोगनों का लेख कराने का कार्य किया जा रहा है तो वहीं नगर को भी डस्टबिन मुक्त बनाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए हैं जिसको लेकर मंगलवार की सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश चंद्र जाटव, स्वच्छता के प्रति समर्पित पार्षद राधेश्याम जैन, नगर सफाई निरीक्षक विनोद खटीक की संयुक्त टीम के द्वारा सफाई कामगार मित्रों सहित स्वच्छता अभियान में लगे अन्य कर्मचारियों के द्वारा नगर में ठीक ढंग से कार्य किया जा रहा है या नहीं जिसकी हकीकत जानने के लिए मॉर्निंग भ्रमण और निरीक्षण किया और सीएमओ श्री जाटव द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे अंक पाने के लिए कुछ आवश्यक निर्देश भी सुधार हेतु देते हुए आमजन से भी मिलकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

## जांच कमेटी ने निरीक्षण के बाद चिकित्सा अधिकारी को लिखा ताला खोलने को

**ग्वालियर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर के प्राचार्य और आवास आवंटन समिति के सचिव डा. प्रदीप कुमार जैन के द्वारा ई सेवन सर्वेट क्वार्टर के कब्जाधारी डॉ. धुआराम गुर्जर को नोटिस जारी कर ताला खोलने के लिये पत्र जारी किया है। तब भी ई सेवक सर्वेट क्वार्टर के ताले नहीं खोले है। इस हठधर्मिता के चलते महिला चौकीदार बीते तीन माह से परेशान हो रही है।


### कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, जिला- भोपाल

क्र./था.प्र./हनु.गंज/भो./मर्ग.क्र. 07/25 दिनांक - 11/03/2025

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज के मर्ग क्र.07/25 धारा 194 BNSS के मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 50 साल लगभग मृतक का हुलिया रंग साफ चेहरा-गोल मृतक का शरीर गठीला एवं पेट सामान्य हैं। आधा सिर गंजा है तथा आधे सिर के बाल सामान्य व सफेद है, दाढ़ी व मूंछ के बाल सफेद है पहने हुए कपडे काले रंग की टी-शर्ट व काले रंग का पेन्ट पहने है व कमर पर काले रंग का बेल्ट पहने है एव कत्थई रंग का अन्डर वियर पहने हुये है। जिसकी फोटो उपरोक्तानुसार है के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 0755-2677323 अथवा 7587601742 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नंबर 7049104383 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज भोपाल

G-24211/24



### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह

E-Mail ID - eedmohb@mp.gov.in
phone No.07812-223809

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर दमोह स्थित एम. आई.जी. भवन क्रमांक 217 श्री गया प्रसाद दुबे पिता श्री कोदूराम दुबे को संभाग कार्यालय सागर के आवंटन आदेश क्रमांक 3376-78 दिनांक 05.06.96 के द्वारा आवंटित हैं। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख श्री गया प्रसाद दुबे के द्वारा दिनांक 27.04.2000 को करा लिया गया था, तत्पश्चात यह सम्पत्ति श्री गया प्रसाद दुबे ने श्री माया वैभव नायक पिता श्री स्व. श्री प्रिया दास नायक को दिनांक 27.04. 2000 को ही विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया। श्री माया वैभव नायक द्वारा आज दिनांक तक हस्तांतरण की प्रक्रिया नहीं की गई एवं इस भवन के मूल आवंटी श्री गया प्रसाद दुबे का स्वर्गवास दिनांक 27.05.2018 को हो चुका हैं एवं विक्रय विलेख के समय नॉमिनी मूल आवंटी की बेटी सुश्री ममता नायक पिता श्री गया प्रसाद दुबे का भी स्वर्गवास दिनांक 25.12.2023 को हो चुका है अब इस प्रकरण में केवल एक वारिश मूल आवंटी का पुत्र अजयकांत दुबे हैं जो विक्रेता पक्ष से शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। अब इस प्रकरण में श्री मायावैभव नायक पिता स्व. श्री प्रियादास नायक के द्वारा स्वयं के नाम पर हस्तांतरण हेतु आवेदन, शपथ पत्र, परिचय पत्र विक्रय विलेख की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था बैंक या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित जावेंगी। जिस पर किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण/नामान्तरण की कार्यवाही कर दी।

(आर.के. बाथम)
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल संभाग दमोह


# अटलजी की संगीत के प्रति अघात श्रद्धा थीः निर्मल कोठारी



**ग्वालियर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह के तहत मंगलवार को जिला मंत्री एवं जिला संयोजक धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह ने जिला एवं मंडल टोली के साथ उनकी स्मृतियों को ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वीर सावरकर मण्डल में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्मल कोठारी एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के पं. अटल बिहारी वाजपेयी मण्डल के वार्ड क्रमांक 42 के दानाओली में निवासरत वरिष्ठ नेता अजीत बरैया ने उनके साथ बीते हुए ऐतिहासिक पलों को साझा किया। इससे पूर्व वरिष्ठजनों का शॉल श्रीफल पहनाकर उनका स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल कोठारी ने अटलजी को याद करते हुए बताया कि सन 2004 की बात है जब अटलजी तिघरा डैम का उद्घाटन करने के लिए आए थे। उस दिन दोपहर में तिघरा डैम पर मैं, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, दीपक वाजपेयी तथा अटलजी बैठकर चाय पी रहे थे। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत बरैया ने भी अटलजी को याद करते हुए कहा कि अटलजी से मेरे 1969 से संबंध थे। उनके साथ मेरे इतने संस्मरण है कि मैं बयां नहीं कर सकता।


### न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक //री-2/2025
केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम बेरखेरी रा.नि.मं.सहजपुर तहसील केसली जिला सागर

**इश्तहार**

जरिए ईश्तहार ग्राम बेरखेरी तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा बेरखेरी प.ह.न.- 36 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.- 25 रकवा 40.82 हे.में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 0.3/03/2.5 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी

नायब तहसीलदार
वृत्त सहजपुर केसली



### न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक //री-2/2025
केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम चमेलीखापा, रमन मंदिर, सहजपुर तहसील केसली जिला सागर

**इश्तहार**

जरिए ईश्तहार ग्राम चमेलीखापा तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा चमेलीखापा प.ह.न.- 38 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.- 74 रकवा 7.52 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी

नायब तहसीलदार
वृत सहजपुर (केसली)
जिला सागर (म.प्र.)



### न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक.//री-2/2025
केसली दिनांक 0.3/03/25
ग्राम कंजेराटूटी रा.नि.मं. सहजपुर तहसील केसली जिला सागर

**इश्तहार**

जरिए ईश्तहार ग्राम कंजेराटूटी तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा कंजेराटूटी प.ह.न.- 54 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.-272 रकवा 0.38 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 503/05/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी

नायब तहसीलदार
वृत्त सहजपुर (केसली)
जिला सागर (म.प्र.)



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल संभाग भोपाल
### पुराना सचिवालय, लोक आयुक्त कार्यालय के पास भोपाल

E-mail Address- eeresbhopal@mp.gov.in, Phone no 0755-2541072

**// निविदा विज्ञप्ति क्र. 28/2024-25 //**

क्रमांक/710/निविदा / ग्रायांसेवा/2025 भोपाल, दिनांक : 10/3/25

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेवसाईटः http://metender.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यों की अनुमानित लागत (पी.ए. सी.लाख में) | अमानत राशि | प्रदत्त समया वधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 2025_RES_408472 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कम्प्यूटर रूम हेतु शासकीय हाई स्कूल जमूसंरकलां बैरसिया विद्युत फिटिंग सहित भोपाल। | 01 | 12.17 | 25,000 /- | 02 महीने वर्षाकाल रहित | 2000 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाईटः http://metender.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 18/02/2025 समय प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 29/03/2025 समय 05:30 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर दी जायेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल संभाग भोपाल

G-24179/24



मैक्सिको के सेंटो डोमिनिगो में ड्रोन के जरिये एक बस हादसे की ली गयी तस्वीर।

## ब्रीफ न्यूज़

### राज कुमार सिंह बने ग्वाटेमाला में भारत के नए राजदूत

**ग्वाटेमाला सिटी।** भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी राज कुमार सिंह को ग्वाटेमाला में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। वह 1996 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं और जल्द ही अपना नया कार्यभार संभालेंगे। भारत और ग्वाटेमाला के बीच राजनयिक संबंधों की शुरुआत 1970 के दशक में हुई थी। दोनों देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कूटनीतिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। सिंह की नियुक्ति से इन संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। ग्वाटेमाला मध्य अमेरिका में स्थित एक महत्वपूर्ण देश है। इसकी सीमाएँ उत्तर-पश्चिम में मेक्सिको, दक्षिण-पश्चिम में प्रशांत महासागर, उत्तर-पूर्व में बेलीज, पूर्व में कैरेबियन सागर और दक्षिण-पूर्व में होंडुरास व अल साल्वाडोर से लगती हैं। इसकी राजधानी ग्वाटेमाला सिटी है। यह देश अपनी अमीर जैव विविधता, पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। राज कुमार सिंह की नियुक्ति से भारत और ग्वाटेमाला के बीच कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को नई दिशा मिलने की संभावना है।

### 6.97 मिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक हैं कनाडा के अलगे पीएम मार्क कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के अगले पीएम कार्नी की अनुमानित संपत्ति 6.97 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वित्त क्षेत्र में रहने के दौरान उन्होंने अधिकांश संपत्ति बनाई है। वह 13 साल गोल्डमैन सैक्स में रहे। इसके बाद ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएच डी करने के बाद उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंक में अपनी करियर शुरू किया, जहां बॉस्टन, लंदन, न्यूयॉर्क, टोक्यो और टोरंटो में काम किया। बता दें कि मार्क कार्नी के रूप में कनाडा को अगला प्रधानमंत्री मिलने वाला है। रविवार को लिबरल पार्टी के चुनाव में कार्नी ने कई धुरंधरों को पछाड़कर जीत दर्ज की है। हालांकि, लंबे समय से ही कनाडा में राजनीतिक रूप से नौसिखिए माने जाने वाले कार्नी के नाम की चर्चाएं जोरों पर थीं। चुनाव में दूसरे स्थान पर पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड रहीं।

### सांसद इंजीनियर राशिद को दिल्ली कोर्ट से झटका

**जम्मू।** दिल्ली की अतिरिक्त सत्र अदालत ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद की संसद सत्र में भाग लेने के लिए अभिरक्षा पैरोल याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए इंजीनियर राशिद की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख निर्धारित की है। हालांकि, अदालत के इस फैसले का विस्तृत आदेश अभी जारी नहीं हुआ है। यहां बताते चलें कि इंजीनियर राशिद जम्मू-कश्मीर से एक स्वतंत्र सांसद हैं और पहले भी अपने बयानों और राजनीतिक गतिविधियों के चलते सुर्खियों में रहे हैं। उन्हें कुछ समय पहले एक मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसके कारण वह फिलहाल हिरासत में हैं। उनकी जमानत याचिका पर अब 19 मार्च को सुनवाई होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे मॉरीशस, हुआ भव्य स्वागत

## मोदी-मोदी के नारों से गूंजा एयरपोर्ट

एजेंसी ■ पोर्ट लुइस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने पूरी कैबिनेट यानी सभी 34 मंत्री के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मॉरीशस के सांसद, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और धार्मिक प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस बीच एयरपोर्ट मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। वहां मौजूद लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री मोदी अपनी इस दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, वे मॉरीशस के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने बातचीत करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही पारंपरिक तरीके से माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिससे भारत और मॉरीशस के बीच ऐतिहासिक संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। गौरतलब है कि पीएम मोदी की यह यात्रा मॉरीशस के पीएम रामगुलाम के निमंत्रण पर हो रही है। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी 12 मार्च को होने वाले मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने एक बयान में कहा कि यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा तथा सागर विजन के तहत हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देगा। सागर विजन की अवधारणा भारत की क्षेत्रीय रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सहयोग और समृद्धि को सुनिश्चित करना है। इसी के साथ पीएम मोदी ने मॉरीशस को हिंद महासागर में एक घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी, प्रमुख साझेदार और अफ्रीकी महाद्वीप का प्रवेश द्वार बताया है। उन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को विशेष महत्व दिया। पिछले 10 वर्षों में भारत और मॉरीशस के बीच कई महत्वपूर्ण जनोन्मुखी पहलें हुई हैं, जिससे आपसी सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत, मॉरीशस के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और हाल ही में एफडीआई के मामले में मॉरीशस, सिंगापुर के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी, भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत और भारतीय वायु सेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम भी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेंगी। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

पीएम मोदी के दौरे से व्यापार-सुरक्षा पर समझौता, लाइन ऑफ क्रेडिट पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके साथ ही मॉरीशस को कई परियोजनाओं की सौगात भी दी जा सकती है, जबकि भारत निवेश का भी ऐलान कर सकते हैं। वहीं समुद्री सुरक्षा को लेकर भी समझौता हो सकता है। इनके साथ ही सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में भी सहयोग पर समझौता होने की संभावना है।

## बांग्लादेश की सेना से आर्मी चीफ को हटाने की साजिश! जनरल रहमान ने बनाया प्लान



एजेंसी ■ ढाका

बांग्लादेश की सेना में उथल-पुथल मची हुई है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि बांग्लादेश की आर्मी चीफ वकार-उज-जमान का तख्तापलट करने की तैयारी चल रही है। आर्मी के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर रहमान ने जनरल जमान की जगह लेने की कोशिश की, लेकिन उन्हें अभी तक पर्याप्त समर्थन नहीं मिला है। लेफ्टिनेंट जनरल रहमान को पाकिस्तान और जमात-ए-इस्लामी समर्थक माना जाता है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि लेफ्टिनेंट जनरल रहमान ने बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता के बीच अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की और सेना मुख्यालय में एक बैठक बुलाई थी, लेकिन जनरल वकार को हटाने के कदम का समर्थन करने के बावजूद बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति कम थी। इस कदम के बाद लेफ्टिनेंट जनरल रहमान को बांग्लादेश की सैन्य खुफिया डीजीएफआई की निगरानी में रखा गया है। बांग्लादेश पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों ने स्थिति को तनावपूर्ण बताया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि ढाका में बड़ा उथल-पुथल देखने को मिल सकता है। बांग्लादेश सेना के कई अधिकारियों के कथित तौर पर इस साजिश में शामिल होने के बारे में पता चला है। 10 जनरल ऑफिसर कमांडिंग के नाम सामने आए हैं। इनमें मेजर जनरल मीर मुशफिकुर रहमान शामिल हैं, जो वर्तमान में 24वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी और चटगांव के एरिया कमांडर हैं। मीर मुशफिकुर लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर जाना चाहते हैं। 33वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी और कोमिला बांग्लादेश के एरिया कमांडर मेजर जनरल अबुल हसनत मोहम्मद तारिक ने भी लेफ्टिनेंट जनरल रहमान का समर्थन किया है।

# हमास पर ट्रंप की हरकत से भड़का इजरायल अमेरिका ने कहा- अपना एजेंट मत समझना

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

गाजा में इजरायल और हमास के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सीजफायर के दूसरे चरण के आसार भी नजर नहीं आ रहे। अमेरिका के बंधक मामलों के विशेष दूत एडम बोहलर ने हमास से गुप्त वार्ता करने पर इज़रायल की नाराजगी को खारिज करते हुए कहा कि हम इज़राइल के एजेंट नहीं हैं। बोहलर ने खुलासा किया कि ये सीधे वार्तालाप अमेरिकी बंधकों की रिहाई के लिए किए गए थे, हालांकि उनका अंतिम लक्ष्य सभी बंधकों की रिहाई था। उन्होंने कहा, हम दो हफ्तों तक बस इंतजार करने को तैयार नहीं थे।

इस बीच रमजान के पाक महीने में इजरायल ने पहले गाजावासियों के लिए राहत-सामग्री वाले ट्रक रोके अब बिजली सप्लाई भी काट दी है। इजरायल के इस कदम की चहुंओर आलोचना हो रही है। इस बीच गाजा युद्धविराम को लेकर अमेरिका और हमास प्रतिनिधियों



के बीच गुप्त वार्ता हुई। इस सीक्रेट मीटिंग पर इजरायल भड़क गया है। इजरायल का आरोप है कि मीटिंग में उसे भी सम्मिलित किया जाना चाहिए था। इजरायल की आलोचना से बौखलाए अमेरिका ने दो टूक शब्दों में इजरायल को कहा कि वह उसका एजेंट नहीं है।

इज़रायली अधिकारियों ने अमेरिका के इस कदम पर नाराजगी जताई, खासकर जब बोहलर ने कहा कि हमास ने पांच से दस साल की युद्धविराम योजना और खुद को निरस्त्र करने का प्रस्ताव दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें दोबारा हमास अधिकारियों से मिलने का मौका मिलेगा, तो उन्होंने हल्के अंदाज में कहा, आप कभी नहीं जानते। कभी-कभी आप इलाके में होते हैं और मिलने चले जाते हैं। इस वार्ता ने अमेरिका की दशकों पुरानी नीति को तोड़ दिया, जिसमें वह आतंकवादी संगठनों से बातचीत न करने की नीति अपनाता रहा है।

### भारी बर्फबारी के कारण दर्जनों पर्यटक बर्फीली सीढ़ियों से गिरे

**बीजिंग।** चीन में एक ऐसा ही खौफनाक हादसा सामने आया, जब भारी बर्फबारी के कारण दर्जनों पर्यटक बर्फीली सीढ़ियों पर फिसलते हुए नीचे गिर गए। घटना के वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पर्यटक एक ऊंची ट्रेल पर चढ़ रहे थे, लेकिन बर्फ की मोटी परत के कारण सीढ़ियां खतरनाक स्लाइड में बदल गईं। जैसे ही लोग आगे बढ़े, वे अपना संतुलन खो बैठे और एक के बाद एक गिरने लगे। कुछ लोग सिर के बल नीचे लुढ़कते दिखे, तो कुछ ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन बर्फ इतनी फिसलन भरी थी कि किसी का भी कंट्रोल नहीं रहा। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि हादसे में कुछ लोग घायल हुए हैं, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा दी गई। प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया और वहां चेतावनी बोर्ड लगा दिए हैं ताकि आगे कोई हादसा न हो।



कनाडा में नियाग्रा वाटरफोल पर बने सर एडम बैक जेनरेशन स्टेशन से निकलती हुईं पावंर लाइंस। कनाडा की ओंटोरियो सरकार ने अमेरिका को बिजली निर्यात पर 25 फीसदी सरचार्ज लगा दिया।

### बुजुर्गों की पेंशन पर मस्क लगाएंगे ब्रेक, बोले- मरे हुए भी ले रहे फायदा

वॉशिंगटन(ईएमएस)। अरबपति एलन मस्क ने जहां हजारों लोगों को नौकरी से निकालने का फरमान जारी कर लोगों को चिंता में डाल दिया वहीं अब उनकी नजर बुजुर्गों की पेंशन पर टिकी हुई है। मस्क ने कहा कि इस अभियान में पहले नंबर पर टारगेट पर वे लोग हैं जो कि गलत तरीके से फायदा ले रहे हैं। अमेरिका में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी हेड एलन मस्क का टारगेट 500 से 700 अरब डॉलर की कटौती करने का है। मस्क ने कहा, सबसे ज्यादा फालतू का खर्च तो पात्रता के नाम पर हो रहा है। बहुत सारे लोगों को फ्री में ही भुगतान किया जा रहा है।बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने खर्च में कटौती करने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती करना शुरू कर दिया है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप का भी अप्रोच यही है कि वह कई विभागों को ही खत्म कर देना चाहते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय के आदेश पर की गई गिरफ्तारी

# फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुर्तेते मनीला एयरपोर्ट से गिरफ्तार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुर्तेते को मनीला एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी मानवता के खिलाफ अपराधों के एक मामले के सिलसिले में की गई है।

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसीस) के आदेश के बाद फिलीपींस की पुलिस ने मंगलवार को मनीला के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्तेते को हिरासत में लिया। पूर्व राष्ट्रपति दुर्तेते की गिरफ्तारी की पुष्टि फिलीपींस सरकार ने की है। जानकारी के अनुसार, आईसीसी ने दुर्तेते के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसके बाद उन्हें हांगकांग से



लौटने पर गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय का मुख्यालय नीदरलैंड की राजधानी हेग में स्थित है। इस न्यायालय की स्थापना 2002 में की गई थी और इसे विशेष रूप से नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों की जांच करने तथा अभियोग चलाने का अधिकार प्राप्त है।

### क्या हैं आरोप?

दुर्तेते के खिलाफ यह मामला उनके कार्यकाल के दौरान अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाई गई सख्त नीति से जुड़ा हुआ है। उनके कार्यकाल में कथित रूप से हजारों संदिग्ध नशा तस्करों और उपभोक्ताओं को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के कथित तौर पर मारा गया था। इस नीति को लेकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों और मानवाधिकार समूहों ने कड़ी आलोचना की थी।

### सरकार की प्रतिक्रिया

फिलीपींस के वर्तमान राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दुर्तेते को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के आदेश के तहत गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल, उन्हें हिरासत में रखा गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है।

# 10 साल के बेटे की छाती पर चढ़ गई 154 किलो की मां, 5 मिनट में हो गई मौत

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका में एक मां की हैवानियत ने सभी को चौंका दिया है। 154 किलो की मां ने अपने 10 साल के बेटे को जमीन पर पटका और छाती पर चढ़ गई। जिससे 5 मिनट के भीतर ही बेटे का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबर है कि महिला फॉस्टर यानी बच्चे की पालक मां थी। वहीं, महिला ने भी बच्चे के ऊपर बैठने की बात स्वीकार की है। घटना 25 अप्रैल 2023 की है। तब पुलिस को विल्सन के घर पर स्टीवन मिला था। तब वह बेहोश था। जांच में अधिकारियों को उसकी गर्दन और सीने पर चोट के निशान मिले। लड़के ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, विल्सन ने जांच अधिकारियों को बताया है कि लड़का घर से भाग कर पड़ोसी के पास पहुंच गया था।उसका दावा है कि जब लड़के को वापस लाया गया, तब भी वह बुरा बर्ताव कर रहा था और घर छोड़ने की कोशिश कर रहा था। महिला ने स्वीकार किया है कि वह लड़के पर करीब 5 मिनट तक बैठी रहीं। उस दौरान उन्हें लगा कि लड़का नाटक कर रहा है, लेकिन जब उसने जवाब नहीं दिया तो महिला ने सीपीआर की कोशिश की और पुलिस को खबर की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 10 साल के बच्चे की पहचान डकोटा लिवाई स्टीवन्स के तौर पर हुई है। वह इंडियाना का रहने वाला था। वहीं, महिला की पहचान 48 साल की जेनिफर ली विल्सन बताई जा रही है, जिसका वजन करीब 154 किलो है। वह कथित तौर पर बच्चे पर यह सोचकर बैठ गई थीं कि वह परेशानी में होने का नाटक कर रहा है।

# बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना ज़रूरी है

वि पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है ? इस बात की पड़ताल एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। एस्ट्रोबायोलॉजी के जानकार ही वायुमंडल के बाहर जीवन होने के रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं, इसके पीछे छुपी होती है। इसी विषय पर अनुशक्ति नगर स्कूल 2में एक वार्ता का आयोजन किया गया एक विषय था *अदृश्य खगोल विज्ञान डेढ़ घंटे का एक वैज्ञानिक व्याख्यान 3 मार्च 2025 को सुबह 9ः00 बजे, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल 2, अणुशक्तिनगर, मुंबई-94 में डॉ. सुंदर सहायनाथन द्वारा एक विज्ञान वार्ता, का आयोजन किया गया उन्होंने उन्होंने बताता की ज्ञान के क्षेत्र में जनसामान्य की भागीदारी बढ़ाने और वैज्ञानिक शिक्षा में सुधार द्वारा अधिक कुशल श्रमशक्ति के विकास में मदद मिलती है।खगोल विज्ञान वैज्ञानिक शोध में वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे अर्जित ज्ञान को मौसम विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, एवं संचार व्यवस्था जैसे प्रायोगिक विज्ञान के क्षेत्रों में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह करने हेतु जिन उपकरणों की हमें आवश्यकता है वे महंगी भी नहीं है। यदि हम दूरसंवेदी डेटा से तुलना करें तो खगोल विज्ञान संबंधी डाटाबेस सस्ती भी हैं और सहज रूप से उपलब्ध भी हैं। तथापि आंकड़ों की प्रसंस्करण तकनीकें (मसलन, इमेज प्रोसेसिंग) दोनों ही मामलों में एक जैसी है। इनमें दूरबीन, स्पेक्ट्रोस्कोप इत्यादि बनाने के प्रशिक्षण से लेकर मौसम, चंद्र एवं सूर्यग्रहण इत्यादि जैसे खगोलीय अवधारणाओं की व्याख्या की जाती है। उच्च क्षमता वाली दूरबीनों की एक प्रणाली है जिससे गामा-किरणों की जाँच की जाती है। उदाहरण स्वरूप इस क्षेत्र के कुछ किसानों ने भी पर्यटकों के लिए अपने बागानों में शौकिया खगोलविदों के लिये छोटी दूरबीनों की स्थापना की है। खगोल विज्ञान का विकास और प्रसार औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास की भी शुरुआत करता है खगोल विज्ञान संस्था द्वारा विज्ञान क्लब चलाना, शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं खगोल विज्ञान तथा भौतिकी के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का संयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये जाते हैं।डॉ. सुंदर सहायनाथन 25 वर्षों से अधिक समय से बीएआरसी में के लिए काम कर रहे हैं। वे एक खगोल भौतिकीविद् और उनका काम शोध कार्य से ज्यादा सक्रिय आकाशगंगाओं पर है। उनके काम काफी हद तक सैद्धांतिक प्रकृति से सम्बंधित है। वे टीआईएफआर, आईयूसीएए, आईआईए और कश्मीर विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय और कालीकट विश्वविद्यालय जैसे कई भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ वैज्ञानिक कार्य से जुड़े रहें हैं। इन संस्थानों से 10 से अधिक पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया है। इसमें उप प्रधानाचार्य श्री देश राज किशाना ने उनका स्वागत किया। तदुपरांत लेक्चर समाप्त होने पर उन्हें एक मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया साथ में एक गमले में तुलसी जी का पौधा भी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया। फूलों का गुलदस्ता और डायरी नवीन त्रिपाठी ने अरेंज किया था इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री एन सी शर्मा , श्री बी एन मिश्रा, और राजकमल गौतम,स्कूल के शिक्षक सुधीर पालकर.वी पी वर्गीश, गीता मैम, संगीता काकरे आदि ने बच्चों को इस विज्ञान वार्ता को सफल बनाया बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह उन्हें दुनिया को बेहतर ढंग से समझने, समस्याओं को हल करने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करता है।



▪ प्रियंका सौरभ

# भारतीय समाज में मासिक धर्म अभी तक कलंकित क्यों?

**कार्यस्थल की नीतियों को लागू करें जो मासिक धर्म वाले व्यक्तियों को समायोजित करती हैं, जैसे कि मासिक धर्म अवकाश और स्वच्छ शौचालय तक पहुँच प्रदान करना। सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले तरीके से स्कूली कार्यक्रमों में मासिक धर्म शिक्षा को शामिल करें।**

भारत के पास मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करने का अवसर है। आपके क्या विचार हैं-क्या सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, या जमीनी स्तर के संगठनों को बदलाव लाने में आगे आना चाहिए? मासिक धर्म से जुड़ा कलंक कई संस्कृतियों में मौजूद है, जो सांस्कृतिक वर्जनाओं, ग़लत सूचनाओं और प्रणालीगत लैंगिक असमानता से प्रेरित है। इसके परिणामस्वरूप गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, जैसे मासिक धर्म उत्पादों तक सीमित पहुँच, अपर्याप्त शिक्षा और यहाँ तक कि कुछ समुदायों में सामाजिक बहिष्कार। इस कलंक को ख़त्म करने के लिए, हमें खुली चर्चाओं को प्रोत्साहित करने, मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से शिक्षा प्रदान करने और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों को लागू करने की आवश्यकता है।

मासिक धर्म कई संस्कृतियों में एक वर्जित विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण लंबे समय से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताएँ, अपर्याप्त खुली बातचीत और लैंगिक असमानता है। इसके परिणामस्वरूप शर्म, गोपनीयता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक संसाधनों और शिक्षा तक सीमित पहुँच की भावनाएँ पैदा होती हैं। भारत में, मासिक धर्म को अक्सर महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वर्जनाओं से जोड़ा जाता है, जिससे बहिष्कार, ग़लत सूचना और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं। हालाँकि प्रगतिशील नीतियाँ पेश की जा रही हैं, लेकिन सफल कार्यान्वयन के लिए इन्हें सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है।

महिलाओं को अक्सर मंदिरों, रसोई और सामाजिक समारोहों जैसी जगहों पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, जो भेदभाव को बढ़ावा देता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट के सबरीमाला फैसले ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटा दिया, लेकिन इसे सांस्कृतिक मान्यताओं में निहित काफ़ी विरोध का सामना करना पड़ा। मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा की कमी स्वास्थ्य मामलों में मिथकों और उपेक्षा को बढ़ावा देती है। ग्रामीण भारत में केवल 58त्न युवा लड़कियों को अपने पहले मासिक धर्म का अनुभव करने से पहले मासिक धर्म के बारे में जानती है। शौचालय, स्वच्छता उत्पादों और उचित निपटान विधियों तक अपर्याप्त पहुँच से भी जूझती हैं। जबकि 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता में प्रगति की है, मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। स्वच्छता उत्पादों की उच्च लागत कई लोगों को असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेने के लिए मजबूर करती है। 2022 में शुरू की गई राजस्थान निःशुल्क सैनिटरी पैड योजना का उद्देश्य मासिक धर्म ग़रीबी से निपटने के लिए निःशुल्क पैड उपलब्ध कराना है। हालाँकि, राजनीतिक एजेंडों में मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जो व्यापक सुधारों में बाधा डालता है। मासिक धर्म स्वच्छता नीति (ड्राफ्ट 2022) को अभी भी पूरे देश में पूरी तरह से लागू किया जाना बाक़ी है।

मासिक धर्म के बारे में जागरूकता को राज्य के पाठ्यक्रमों में शामिल करने से इस विषय पर बातचीत को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिशानिर्देश प्राथमिक विद्यालय स्तर से मासिक धर्म शिक्षा की वकालत करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं को प्रशिक्षित करके, हम अधिक स्वीकृति को बढ़ावा दे सकते हैं। मासिक धर्म स्वास्थ्य गठबंधन भारत (2020) जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ सहयोग करता है। सार्वजनिक हस्तियाँ और मीडिया सकारात्मक संदेश के माध्यम से कलंक का मुकाबला करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चुप्पी तोड़ो अभियान (2021, यूनिसेफ इंडिया) ने जागरूकता फैलाने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, स्कूलों और कार्यस्थलों में निपटान विकल्पों के साथ अधिक लिंग-अनुकूल शौचालयों सहित (जल, स्वच्छता और स्वच्छता) सुविधाओं को सुनिश्चित करना आवश्यक है। मासिक धर्म उत्पादों पर सरकारी सब्सिडी और जीएसटी छूट से पहुँच में काफ़ी सुधार हो सकता है। 2018 में सैनिटरी पैड पर 12त्न जीएसटी हटाने से वे अधिक किफ़ायती हो गए। बायोडिग्रेडेबल पैड और मासिक धर्म कप को बढ़ावा देना पर्यावरण और सांस्कृतिक दोनों चिंताओं को सम्बोधित करता है। सखी सैनिटरी नैपकिन पहल (ओडिशा, 2021) बायोडिग्रेडेबल पैड के स्थानीय उत्पादन का समर्थन करती है। मासिक धर्म स्वास्थ्य को स्वास्थ्य के अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत मान्यता दी जानी चाहिए और श्रम कानूनों में शामिल किया जाना चाहिए। मासिक धर्म लाभ विधेयक (2018, निजी सदस्य विधेयक) ने मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन इसे सरकारी समर्थन नहीं मिला। कंपनियों को मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करना चाहिए और कार्यस्थल स्वच्छता सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। ज़ोमैटो ने 2020 में मासिक धर्म अवकाश की शुरुआत करके निजी क्षेत्र में एक मिसाल क़ायम की। सैनिटरी उत्पाद निर्माताओं के लिए विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी मानदंडों को लागू करने से कचरे में कमी लाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म के बारे में बातचीत को बदलने के लिए स्थानीय नेताओं, बुजुर्गों और धार्मिक हस्तियों को शामिल करने वाली समुदाय-आधारित पहल विकसित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को और अधिक सामान्य बनाने के लिए शैक्षिक सेटिंग्स और मीडिया में सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संदेश का उपयोग करें। अधिक समावेशी संवाद बनाने के लिए जागरूकता प्रयासों में पुरुषों और लड़कों को शामिल करें। सैनिटरी उत्पादों पर करों को समाप्त करके और यह सुनिश्चित करके मासिक धर्म स्वास्थ्य नीतियों को बढ़ावा दें कि वे स्कूलों, कार्यस्थलों और ग्रामीण समुदायों में आसानी से उपलब्ध हों। कार्यस्थल की नीतियों को लागू करें जो मासिक धर्म वाले व्यक्तियों को समायोजित करती हैं, जैसे कि मासिक धर्म अवकाश और स्वच्छ शौचालय तक पहुँच प्रदान करना। सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले तरीके से स्कूली कार्यक्रमों में मासिक धर्म शिक्षा को शामिल करें। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे सरकारी प्रयासों को व्यापक बनाएँ, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त या रियायती सैनिटरी पैड प्रदान करें। पर्यावरण और वित्तीय पहलुओं पर विचार करते हुए, पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड और मासिक धर्म कप जैसे टिकाऊ और लागत प्रभावी मासिक धर्म उत्पादों के उपयोग की वकालत करें। हानिकारक मासिक धर्म मिथकों को दूर करने के लिए बॉलीवुड, सोशल मीडिया प्रभावितों और टेलीविजन शो का उपयोग करें। पैडमैन जैसी फ़िल्मों ने महत्त्वपूर्ण चर्चाओं को जन्म दिया है-इस तरह की और पहल आवश्यक हैं। सांस्कृतिक संदर्भों में सकारात्मक मासिक धर्म संदेशों को बुनने के लिए स्थानीय कहानी और पारंपरिक आख्यानों को प्रोत्साहित करें।

# मृत्यु अनसुलझे रहस्यों में से एक

वि जीवन की कार्यप्रणाली के बारे में विज्ञान ने जो कुछ भी सीखा है, उसके बावजूद मृत्यु अब भी अनसुलझे रहस्यों में से एक है। दार्शनिक विलियम जेम्स ने 1909 में लिखा था, कभी-कभी मैं यह मानने के लिए ललचाता हूँ कि सृष्टिकर्ता ने प्रकृति के इस विभाग को हमेशा भ्रमित बनाये रखने का इरादा किया है, ताकि हमारी जिज्ञासा और आशाओं और संदेहों को समान रूप से उत्तेजित किया जा सके।बोर्जिगिन ने 2015 में जो प्रश्न पहली बार पूछा था - कि मृत्यु के समय मस्तिष्क में क्या होता है - वह एक चौथाई सहस्राब्दी पहले का है। सन् 1740 के आसपास, एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक ने एक प्रसिद्ध औषधि विक्रेता के मामले की समीक्षा की, जो ÷बुरी बुखार÷ और बहुत अधिक रक्तस्राव के कारण बेहोश हो गया था और उसे लगा कि वह धन्य लोगों के राज्य में चला गया है। डॉक्टर ने अनुमान लगाया कि फार्मासिस्ट की यह दुर्घटना मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण हुई थी। लेकिन उस प्रारंभिक रिपोर्ट से लेकर 20वीं सदी के मध्य तक, निकट-मृत्यु अनुभवों में वैज्ञानिक रुचि कम नहीं हुई थी।1892 में, स्विस पर्वतारोही और भूविज्ञानी अल्बर्ट हेम ने 30 अन्य पर्वतारोहियों के निकट-मृत्यु अनुभवों का पहला व्यवस्थित विवरण एकत्र किया, जो लगभग मरणासन्न स्थिति में पहुंच गये थे। हेम लिखते हैं कि कई मामलों में, पर्वतारोहियों को अचानक ही सब कुछ याद आ जाता है जो बीत चुका है, उन्हें सुन्दर संगीत सुनाई देता है, और वे गुलाबी बादलों वाले नीले आकाश में गिर जाते हैं। इसके बाद चेतना बिना किसी दर्द के समाप्त हो जाती थी, आमतौर पर प्रभाव के क्षण में। 20वीं सदी के आरंभ में अनुसंधान के कुछ अन्य प्रयास भी हुए, लेकिन निकट-मृत्यु अनुभव को वैज्ञानिक तरीके से समझने में बहुत कम प्रगति हुई। फिर, 1975 में अमेरिकी मेडिकल छात्र रेमंड मूडी ने लाइफ आफ्टर लाइफ नामक पुस्तक प्रकाशित की। 1976 में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने ÷मृत्यु के बाद जीवन÷ और ÷थानाटोलॉजी के उभरते क्षेत्र÷ में बढ़ती वैज्ञानिक रुचि पर रिपोर्ट दी। अगले वर्ष, मूडी और कुछ अन्य थेनेटोलॉजिस्टों ने मिलकर इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर नियर-डेथ स्टडीज की स्थापना की। 1981 में, उन्होंने वाइटल साइन्स नामक एक सामान्य पाठकों की पत्रिका का पहला अंक प्रकाशित किया, जो मुख्यतः निकट-मृत्यु अनुभवों पर केन्द्रित थी। अगले वर्ष उन्होंने इस क्षेत्र की पहली समकक्ष-समीक्षित पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया, जो जर्नल ऑफ नियर-डेथ स्टडीज बन गयी। यह क्षेत्र बढ़ रहा था, तथा वैज्ञानिक सम्मान की स्थिति प्राप्त कर रहा था। 1988 में इसके विकास की समीक्षा करते हुए, ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकियाट्री ने इस क्षेत्र की जीवंतता को व्यक्त किया-बड़ी आशा व्यक्त की गई है कि, एन.डी.ई. अनुसंधान के माध्यम से, मानव मृत्यु दर के स्थायी रहस्य और इसके अंतिम महत्व के बारे में नई अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है, और पहली बार, मृत्यु की प्रकृति के बारे में ठोस अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है।लेकिन लगभग मारे गए लोग पहले ही कई विचारधाराओं में बंट चुके थे, जिनके मतभेद आज भी जारी हैं। एक अन्य प्रभावशाली समूह अध्यात्मवादियों से बना था, जिनमें से कुछ इंजील ईसाई थे, जो इस बात पर आश्वस्त थे कि मृत्यु के निकट के अनुभव, मृतकों और ईश्वर के दायरे में वास्तविक यात्राएं थीं। शोधकर्ताओं के रूप में, माध्यमों का लक्ष्य निकट-मृत्यु अनुभवों के बारे में यथासंभव अधिक से अधिक रिपोर्ट एकत्र करना, तथा जनता को मृत्यु के बाद के जीवन की वास्तविकता से परिचित कराना था। मूडी उनके सबसे महत्वपूर्ण प्रवक्ता थे; अंततः उन्होंने दावा किया कि उनके कई पूर्वजन्म हो चुके हैं और उन्होंने ग्रामीण अलबामा में एक साइकोमैनटेम का निर्माण किया, जहां लोग प्रकाशित दर्पण में देखकर मृतकों की आत्माओं को बुलाने का प्रयास कर सकते थे।शोधकर्ताओं का दूसरा और सबसे बड़ा समूह, जो लगभग मर ही गया था, परामनोवैज्ञानिकों का था, जिनकी रुचि ऐसी घटनाओं में थी जो इस वैज्ञानिक सिद्धांत को कमजोर करती प्रतीत होती थी कि मस्तिष्क के बिना मन का अस्तित्व नहीं हो सकता। ये शोधकर्ता, जिनमें से कई अच्छी तरह से स्थापित अनुसंधान विधियों का पालन करने वाले प्रशिक्षित वैज्ञानिक थे, अक्सर यह मानते थे कि मृत्यु के निकट के अनुभव इस बात का प्रमाण प्रदान करते हैं कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी चेतना जारी रह सकती है। उनमें से अधिकांश डॉक्टर और मनोचिकित्सक थे, जो यह समाचार सुनकर बहुत आहत हुए कि जिन मरीजों का वे आईसीयू में इलाज कर रहे थे, वे मृत्यु के करीब थे। उनका लक्ष्य चेतना के अपने सिद्धांतों का परीक्षण करने के तरीके खोजना तथा निकट-मृत्यु संबंधी अध्ययनों को एक वैध वैज्ञानिक प्रयास में बदलना था।अंततः, लगभग मृत शोधकर्ताओं का एक छोटा समूह उभरा, जिन्हें भौतिकवादी कहा जा सकता है। ये वे वैज्ञानिक थे, जिनमें से कई मस्तिष्क का अध्ययन कर रहे थे, और जो निकट-मृत्यु अनुभव के एक मजबूत जैविक विवरण के लिए प्रतिबद्ध थे। प्रकृतिवादियों का तर्क है कि सपनों की तरह, मृत्यु के निकट के अनुभव भी मनोवैज्ञानिक सत्य को उजागर कर सकते हैं, लेकिन वे ऐसा शरीर और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली से उत्पन्न काल्पनिक कथाओं के माध्यम से करते हैं। (वास्तव में, कई राज्यों ने लगभग मृत्यु की सूचना दी है (यह केटामाइन की एक खुराक लेने से प्राप्त किया जा सकता है।) उनका आधार यह थाः कार्यशील मस्तिष्क का अर्थ है चेतना का अभाव, और निश्चित रूप से मृत्यु के बाद जीवन का अभाव। उनका मिशन, जिसे बोर्जिगिन ने 2015 में संभाला था, यह पता लगाना था कि मौलिक भौतिक स्तर पर निकट-मृत्यु अनुभवों के दौरान क्या होता है।धीरे-धीरे, अध्यात्मवादियों ने शोध के क्षेत्र को छोड़ कर रेडियो टॉक शो की ऊंचाइयों की तलाश शुरू कर दी।



संजय गोस्वामी

## राजकाज



### विश्व गुरु कौन भारत या अमेरिका?

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु का दर्जा देकर अपने आप को विश्व गुरु मान लिया था। विश्व गुरु के रूप में भारत के साथ-साथ विदेश में अप्रवासी भारतीयों के बीच में मोदी को विश्व गुरु बताया जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने विदेश के दौर में अमेरिका के राष्ट्रपति की तरह ही व्यवहार करने लगे थे। ट्रंप जैसे ही अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने। उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप अपने आपको और अमेरिका को विश्व गुरु की पहचान बनाए रखना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और उनके परम मित्र नरेंद्र मोदी की, विश्व गुरु की इस लड़ाई में भारत को सुयोजित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपमानित कर रहे हैं। चाह कर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण मोदी अपमानित हो रहे हैं। मजबूरी में चुप्पी साध कर समय का इंतजार कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे, इसका अंदाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं था। लेकिन अब क्या किया जा सकता है।

### तेजस्वी यादव के खिलाफ लड़ेंगे प्रशांत किशोर

भारत में चुनाव रणनीतिकार के रूप में पहचान बनाने वाले प्रशांत किशोर,बिहार विधानसभा के चुनाव में तेजस्वी यादव के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। राघोपुर विधानसभा सीट से वह तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव लड़कर पूरे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल को नुकसान पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। तेजस्वी यादव को घेरने, ताकि वह चुनाव प्रचार नहीं कर पाएं। सुनयोजित रणनीति के तहत तेजस्वी यादव के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया गया है। बिहार में तेजस्वी यादव बनाम आल की स्थिति बन गई है। इस चक्रव्यूह से कैसे तेजस्वी यादव निकलेंगे, इसके लिए परिणाम की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। प्रशांत किशोर को भाजपा और नरेंद्र मोदी का संरक्षण है। ऐसी स्थिति में प्रशांत किशोर का मुकाबला किस तरह से तेजस्वी यादव कर पाएंगे। इसको लेकर बिहार की राजनीति में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है।

### मोदी का वादा, योजना लॉन्च की नड्डा ने रेखा गुप्ता का खाली खजाना

दिल्ली के राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना देने का वादा किया था। मोदी ने कहा था, 8 मार्च को महिलाओं के बैंक खाते में पैसे आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिला समृद्धि योजना लॉन्च की। रेखा गुप्ता बीजेपी की मुख्यमंत्री बन गई हैं। पहली कैबिनेट मीटिंग हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को प्रधानमंत्री का वादा याद नहीं रहा। अब कहा जा रहा है,एक सुनियोजित रणनीति के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था। जेपी नड्डा ने योजना को लांच किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाली खजाने का डिंडोरा पीटकर महिला समृद्धि योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। दिल्ली की महिलाएं समझ नहीं पा रही हैं।

## फीचर



# ऑफिस में भी पहन सकती हैं प्रिंटेड लैगिंग्स

**कैजुअल लुक के अलावा इन्हें ऑफिस वियर के तौर पर भी कैरी किया जा रहा है। फ्लोरल, जियोमेट्रिक जैसे प्रिंट्स ऑफिस के लिए अच्छे रहेंगे। कैजुअल के लिए जहां बोल्ड प्रिंट पहनें। शर्ट, कुर्ती हर एक के साथ ये जंचेंगे।**

प्रिटेंड लैगिंग्स का आजकल बहुत ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। इन्हें आप कॉलेज, कैजुअल और ऑफिस हर एक जगह पहन सकती हैं। गर्ल्स का कंफर्ट बॉटम वियर कहा जाने वाला लैगिंग्स अब और भी आकर्षक हो गया है। अब प्लेन की जगह प्रिंटेड लेगिंग्स गर्ल्स को लुभा रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें केजुअल और फॉर्मल दोनों आउटफिटस के साथ मैच कर पहना जा सकता है।

### परफैक्ट जिम आउटफिट

जिम के लिए ऐसे आउटफिट पहनने चाहिए जो कंफर्टेबल होने के साथ-साथ कूल और स्टाइलिश लुक भी दें। प्रिंटेड लैगिंग्स इसके लिए परफेक्ट वियर साबित हो रहे हैं। प्लेन टॉप हो या टीशर्ट इन्हें हर एक के साथ टीमअप कर ट्रेंडी लुक पाया जा सकता है।

### ऑफिस में भी पहनें

कैजुअल लुक के अलावा इन्हें ऑफिस वियर के तौर पर भी कैरी किया जा रहा है। फ्लोरल, जियोमेट्रिक जैसे प्रिंट्स ऑफिस के लिए अच्छे रहेंगे। कैजुअल के लिए जहां बोल्ड प्रिंट पहनें। शर्ट, कुर्ती हर एक के साथ ये जंचेंगे।

### बेहतरीन पार्टी वियर

पार्टी आउटफिट के लिए सीक्विंस लैगिंग्स बेहतर विकल्प है। इसके साथ डिजाइनर टॉप पहनें। यूनिक लुक के लिए जैकेट के साथ भी इसे पहना जा रहा है।

## प्रेरणा

# इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है।



## अपनी बात



संभल की तरह अफसरों का इस्तेमाल किया जाना ठीक नहीं है। रमजान के दौरान पड़ रहे होली के त्योहार को आपसी भाईचारे में बदलना सभी के हित में साबित होगा। इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा।

– मायावती, बसपा सुप्रीमो



जिले के लोग लंबे समय से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रहे थे। इस पर सीएम योगी आदित्यानाथ ने फैसला लिया कि वहां पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। होली पर्व को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि त्योहार को देखते हुए सभी चिकित्सकों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। साथ ही प्रशासन को सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

– ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम, यूपी

## ब्रीफ न्यूज

### दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग शिविर, 100 से अधिक को मिलेगा लाभ

**गुना।** रोटरी क्लब गुना रॉयल के तत्वाधान में नानाखेड़ी में आयोजित विशेष कृत्रिम अंग शिविर में 100 से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ और पैर प्रदान किए जाएंगे। इस शिविर में न केवल गुना बल्कि आसपास के जिलों से भी दिव्यांगजन पहुंचे हैं, जिनके नाप लिए जा रहे हैं और मौके पर ही कृत्रिम अंग तैयार किए जा रहे हैं। शिविर की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई, जिसमें अब तक 72 लोगों के नाप दर्ज किए जा चुके हैं और 100 से अधिक दिव्यांगों ने पंजीकरण कराया है। महावीर विकलांग सहायता समिति के अध्यक्ष शांति चंद भंडारी इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। रोटरी क्लब गुना रॉयल के अध्यक्ष अंकुर दुसाज, सचिव सुरेश देव एवं अन्य सदस्यों ने शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बमोरी थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने बाइक सवार को रोककर की मारपीट और लूटा

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र में नोनेरा और अमरोद के जंगलों के बीच एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। बाइक सवार एक व्यक्ति को तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया। पहले उन्होंने गालियां दी, फिर लाठी-डंडों से हमला कर बुरी तरह पीटा। मारपीट के बाद बदमाशों ने उसका सामान लूट लिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे डाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी प्रवेन्द्र भार्गव निवासी ग्राम बमोरी गत शाम करीब 3ः40 बजे अपनी बाइक से गुना से बमोरी लौट रहे थे। जैसे ही वे नोनेरा और अमरोद के जंगलों के बीच पहुंचे, एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने गालियां देते हुए कहा कि वह कुशुम साहू की बहुत शिकायत करते हैं। इससे पहले कि प्रवेन्द्र कुछ समझ पाते, तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में फरियादी को बाएं हाथ, दाहिनी कोहनी, पीठ, कमर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। मारपीट के बाद बदमाशों ने उनका सामान लूट लिया और धमकी दी कि यदि आशीष अग्रवाल, सुदामा किरार और कुशुम साहू की जमीन से जुड़ी कोई शिकायत दोबारा की गई, तो जान से मार देंगे। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए।

### वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के गोदाम में पानी का संकट, हम्मल परेशान

**गुना।** नानाखेड़ी मंडी स्थित मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के गोदाम में पिछले दो दिनों से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। सैकड़ों हम्मल और वहां पदस्थ स्टाफ पेयजल के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि गोदाम में लगे बोरवेल का स्टार्टर दो दिन पहले चोरी हो गया, जिसके चलते पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई है। स्थिति यह है कि हम्मलों को मंडी परिसर में लगी प्याऊ से पानी लाना पड़ रहा है, जबकि गोदाम में मौजूद पानी की टंकियां केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गई हैं। दूसरी ओर, हम्मलों का कहना है कि जब गोदाम सरकारी है और वहां का बोरवेल भी सरकारी है, तो चंदा देने की क्या जरूरत है? प्रशासन की लापरवाही के चलते अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे मजदूरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# विश्वस्तरीय धनिया की गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध कुंभराज मंडी में अव्यवस्थाओं से किसान परेशान

### धनिया की नीलामी ठप, बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले की कुंभराज मंडी, जो अपनी विश्व स्तरीय धनिया की गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है, इन दिनों किसानों की परेशानियों का केंद्र बनी हुई है। यहां न तो पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है, न छांव की सुविधा, जिससे भीषण गर्मी में किसान बेहाल हैं। मंडी प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि मंडी सचिव सुबह 11 बजे आते हैं और मात्र कुछ घंटों बाद 4 बजे ही मंडी से चले जाते हैं। किसानों का कहना है कि सचिव ज्यादातर समय गुना में रहते हैं, जिससे मंडी की व्यवस्थाओं पर सही तरीके से ध्यान नहीं दिया जा रहा। सबसे गंभीर समस्या धनिया की नीलामी न होने की है। किसान पिछले दो दिनों से अपने माल की बिक्री के लिए मंडी में इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनकी उपज की डाक ही नहीं हो रही। इस देरी से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, क्योंकि धनिया के ढेर खुले में पड़े रहने से उसकी गुणवत्ता भी खराब हो सकती है। गौरतलब है कि गुना जिले को धनिया की राजधानी कहा जाता है, क्योंकि यहां का धनिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुणवत्ता के लिए पहचाना जाता है। कुंभराज मंडी भी इस व्यापार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है, लेकिन वर्तमान अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंडी सूत्रों के अनुसार सोमवार और मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तक 11 से 12 हजार बोरी धनिया की आवक दर्ज हुई। इधर किसानों ने मांग की है कि मंडी में बुनियादी सुविधाएं, जैसे पानी और छांव की व्यवस्था तत्काल की जाए। साथ ही, मंडी सचिव की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर धनिया की समय पर नीलामी कराई जाए। यदि प्रशासन जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो किसान आंदोलन करने को मजबूर हो सकते हैं।

# प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ डीवायओ का प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ गुना

प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में हो रहे भ्रष्टाचार और सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर डीवायओ द्वारा मंगलवार को प्रदेशव्यापी विरोध दिवस मनाया गया। इसके तहत विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। गुना में डीवायओ की नगर कमेटी ने नगरपालिका के पास विरोध प्रदर्शन किया, जहां जोरदार नारेबाजी की गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज रजक ने कहा कि प्रदेश सरकार विदेशी और देशी निवेशकों को लाने के लिए बिजनेस समिट आयोजित कर रही है और दावा कर रही है कि इससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी, लेकिन हकीकत इससे अलग है। निजी कंपनियों में




रोजगार के नाम पर श्रमिकों का शोषण हो रहा है, कम वेतन और अस्थायी नौकरियों की समस्या बनी हुई है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला संयोजन समिति के सदस्य अजय राव ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवा भर्ती प्रक्रिया के लंबित होने के कारण ओवरएज हो रहे हैं। कई विभागों में लाखों पद रिक्त हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया धीमी है। प्रदर्शन का संचालन नगर कमेटी सदस्य रविंद्र प्रजापति ने किया। इस विरोध प्रदर्शन में डीवायओ ने सरकार के सामने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं, जिनमें सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने, ठेका प्रथा को समाप्त कर सभी को स्थायी रोजगार देने, बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक जीवनयापन के लिए बेरोजगारी भत्ता देने और महिलाओं एवं बच्चियों के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए शराब, नशा और अश्लीलता पर सख्त कार्रवाई करने जैसी मांगें शामिल थीं। इसके अलावा, संगठन ने मनरेगा योजना को पुनः शुरू करने और उसमें बजट बढ़ाने, भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाओं पर रोक लगाने, प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को समाप्त करने और सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को सरकार की देखरेख में कराने की मांग की।

## नामचीन होटल में पारिवारिक विवाद के दौरान मारपीट, पुलिस में शिकायत दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

कैंट थाना क्षेत्र स्थित हेमलिन होटल में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। होटल संचालक अनिल शर्मा निवासी कर्नेलगंज गुना,हाल शिवधाम कृषि फार्म ने अपने भाई और भतीजे पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया। अनिल शर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत दोपहर 2ः14 बजे वे अपने होटल के ऑफिस में बैठे थे। इस दौरान होटल मैनेजर अमृत भारती और अन्य स्टाफ भी वहां मौजूद था। बातचीत के दौरान मैनेजर ने उनसे सीए को भुगतान किए जाने की बात कही, जिस पर अनिल शर्मा ने कहा कि लेजर से हिसाब मिलाकर ही भुगतान करेंगे। इसी दौरान उनका छोटा भाई अशोक शर्मा और भतीजा अक्षत शर्मा वहां पहुंचे और मैनेजर से कहने लगे कि हिसाब देखने की जरूरत नहीं, तुरंत पैसे देने होंगे। जब विवाद बढ़ने लगा, तो अनिल शर्मा समझाने पहुंचे, लेकिन अशोक शर्मा और अक्षत शर्मा ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो अशोक शर्मा ने हाथ में रखी स्टिक से उनके कंधे पर वार कर दिया और दोनों ने उनके साथ झूमा-झटकी भी की। घटना के दौरान होटल स्टाफ भी मौजूद था, जिन्हें भी गाली-गलौज का सामना करना पड़ा। अनिल शर्मा के अनुसार, अशोक और अक्षत ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट की या सीए को भुगतान नहीं किया, तो वे उनकी हत्या कर देंगे।

### जनसुनवाई में पहुंचे

## टोरिया के ग्रामीणों ने सचिव पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की ग्राम पंचायत टोरिया के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर पंचायत सचिव जगदीश यादव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ पाने के लिए सचिव द्वारा प्रत्येक हितग्राही से 10,000 रुपये की अवैध मांग की जा रही है। इतना ही नहीं, कई गरीब पात्र परिवारों के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए, जबकि अमीर लोगों के नाम गलत तरीके से जोड़े जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जांच और दोषी सचिव के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान रामबीर पंच, जितेंद्र, राजेश, अरविंद, रामदयाल पंच, हरवीर, तीजान सिंह, गजराम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव की मनमानी के चलते गांव के कई जरूरतमंद परिवार अब भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी इस तरह की शिकायतें की गई थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इस मामले में उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## हरिजन मोहल्ले के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवास योजना में अनदेखी की शिकायत की

**गुना।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए आवास प्लस सर्वे में हरिजन मोहल्ले के लोगों को सूची में शामिल नहीं किए जाने पर ग्राम बिलोनिया के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार को गुना जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में हरिजन मोहल्ले के कई निवासी पहुंचे और सचिव दिनेश साहू पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा वर्ष 2025 में उन पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ देने के लिए आवास प्लस सर्वे कराया जा रहा है, जिन्हें पहले यह लाभ नहीं मिल सका था। लेकिन ग्राम सचिव द्वारा हरिजन मोहल्ले में रहने वाले लोगों का सर्वे नहीं किया गया, जिससे वे योजना से वंचित रह गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि सचिव के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और उनके नाम आवास प्लस सर्वे सूची में जोड़े जाएं।

### मधुसूदनगढ़ के विकास को लेकर

# कलेक्ट्रेट पहुंचे क्षेत्रवासी, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गुना

मधुसूदनगढ़ क्षेत्र के नागरिकों ने मंगलवार को नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कुंवर रुद्र देव सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने गौशाला निर्माण, बस स्टैंड, खेल मैदान, किले तक जाने वाले रास्ते, कृषि मंडी को नगर से बाहर स्थानांतरित करने और कॉलेज की स्थापना जैसी मांगें रखीं।

### गौशाला निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि मधुसूदनगढ़ में आवारा गौमाताओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बाइक और कार चालकों को सड़क पर चलने में दिक्कतें आ रही हैं, जबकि कई गौमाताएं ट्रकों की चपेट में आकर घायल हो चुकी हैं। नगर परिषद होने के बावजूद अब तक गौशाला का निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल गौशाला बनाने की मांग की।



### बस स्टैंड निर्माण पर जोर

ग्रामीणों का कहना है कि बस स्टैंड नहीं होने की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सरकार द्वारा इसके लिए जमीन चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन वहां दोबारा अतिक्रमण शुरू हो गया है। बसें नगर के अंदर न आकर बायपास पर ही यात्रियों को उतार देती हैं, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दिक्कत होती है। उन्होंने बस स्टैंड का नामकरण स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के नाम पर करने की मांग भी की।

### किले के रास्ते का निर्माण हो

ज्ञापन में बताया गया कि मधुसूदनगढ़ किले पर कई धार्मिक स्थल हैं, जहां लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। नगर परिषद पार्क तो बना रही है, लेकिन किले तक जाने का रास्ता अब तक नहीं बनाया गया है। लोगों ने इस मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की।

युवाओं ने कहा कि नगर में खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने का अवसर नहीं मिल रहा। खेल सुविधाएं न होने के कारण कुछ युवा नशे की ओर भी बढ़ रहे हैं। साथ ही, नगर में कॉलेज न होने से विद्यार्थियों को दूर-दराज जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने मंडी को नगर से बाहर शिफ्ट करने और उसकी जगह खेल मैदान व कॉलेज बनाने की मांग की।

### मंडी को नगर से बाहर स्थानांतरित किया जाए

ज्ञापन में कहा गया कि बढ़ती जनसंख्या के कारण कृषि मंडी अब नगर के अंदर आ चुकी है, जिससे यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। ट्रैक्टरों और भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ग्रामीणों ने मंडी को नगर से बाहर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य के राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार और पूर्व पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया को भी भेजी गई है। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा ने हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

**गुना।** भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बूढ़े बालाजी स्थित वीरेंद्र लोक में किया गया। कार्यक्रम की विशेषता फूलों की होली रही, जिसमें सभी सदस्यों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आए सदस्यों का विशेष स्वागत किया गया। शालिनी धाकड़ ने भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाई, जबकि आकांक्षा यादव राधा बनीं।

समारोह के दौरान शाखा अध्यक्ष श्रीमती इंदु सोनी ने रंगों के खेल का आयोजन किया, वहीं सचिव नीरज अवस्थी द्वारा एक फन गेम आयोजित किया गया, जिससे सभी उपस्थितजनों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष सरिता ग्रोवर ने शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह से लेकर अब तक की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रीति जैन, प्रतिभा मिश्रा, किरण रैकवार सहित परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया।

## एसपी ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**गुना।** जिले वासियों की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रति मंगलवार गुना पुलिस कंट्रोल रुम स्थित सभागृह में जनसुनवाई की। इस दौरान एएसपी मानसिंह ठाकुर, प्रभारी सीएसपी भरत नोटिया, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, प्रभारी एसडीओपी चांचौड़ा महेन्द्र गौतम आदि अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से अपनी शिकायत लेकर आए आवेदकों को समक्ष में ध्यानपूर्वक सुना गया एवं जिनकी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनकी समस्याओं के वैद्यानिक समाधान हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने हेतु जनसुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडे सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**कार्रवाई** 10-11 मार्च की मध्यरात्रि में संपूर्ण जिले में थाना स्तर पर एक साथ कॉम्बिंग गस्त किये जाने के निर्देश दिए

# जिलेभर की पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग गश्त, 182 वारंटी दबोचे

सत्ता सुधार ■ गुना

एसपी संजीव कुमार सिंहा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुना पुलिस ने एक साथ कॉम्बिंग गश्त किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों से जारी वारंटों में वर्षों से फरार चल रहे 75 स्थाई एवं 100 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 182 वारंटी गिरफ्तार किए। दरअसल 10-11 मार्च की मध्यरात्रि में संपूर्ण जिले में थाना स्तर पर एक साथ कॉम्बिंग गस्त किये जाने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार मध्यरात में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा थाना स्तर पर एक साथ व एक समय में कॉम्बिंग गस्त की गई। उक्त सभी टीमों को संबंधित थानों पर अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए




गए। तदउपरांत पुलिस टीमें अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना हुई। गुना पुलिस द्वारा संपूर्ण जिले में की गई इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी आरोपियों, जिला बदर बदमाशों आदि सहित विभिन्न लंबित अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की गई। जिसमें पुलिस के हाथ कई सफलताएं लगीं हैं।

इस दौरान विभिन्न न्यायालयों के अलग-अलग प्रकरणों में जारी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 75 स्थाई एवं 100 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही माननीय उच्च न्यायालय से जारी 2 वारंट, चैक वाउंस के 04 वारंट व 01 बसूली वारंटी को भी गिरफ्तार कर कुल 182 वारंटी गिरफ्तार किये गये हैं, जिनमें गुना कोतवाली में 8 स्थाई, 22 गिरफ्तारी, कैंट थाने में 8 स्थाई, 25 गिरफ्तारी, हाई कोर्ट के 02, 138 एनआई एक्ट के 4 व वसूली वारंट 1, बजरंगगढ़ थाने में 1 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, म्याना थाने में 1 स्थाई व 8 गिरफ्तारी, बमौरी थाने में 2 स्थाई व 16 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाने में 1 स्थाई, 5 गिरफ्तारी, सिरसी थाने में 2 स्थाई, राघौगढ़ थाने में 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी, आरोन थाने में 15 स्थाई 4 गिरफ्तारी, विजयपुर थाने में 4 गिरफ्तारी, धरनावदा थाने में 7 स्थाई व 5 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाने में 7 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, कुम्भराज थाने में 3 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, मृगवास थाने में 3 स्थाई, जामनेर थाने में 3 स्थाई तथा मधुसूदनगढ़ थाने में 7 स्थाई, 1 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गये हैं। इस दौरान जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों से जिला बदर बदमाश, हिस्ट्रीशीट व गुंडा बदमाश भी पुलिस द्वारा चैक किये गये। जिले में इस प्रकार की कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रखीं जावेगीं और किसी भी प्रकार के अपराधियों और उनका अपराध में सहयोग करने वालों को गुना पुलिस द्वारा किसी भी स्थिति में बख्सा नहीं जावेगा।

## अवैध हूटर और व्हीआईपी पदनाम वाले डेढ़ दर्जन वाहनों को पकड़ा, 30 हजार का लगाया जुर्माना

**गुना।** शहर में अवैध हूटर, व्हीआईपी पदनाम लिखे निजी वाहनों पर पुलिस की चालानी कार्यवाही जारी है। इस दौरान 20 वाहनों पर कार्यवाही कर 30 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया। दरअसल पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर निजी वाहनों में अवैध रूप से लगाये गये हूटर, लाल, पीली, नीली बत्ती, गलत नंबर प्लेट, व्हीआईपी स्टिकर (कोई भी पदनाम) आदि वाहनों पर कार्यवाही हेतु संचालित विशेष अभियान के तहत गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के दिशा-निर्देशन एवं एएसपी मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में पुलिस द्वारा वाहनों की सघन चैकिंग कर इस प्रकार के वाहनों पर सख्त चालानी कार्यवाहियां कर हूटर आदि को जप्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने यातायात बल के साथ शहर के जयस्तंभ चौराहे पर गत रात वाहनों की सघन चैकिंग की गई। इसके अतिरिक्त जिले के थाना बजरंगगढ़, चौकी बीनागंज व चौकी रूठियाई पुलिस द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र के टोल नाकों पर चेकिंग लगाकर वाहनों की चैकिंग की गई। चेकिंग के दौरान निजी वाहनों पर लगे अवैध हूटर्स को निकालकर जप्त किया गया एवं व्हीआईपी प्लेट और गलत नंबर प्लेट्स को मौके को भी निकलवाया गया।



हर एक के लिए फुर्सत के मायने अलग-अलग होते हैं। जैसे कुछ लोगों के लिए फुर्सत या छुट्टी का मतलब है बस घर में बैठे-बैठे कुछ करते रहना। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ।

# समय निकालकर लें छुट्टियों का भरपूर आनंद

कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढ़ना, बहुत दिनों से अधूरी पड़ी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली-बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड़ में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना.। ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और.। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

## फुर्सत यानी कुछ और

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा।

एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है।

लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

## रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है। मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं-'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है। सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

## चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं।

## तय हो योजना

आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

## जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

## छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

## तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

## तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

## सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।





# जुड़वां बच्चे इन्हें दें खास देखभाल

प्रेग्नेंसी किसी भी स्त्री के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आती है लेकिन यह अपने साथ कई जटिलताएं भी लाती हैं। अगर गर्भ में जुड़वां बच्चे हों तो स्थिति और भी मुश्किल होती है। ऐसे में जरूरी होता है कि गर्भावस्था के दौरान खानपान का ध्यान रखा जाए, नियमित जांच कराई जाए और डॉक्टर के सुझाव पूरी तरह माने जाएं, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ और खुश रहें।

## जब हो ट्विन प्रेग्नेंसी

गर्भाशय का आकार सामान्य से बड़ा हो और एक से अधिक गर्भ की हार्टबीट्स सुनाई दे रही हों तो डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसी से पता लगता है कि यह ट्विन प्रेग्नेंसी है या नहीं। जैसे ही ट्विन प्रेग्नेंसी का पता चले, अपने और होने वाले बच्चे की बेहतरी के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं। ट्विन प्रेग्नेंसी की जटिलताएं सिंगल प्रेग्नेंसी से अलग होती है। इस दौरान कुछ खास परेशानियां हो सकती हैं- ट्विन प्रेग्नेंसी में गैस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान कमजोरी अधिक हो सकती है। प्रसव के बाद ब्लीडिंग का खतरा भी ज्यादा रहता है। ट्विन प्रेग्नेंसी के अधिकतर मामलों में डिलिवरी के लिए सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। प्रीमैच्योर बर्थ की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा गर्भ पर अधिक भार के कारण शरीर में दर्द हो सकता है।

## ताकि प्रेग्नेंसी रहे सुखद

ट्विन प्रेग्नेंसी में एक से अधिक बार चेकअप की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि कई बार एक बच्चा कमजोर होता है और दूसरा स्वस्थ। ट्विन प्रेग्नेंसी में हर चौथे सप्ताह में चेकअप अवश्य कराएं। जैसे-जैसे प्रसव का समय नजदीक आता है डॉक्टर कुछ टेस्ट्स और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कह सकते हैं। ट्विन प्रेग्नेंसी में वजन अधिक बढ़ जाता है और यह बच्चे के विकास के लिए जरूरी भी होता है।

## इस दौरान रखें स्वास्थ्य का खयाल

- यदि किसी का वजन औसत है तो गर्भावस्था के दौरान प्रतिदिन सामान्य से लगभग 600 अतिरिक्त कैलरीज की जरूरत पड़ती है। कितनी कैलरी लेना होगी यह वजन, जरूरत और दिनचर्या पर निर्भर करता है।
- पोषक तत्वों का सेवन करें। फॉलिक एसिड, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और दूसरे आवश्यक पोषक पदार्थों का सेवन अवश्य किया जाना चाहिए।
- गर्भावस्था में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है ताकि शरीर में जल का सही स्तर बना रहे।
- उपवास या व्रत से बचें और भूखे पेट न रहें। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा बीच-बीच में हेल्दी स्नैक्स लें।
- बेड रेस्ट की सलाह खास जटिलताएं होने पर ही दी जाती हैं। आमतौर पर डॉक्टर सामान्य कार्य करने की सलाह देते हैं इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के बेडरेस्ट न करें। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि बेड रेस्ट से प्रीमैच्योर डिलिवरी का खतरा बढ़ता है।
- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा हो या तेज सिरदर्द हो तो डॉक्टर को दिखाएं।
- वजन ज्यादा होने से पैरों में सूजन आती है, इसलिए पैर लटकाकर देर तक न बैठें।
- नमक का सेवन कम करें ताकि ब्लडप्रेशर अधिक न बढ़े।

# बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे



पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।

रैंकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

## अभिभावक क्या करें

### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं।

### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

### पैरेंट्स डायरी

हर कीमत पर बच्चे की मदद को तैयार रहें। उसकी शारीरिक-भावनात्मक स्थिति पर नजर रखें और प्रोफेशनल की मदद लेने को भी तैयार रहें। ताकि बच्चा अवसाद से न घिरे।

उसे भावनात्मक लगाव और सहयोग दें। उसकी बातें सुनें, आलोचना न करें और उनसे लगातार संवाद बनाएं रखें। उसे अधिकाधिक सूचनाएं दें। लाइब्रेरी की सदस्यता दिलाएं, स्पोर्ट्स क्लब जॉइन कराएं, दोस्तों से मिलने-जुलने को प्रेरित करें, इंटरनेट पर दिलचस्प जानकारियां लेने को कहें, सामाजिक संस्था से जोड़ें।

### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है। उचित मार्गदर्शन, प्यार, विश्वास और धैर्य के साथ बेझिझक बातचीत करते हुए बच्चे के मन की बात जानना बेहद जरूरी है ताकि वह हर बात को बिना किसी डर के आपके समक्ष रख दे। शारीरिक हालत को देखते हुए तुरंत बच्चे की मनस्थिति समझने का प्रयास शुरू कर दें।]





# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आईं, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया? क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला? श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

### बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



# टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया

रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

### फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए

टीवी की तारीफ करने के अलावा रुपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, 'कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

# जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।



# पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। 'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं'। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।





# प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### फ्री में प्रभास ने किया काम

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।

### प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

### फिल्म की शूटिंग और निर्माण

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





# मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

### करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक

आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म 'शहजादा' पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

### करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

### करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्डस को भी होस्ट करते दिखेंगे।



# रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।



## ब्रीफ न्यूज

### 14 मार्च को होगा राठौर समाज का अनराव कार्यक्रम

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी राठौर समाज होली के पर्व के अवसर पर अनराव परिवार के लिए गंज स्थित राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर पार्क में सम्पन्न होगा। राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, महामंत्री पूरन सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार राठौर, उपाध्यक्ष देवेंद्र राठौर, मंत्री राजकुमार राठौर, मुकेश राठौर, अशोक राठौर, युवा अध्यक्ष भानु राठौर, महिला अध्यक्ष सविता राठौर ने समाज के लोगों से अनराव कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। समाज अध्यक्ष राचंदर राठौर ने बताया कि अनराव स्थल पर सभी अनराव परिवारों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

### खाटू श्याम मंदिर पर ग्यारस पर किया गया फाग उत्सव का आयोजन

**सीहोर।** सीहोर भोपाल बाईपास स्थित खार्टश्याम मंदिर पर ग्यारस पे भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पोहोचकर बाबा खाटू श्यामजी के साथ फूल और गुलाल की होली खेली एवं प्रसादी ग्रहण की जानकारी देते हुए खार्टश्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि हर ग्यारस पर प्रसादी एवं कोई ना कोई धार्मिक आयोजन मंदिर पर रखे जाते है इसी तारतम्य में आगामी होली के पर्व को लेकर इस ग्यारस पर भी मंदिर पर फाग उत्सव का आयोजन रखा गया था इस अवसर पर बाबा का आलोकिक श्रृंगार किया गया था एवं निन्शुल्क प्रसादी का वितरण किया गया था।

### चार दिनों से अंधेरे में गुरूधामवासी, लाइनमेन ने काटी लाइन

**अशोकनगर।** शहर से सटे ग्राम टकनेरी की गुरूधाम बस्ती में चार दिनों से ग्रामीण अंधेरे में हैं। बस्तीवासियों का कहना है कि लाइनमेन ने अपने हेल्पर को ट्रांसफार्मर पर चढ़ाकर तारों को काट दिया है, जिससे शुक्रवार से लोगों के घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। दरअसल विद्युत कंपनी गुरूधाम बस्ती को अवैध बताकर लोगों को नवीन कनेक्शन नहीं दे रही, जिससे आधा सैकड़ा लोग तार डालकर अपने घरों में उजियारा करते हैं। अधिकारियों का कहना है कि गुरूधाम बस्ती अवैध बस्ती है, भले ही वहां के लोग विधायक, सांसद, सरपंच को अपना वोट देते हों लेकिन हमारी दृष्टि में गुरूधाम बस्ती अवैध बस्ती है। इसलिए हम वहां बिजली के कनेक्शन नहीं देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से लोग बिजली के तार डालकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन धीरे धीरे बस्ती में मकान बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय-समय पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए राशि भी जुटाते हैं, लेकिन अब लाइनमेन व उनका हेल्पर ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के अद्यीक्षण यंत्री अशोक शर्मा से शिकायत की है।

#### इनका कहना है....

मैंने डीजीएम को जांच के लिए कहा है। उचित कार्रवाई की जावेगी।

**अशोक शर्मा, अद्यीक्षण यंत्री विद्युत कंपनी अशोकनगर**

---

मड़खेड़ा में शासकीय चरनोई की भूमि पर दबंग भू-माफिया का कब्जा

# गौवंश का निवाला छीन अपना पेट भर रहे अवैध कब्जा धारी, भूखे प्यासे मारे - मारे फिर रहे मवेशी

### खेती कर कमा रहे लाखों,मिल बांटकर मौज उड़ा रहे अतिक्रमण कारी

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर



जिले भर में गौवंश का निवाला छीनकर अपना पेट भरने वाले अवैध कब्जा धारियों की बदौलत निराश्रित मवेशी भूखे प्यासे मारे मारे फिर रहे। इतना ही नहीं अवैध कब्जाधारी चारागाह की जमीन पर खेती कर हर वर्ष लाखों रुपए कमा रहे हैं और मिल बाटकर मौज उड़ा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अशोकनगर तहसील अंतर्गत ग्राम मड़खेड़ा में सामने आया, जहां शासकीय चरनोई की भूमि पर गांव के दबंग भूमाफिया ने कब्जा कर रखा है, और मजे से खेती कर लाखों कमा रहा है, और गांव का गौवंश,मवेशी भूखा प्यास मारा मारा फिर रहा है। मड़खेड़ा गांव में सर्वे नंबर 9 रकवा 2.4050 शासकीय चारागाह की भूमि पर दबंग भू-माफिया ने कब्जा कर रखा है, बरसों से खेती कर लाखों रुपए कमा रहा है। लेकिन ना तो प्रशासन को इसकी खबर, न ही हल्का पटवारी को, यह कैसे संभव है कि गांव में शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण हो और पटवारी की जानकारी में ना हो। ग्राम मड़खेड़ा की हल्का पटवारी श्रीमती रिचा शर्मा से इस संबंध में जानकारी लेने के लिए उन्हें फोन लगाया तो उनके पति अनिल शर्मा ने फोन उठाया और बताया कि पिछले एक वर्ष से हल्का में पदस्थ है, लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि गांव के सर्वे नंबर 9 की जमीन पर किसका कब्जा है। जबकि उक्त सर्वे नंबर की जमीन पर कब्जाधारी की फसल बुवी हुई है, एक तरफ कलेक्टर सुभाष द्विवेदी द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर, एसडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित कर शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटाने का काम जारी है, दूसरी तरफ हल्का पटवारी को अपने हल्का की जमीन पर अतिक्रमण के बारे में ही जानकारी नहीं है। इससे लगता है कि राजस्व का जमीनी अमला कितना वेपरवाह है,और शासकीय जमीनों पर दबंग भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों की मौज चल रही है। हालांकि इनके पूर्व हल्का में कालूराम मेहरा लंबे समय तक पदस्थ रहे लेकिन पिछले वर्ष हटकर दूसरे हल्का में पहुंच गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त सर्वे नंबर की शासकीय चरनोई की भूमि पर करीब 20 साल से अतिक्रमणकारी भू-माफिया का कब्जा है।

---

# अखिल भारतीय लोधी,लोधा,लोध महासभा द्वारा जीतू पटवारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

## लोधी समाज का प्रदर्शन, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रानी अवंतीबाई,लोधी समाज का अपमान किया

### लोधी समाज अध्यक्ष ने कहा प्रहलाद पटेल ने स्वजातीय बंधुओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, मितव्यई बनने का आह्वान किया था

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा द्वारा मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी, समाज का अपमान किए जाने का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार शंभू सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा गया।



### समाज के जिलाध्यक्ष ने बताया वीरांगना का इतिहास

लोधी समाज के जिला अध्यक्ष बाली सिंह लोधी ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का इतिहास बताते हुए कहा कि उनका जन्म सन् 1831 में म प्र के सिवनी जिले की ग्राम मनकेड़ी में हुआ था। सन् 1857 में भारत माता को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अंग्रेजों से युद्ध करते-करते 20 मार्च 1858 को मंडला जिले के बालपुर शाहपुर में जो वर्तमान में डिंडोरी जिला है, की युद्ध भूमि में बलिदान हुआ था। रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान के पश्चात् रानी की सम्पूर्ण संपत्ति जप्त कर ली थी एवं बेटी-बेटों व समस्त परिवार जनों को जेलों में डाल दिया गया था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष,विघ्न संतोषियों को प्रतिमा लगाना नहीं लगा अच्छाः उन्होंने कहा कि सफल कार्यक्रम होने से सोहार्द्र पूर्ण वातावरण निर्मित होने के कारण कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य विघ्नसंतोषी तत्वों को रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लगाना अच्छा नहीं लगा एवं बिना सोचे समझे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को अपमानित करने की मानसिकता से कार्यक्रम को अनर्गल बयान देकर विवादित बना दिया जबकि प्रहलाद सिंह पटेल, जो लोधी समाज के गौरव हैं, साथ ही केंद्रीय राजनीति में भी सक्रिय हैं उनको स्व.कल्याण सिंह पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र. का आर्शीवाद प्राप्त है। हमारे नेता हैं, आदर्श हैं, मां नर्मदा परिक्रमा-वासी, सुचिता की राजनीति करते हैं, स्पष्टवादी हैं। ऐसे नेता को बदनाम करने के लिये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वीडियो को तोड-मरोड़ कर हुई बात को ना बताकर आधी-अधूरी बात, जनता में भ्रम फैलाने, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी एवं सम्पूर्ण लोधी लोधा लोध समाज को अपमानित किया है, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के कारण लोधी लोधा लोध समाज अपने आप को अपमानित महसूस कर रही है। इसलिये ज्ञापन के माध्यम से मांग है कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी एवं लोधी लोधा लोध समाज को अपमानित करने के लिये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज की जाए। समाज का अपमान करने वाले जीतू पटवारी समाज से माफी मांगे, जानबूझकर समाज में भ्रम फैलाने षड्यंत्र करने का मामला दर्ज किया जाए। तीन दिवस में कठोर कार्रवाई की जाए अन्यथा समाज संपूर्ण देश प्रदेश में आंदोलन एवं सत्याग्रह के लिए बाध्य होगी। इसके पूर्व समाज के लोग रैली के रूप में नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां ज्ञापन सौंपा गया।

### प्रहलाद पटेल ने स्वजातीय बंधुओ से किया था आवाह्न -

उन्होंने बताया कि गत 1 मार्च को ग्राम सुठालिया, जिला राजगढ में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लोधी लोधा लोध समाज द्वारा स्थापित की गई थी, जिसका लोकार्पण करने समाज ने मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को जो हमारे परिवारजन भी हैं, क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच एवं अन्य चुने हुए जनप्रतिनिधियों को लोधी समाज ने आमंत्रित किया था। क्षेत्रीय व्यापारियों सहित अन्य सभी को सम्मान पूर्वक वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के सम्मान के लिये आग्रह पूर्वक निवेदन किया गया था। जिस कारण हजारों की संख्या में स्वजातीय एवं अन्य बंधु बांधव वीरांगना को सम्मान देने पहुंचे थे। रानी अवंतीबाई की प्रतिमा के अनावरण से क्षेत्र में भाईचारे का वातावरण निर्मित हुआ है। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए,वीरांगना के चरित्र को आत्मसात करने के साथ यह भी आग्रह किया था कि समाज स्वावलंबी,आत्मनिर्भर, मितव्ययी बने। हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलायें साथ ही समस्त प्रकार के व्यसनों,बुराईयों से दूर रहें, जिससे हमें छोटी-छोटी जरूरतों के लिये दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े, किसी के सामने भीख न मांगना पड़े। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि क्षेत्र के 100-200 युवा साथी समाज को नशा मुक्त कराने का संकल्प लेते हैं तो मैं स्वयं उनके बीच आकर सहयोग करूंगा।

---

# डी बी सी पी एल ने महिला दिवस पर सी एस आर का उदाहरण पेश किया



**सीहोर।** डी बी सी पी एल ने महिला दिवस पर जरूरत मंद परिवार की 60 लड़कियों को रोजगार के आफर लेटर के साथ निः शुल्क सी सी स्किल सर्टिफ़िकेट वितरित कर सम्मानित किया। डी बी सी पी एल के माध्यम से पीपल ट्री फाउंडेशन द्वारा संचालित सी सी ई एवं जी डी ए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम निःशुल्क खाने, पीने रहने की उचित व्यवस्था के साथ भोपाल एवं देवास में संचालित किया जा रहा है। पीपल ट्री फाउंडेशन राज्य प्रमुख देवेन्द्र शमाज् ने बताया कि हमारा ये प्रोग्राम पिछले पांच सालों से देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन के सौजन्य से संचालित किया जा रहा है, जहा जरूरत मंद परिवार की लड़कियो से मोबलाइजिंग टीम ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों मे विजिट कर संपर्क में रहती है तथा अविभावको को सेंटर मे ला कर सारी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि से संतुष्ट कर 35 लड़कियो का प्रति माह प्रशिक्षण बैच बनाया जाता है। एम पी आर डी सी के अंतर्गत प्रदेश में तमाम सड़को का सचालन किया जा रहा है, किन्तु हाईवे कन्सेशन द्वारा संचालित देवास भोपाल फोर लेन प्रदेश में सी एस आर का उदाहरण पेश करता हुवा प्रतीत होता है। जहा देवास भोपाल फोर लेन मार्ग खड्डु मुक्त है ,वही देवास भोपाल फोर लेन की कई अच्छी बाते सामने आयी है । देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन से पुछ ताछ में पता चला की जहा एक तरफ सड़क रख रखाव के लिए नियमित कार्य चलता है तो वही अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रशिक्षण के साथ अच्छी सवास्थ्य सुविधाएं प्रोजेक्ट निरामया के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों एवं कर्मचारियों को मुहैया कराई जाती है। इस मौके पर डी बी सी पी एल परियोजना संचालक अजय मिश्रा, सी एस आर प्रबंधक उमा शंकर पाण्डेय,जोनल हेड पीपल ट्री फाउंडेशन देवेन्द्र शर्मा ,केंद्र प्रबंधक देवास महेंद्र चौहान,केंद्र प्रबंधक भोपाल हिमांशु पटेल, अरुण वर्मा प्लेसमेंट अधिकारी अभय पटेल प्रशिक्षक ग्राहक सेवा,बुबुल मालवीय - ट्रेनर जीडीए, पूजा वर्मा टेलीक्लर कल्पना भारती , परामर्शदाता सुरक्षा कथाने टेली कालर आदि शामिल थे।

---

# लाइन मैन द्वारा फर्जी पंचनामा बनाकर विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया

**अशोक नगर।** जिले की पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम मलावनी में एक अनोखा मामला सामने आया है



जिसमें गांव में पदस्थ विद्युत वितरण कंपनी के लाइनमैन द्वारा एक व्यक्ति पर विद्युत चोरी का झूठा प्रकरण बनाकर, उसे नोटिस पहुंचाया,और प्रकरण को लोक अदालत में पहुंचाया,उसे डरा धमका कर लोक अदालत में समझौता कराकर राशि जमा करबाई,चूंकि झूठे प्रकरण का शिकार व्यक्ति शासकीय कर्मचारी होने की वजह से लाइनमैन की ज्यादतियां सहते हुए,बेकसूर होकर भी लोक अदालत में समझौता कर राशि का भुगतान कर चुका लेकिन,इस बात से व्यथित होकर मंगलवार को उसने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर मामले की जांच कराकर लाइनमैन पर झूठा प्रकरण बनाने और निर्दोष व्यक्ति को फंसाने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। जबकि बिजली विभाग द्वारा जिस जगह का प्रकरण बनाया है, वहां ना तो उसके नाम कोई जमीन है, ना ही कोई विद्युत कनेक्शन है फिर कैसे उसने बिजली चोरी कर ली और कैसे कंपनी ने पंचनामा बनाया, कैसे प्रकरण बनाया। जबकि पीड़ित दोनों पैरों से दिव्यांग है।

**यह पूरा मामला**

पीड़ित शिकायतकर्ता वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि बिजली कंपनी के लाइनमैन अनिल यादव, महेन्द्र यादव द्वारा उसके खिलाफ ग्राम मालवली में 8 एचपी मोटर चलाते हुए विद्युत चोरी करने का आरोप लगाते हुए फर्जी पंचनामा एवं प्रकरण बनाया। जिसमें गांव के किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर नहीं है, लाइनमैन ने फर्जी कनेक्शन क्रमांक एन 513130 पर दिनांक 8 जनवरी 2025 को स्वयं के द्वारा बनाया तथा उसकी स्वयं ही जांच कर पंचनामा बनाया। जबकि उक्त कनेक्शन के लिए न तो पीड़ित शिकायतकर्ता ने आवेदन दिया था और ना ही कनेक्शन शुल्क जमा की थी। लाइनमैन ने उनके नाम मनगढ़ंत कनेक्शन लगा दिया। जब लोक अदालत के दो दिन पूर्व उन्हें इस संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ तो उनके होश उड़ गए और आनन-फानन में उन्होंने डरकर, लोक अदालत का सम्मान करते हुए 25971रुपये के एवज में 30 प्रतिशत छूट के साथ लोक अदालत में 19025 रुपए की समझौता राशि जमा कर दी। बाद में उन्होंने व्यथित होकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत की। और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

---

### पत्रकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में जिला मीडिया क्लब ने राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** हाल ही में मध्य प्रदेश में पत्रकारों पर बढ़ते हमलों के विरोध में जिला मीडिया क्लब, अशोकनगर ने महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर महोदय के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में रायसेन में एक पत्रकार की पीट-पीटकर हत्या, कोलारस में पत्रकार पर हमले और सागर में पत्रकार के साथ बदसलूकी जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। जिला मीडिया क्लब ने ज्ञापन के माध्यम से राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग की, ताकि पत्रकार निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। साथ ही, पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को सख्त दिशा-निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला मीडिया क्लब के संरक्षक ओमप्रकाश रघुवंशी, राजकुमार लोधी, गौरव जैन सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

---

**भयभीत पचामा के किसान परिवार ने की कार्वाही की मांग**

# बलपूर्वक हार्वेस्टर से कटवा दी खेत में खड़ी गेहू की फसल

सत्ता सुधार ■ सीहोर



वृद्ध विधवा महिला के खेत पर खड़ी गेंहू की फसल को बलपूर्वक हार्वेस्टर से कटवा दिया गया। भयभीत आतंकित ग्राम पचामा के किसान परिवार ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई। न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर अनावेदक के पक्ष में राजस्व अमले के द्वारा की गई एक पक्षीय कार्वाही को लेकर भी किसान परिवार ने आक्रोश व्यक्त किया। मंगलवार को परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची शकुंतला बाई पत्नी स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह ने कलेक्टर को बताया कि ससुर हिम्मतसिंह के नाम की पैतृक भूमि सर्वे नं. 53/1. 53/2, 54/2, 149, 191, 268/622/268, 409, 527, 269, 55, 61, 267, 260, 410, 524, 525, 526, 580/1 रकबा 18.242 हैक्टेयर ग्राम थंनाकलां में स्थित है। जिस में अपने हिस्से 1/3 के संबंध में व्यवहार न्यायाधीश सीहोर के न्यायालय में दिवानी वाद अनावेदकों के विरूध चल रहा है, इस मामले में 12 मार्च को सुनवाई होना है। इस के पहले हीं 10 मार्च सोमवार को अनावेदकों के साथ खेत पर पुलिस के साथ पहुंचकर राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने मेरे पुत्रों को झूठे प्रकरण में फंसवाने की धमकी देकर खेत में खड़ी लगभग 150 क्विंटल गेंहु की फसल जिस की कीमत 3 लाख 90 हजार रूपये की फसल को बलपर्वक हार्वेस्टर से कटवा दिया गया।

---

# जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या, मारपीट के मामले में चार को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम जिला अशोकनगर श्री राकेश कुमार पाटीदार द्वारा जिले के बहादुरपुर थाना अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या एवं मारपीट के मामले में चार अभियुक्तों रामवीर सिंह पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 22 वर्ष, सीताराम पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 30 वर्ष, राजकुमार पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 25 वर्ष, बादाम सिंह पुत्र मंगल सिंह गुर्जर उम्र 60 वर्ष सभी निवासी ग्राम बंगला चौराहा थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर 3000 रुपए के अर्थ दंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी एडवोकेट ने की। अभियोजन के अनुसार ग्राम इकोदिया निवासी फरियादी नाहर सिंह की बुवी हुई जमीन पर रामवीर गुर्जर सीताराम गुर्जर राजकुमार गुर्जर एवं बादाम सिंह गुर्जर घटना दिनांक 26 जून 2021 को दोपहर करीब 11:00 बजे बोनी कर रहे थे। उसने व उसके पिता राजधर चाचा ग्याप्रसाद एवं शिशुपाल ने जाकर उन्हें बोनी करने से मना किया तो चारों अभियुक्त गण अश्लील बुरी बुरी गालियां देकर, जाति सूचक शब्द से संबोधित कर बोले जमीन हमारी है, तुम कौन होते हो हमें बोनी करने से रोकने वाले, उसने गालियां देने से मना किया तो सीताराम ने कुल्हाड़ी की राजधर सिंह को मारी जिससे सिर, दाहिने हाथ की छोटी उंगली एवं शरीर में चोटें आई थी। राजकुमार ने ग्या प्रसाद को कुल्हाड़ी मारी जो सिर व शरीर में जगह-जगह चोटें आई तथा बादाम ने उसे लाठी की मारी जिससे उसके सिर, शरीर में जगह-जगह चोटें आई। नाहर सिंह की मां बती बाई, चाची सुंदर बाई, बहन ज्योति, भाई धीरज, एवं छोटा भाई समरथ उसे, उसके पिता राजधर एवं चाचा ग्या प्रसाद को बचाने आए तो, चारों अभियुक्त गण ने इसकी भी मारपीट की, जिससे इन्हें भी सिर व शरीर में जगह-जगह चोटें आई। मौके पर गोरेलाल व घसीटा अहिरवार थे, जिन्होंने घटना देखी व बीच- बचाव किया। आहत गण को बहादुरपुर के अस्पताल ले जाया गया।

---

**शिकायत** पक्का मकान एवं बाउंड्री वॉल बनाकर रह रहे हैं कब्जा धारी

# शासकीय विद्यालय की भूमि पर अवैध अतिक्रमण

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

जिले की शाढ़ौरा तहसील अंतर्गत ग्राम मढ़ी नामदार में शासकीय प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर गांव के दबंग भू-माफिया ने कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर पक्का मकान, बाउंड्री वॉल का निर्माण कर लिया है, जिससे विद्यालय की गतिविधियां प्रभावित हो रही है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर कलेक्टर से इसकी शिकायत की है। शिकायत में लिखा है कि विद्यालय की भूमि सर्वे नंबर 255 रकवा 0.2610 पर पिछले 15 वर्षो से दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। अतिक्रमणकारी विद्यालय की भूमि को अपनी पुश्तैनी संपत्ति बताकर अवैध रूप से पक्के मकान बना चुके हैं, तारबंदी कर दी है और विद्यालय के चारों ओर कोई स्थान खाली नहीं छोड़ा है। इससे स्कूल भवन पर भार बढ़ रहा है, जिससे दीवारों को नुकसान हो सकता है और विद्यार्थियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब भी किसी ग्राम वासी ने इस अवैध कब्जे को हटवाने के लिए आवाज उठाई, तो दबंगों ने उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। विधालय के शिक्षको ने अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से समस्या को गंभीरता से लेकर उचित समाधान की मांग की है।



### गौ-ठान की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा

**अशोकनगर।** जिले की मुंगावली तहसील अंतर्गत ग्राम छैवलाई में शासकीय गौठान की भूमि पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर रखा है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत की है कि गांव के रघुवीर पुत्र दौलत अहिरवार, देवेन्द्र पुत्र कमल लाल अहिरवार,महेश पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा, प्रीतम पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम छैवलाई ने गौठान की भूमि में पंजा फैरकर बोनी कर दी है। जिससे गौशाला की गायों को चरने की कोई जगह नहीं बची है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि मौका की जांच कर गौशाला की भूमि को तार फैंसिंग कर सुरक्षित करवाई जावे। जिससे गायों को चारा उपलब्ध हो सके।

## ब्रीफ न्यूज

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**उज्जैन।** होली, रंग पंचमी और रमजान के मद्देनजर शहर में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उज्जैन पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में निकाला गया ताकि नागरिक निर्भय होकर अपने त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

### प्रत्यक्षदर्शियों का खुलासा मस्जिद के अंदर से पत्थरबाजी हुई, जमाकर रखे थे पत्थर

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के महू शहर में भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत के जश्न के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस घटना में चार लोग घायल हो गए और तीन कारों सहित कई दोपहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील कर सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस में दर्ज एफआईआर साजिश की ओर इशारा कर रही है। मामले में अभी तक 40 लोगों पर नामजद एफआईआर है। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद महू शहर में जश्न का माहौल था। युवा क्रिकेट प्रशंसकों ने विजय जुलूस निकाला। जुलूस कई इलाकों से होकर जामा मस्जिद इलाके में पहुंचा। वहां पटाखे चलाने को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद कहासुनी हाथापाई में बदल गई।

### एआई से प्रोजेक्ट बनाने, वाइवा में जवाब नहीं देने वाले छात्रों पर गिरेगी गाज

**इंदौर।** छात्रों द्वारा परीक्षा में जो असाइनमेंट प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं। जब उनका वायवा होता है। छात्र यदि प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी परीक्षक के सवालों का को नहीं दे पाता है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय उसे नकल का प्रकरण मानकर छात्र के ऊपर कार्रवाई करेगा। छात्र आजकल एआई की मदद से प्रोजेक्ट तैयार करते हैं।सीनियर के प्रोजेक्ट की कॉपी कर लेते हैं।

### राजस्थान वनरक्षक परीक्षा पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी इन्दौर से गिरफ्तार

**इन्दौर।** पच्चीस हजार रूपए का इनामी राजस्थान वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक के मुख्य आरोपी हरीश सहारण को एसओजी ने मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। राजस्थान के बाड़मेर का निवासी हरीश मामला उजागर होने के बाद से ही फरार हो इन्दौर में रहकर फरारी काट रहा था राजस्थान पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था जिसे मुखबिर सूचना पर इन्दौर पहुंची एसओजी टीम ने धर दबोचा। बता दें कि राजस्थान वन रक्षक परीक्षा का आयोजन 13 नवंबर 2022 को दो पारियों में हुआ था जिसमें परीक्षा से पहले ही कुछ अभ्यर्थियों को आरोपियों द्वारा एक घर और एक होटल में पेपर हल कराए गए थे उनमें जो लोग शामिल थे उनमें से पांच ने तो नौकरियां भी हासिल कर ली थी। मामला उजागर होते ही हरीश सहारण फरार हो गया था।

### मंडी में उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने से अन्नदाता मायूस

# डालर चने की बंपर आवक, मंडी में वाहन खड़े रखने तक की जगह नहीं

**सत्ता सुधार ■ धामनोद**

स्थानिक कृषि उपज मंडी में डालर चने की बंपर आवक हो रही है। सोमवार करीब 700 से अधिक वाहन मंडी में विक्रय हेतु आए। स्थिति यह थी कि मंडी में वाहन खड़े रखने तक की जगह नहीं थी। देखते ही देखते मंडी के बाहर लंबा जाम लग गया, इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और वाहनों को धीरे-धीरे हटवाया और यातायात को सुचारु किया। मंडी के जीपी प्रजापति ने बताया कि अचानक से डालर चने की बंपर आवक बढ़ी है जिससे यातायात संबंधित समस्या भी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की है की मंडी में आवक को देखकर ही अपना माल विक्रय हेतु लाये और असुविधा से बचे। अन्य जिंसों की भी आवक लगातार मंडी



में हो रही है जिसमें मक्का के करीब 50 से 60 और कपास के 125 वाहन मंडी में विक्रय के लिए आए है।

### मौके पर लगा लंबा जाम एक घंटा यातायात अवरुद्ध

मंडी प्रांगण के बाहर और अंदर चारों तरफ डालर चने के वाहन खड़े दिखाई दिए। स्थिति यह बन गयी की मंडी में एक भी वाहन खड़ा करने की जगह नहीं बची। किसानों ने अपने वाहन मंडी के बाहर खड़े किए, इसके बाद मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया और आए हुए वाहनों की नीलामी करवाई। मंडी सचिव एम एस चौहान ने बताया कि शनिवार और रविवार के दिन बैंकों के अवकाश के कारण सोमवार को अधिक आवक हो गई जिससे किसानों को कुछ समय के लिए असुविधा हुई। उन्होंने बताया कि डालर चने की बंपर आवक मंडी मैं हो रही है, धामनोद में आसपास के क्षेत्र से ही नहीं बल्कि अन्य दूरदराज क्षेत्र अन्य जिलों के भी किसान अपनी उपज लेकर धामनोद मंडी में विक्रय हेतु आ रहे हैं।

### किसानों ने नाराजगी जताई

अचानक बढ़ी आवक से भाव में कमी हुई है जिससे किसान भी कुछ समय के लिए नाराज हो गए। उन्होंने मंडी गेट को बंद भी कर दिया, इसके बाद मौके पर पुलिस अधिकारियों और मंडी के अधिकारियों ने किसानों को समझाया तब जाकर किसान माने। करीब सभी जिंसों की आज मिलकर मंडी में 1000 से भी अधिक वाहन विक्रय के लिए आए जिनकी नीलामी मंडी प्रांगण में हुई।

# महू में तनाव के बाद इंदौर के संवेदनशील क्षेत्रों की लिस्ट बनी

### प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक में होली-गेर में सुरक्षा का नया प्लान

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

इंदौर में आगामी 14 मार्च को होली और 19 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गो से रंगारंग गेर भी निकाली जाएगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। गेर की व्यवस्थाओं को जिला प्रशासन, पुलिस और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों से और अधिक बेहतर बनाया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और कलेक्टर आशीष सिंह की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में दी गई। बैठक में आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा और एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की



तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। गेर शहर में परंपरागत रूप से निर्धारित मार्गो से निकाली जाएगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

**यूनेस्को में शामिल करने के लिए जरूरी दस्तावेज भेजे:** कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परंपरा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आर्थिक मदद भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गेर के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाए। अश्लील और अभद्र गाने नहीं बजाए जाएं। उन्होंने बताया गेर को यूनेस्कों की धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास जारी है। भारत सरकार के संस्कृति विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी

बैठक में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड के एक ही तरफ लगवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। हथियार सहित पकड़े जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। सीसीटीवी और वीडियो कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। सेक्टर वाइज कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर डीसीपी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। नागरिकों से आग्रह किया गया कि गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की गौरवशाली धरोहर है।

## ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में निमाड़ केंब्रिज स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी







**सत्ता सुधार ■ धामनोद**

निमाड़ केंब्रिज स्कूल, धामनोद में ब्लूम स्कूल ओलंपियाड्स द्वारा सत्र 2024-25 के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कक्षा 1ली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिंदी, गणित, जीव विज्ञान, रसयान शास्त्र, भौतिक शास्त्र और अंग्रेजी आदि विषयों में भाग लिया। विद्यालय के 71 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें से कई विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। जिसमें हर्षाली पाटील कक्षा पहली नेशनल रेंक 60, लसिका सोनी कक्षा दूसरी नेशनल रेंक 111, लविश पटेल कक्षा तीसरी नेशनल रेंक 156, टिवंकल पटेल कक्षा छठी नेशनल रेंक 176, प्राची सोनी कक्षा दसवीं नेशनल रेंक 431। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। संस्था के संचालक रामेश्वर पंवार व संजय पंवार, प्राचार्य विशाल पाटिल, कोऑर्डिनेटर जितेंद्र बचाने और समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इसी तरह आगे बढ़ते रहने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी उनके विद्यार्थी इसी लगन और समर्पण के साथ सफलता की नई ऊंचाइयां छूते रहेंगे।





# पेंशनर्स शिक्षकों के प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा



**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला उज्जैन के पदाधिकारियों ने पेंशनर्स शिक्षकों के अवकाश, नगदीकरण के प्रकरणों के निराकरण हेतु संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, संभाग उज्जैन जिला शिक्षा अधिकारी जिला उज्जैन एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उज्जैन से मुलाकात की। संबंधित अधिकारियों का सम्मान किया गया तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के अवकाश नगदीकरण के विभिन्न प्रकरणों के बारे में चर्चा की। बताया गया, कि लंबे अरसे से सेवानिवृत्त शिक्षकों के अवकाश नगदीकरण के प्रकरणों लंबित है, इनका शीघ्र से निराकरण किया जाए। पेंशनर्स संगठन के प्रतिनिधि मंडल में शमशेर सिंह तोमर उप प्रांताध्यक्ष, अशोक दुबे जिला अध्यक्ष, मंजुलता भाटी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्यारेलाल पालीवाल कोषाध्यक्ष, महेश कांत व्यास सह कोषाध्यक्ष, सुनील भट्ट, अशोक गोरे, राकेश शर्मा, शोभा पाठक, सावित्री मंडलोई, नरेन्द्र पाठक उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर में कल संध्या आरती के बाद होगा होलिका दहन

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। 14 मार्च को धुलंडी का पर्व मनाया जाएगा। श्री महाकालेश्वर भगवान की सायं आरती में सर्वप्रथम बाबा श्री महाकालेश्वर जी को हर्बल गुलाल व परंपरानुसार शक्कर की माला अर्पित की जाएगी। सायं आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में ओमकारेश्वर मंदिर के सामने होलिका के विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात होलिका दहन किया जाएगा। 14 मार्च को धुलण्डी के दिन प्रात: 4 बजे भस्मार्ती में सर्वप्रथम बाबा श्री महाकालेश्वर को मंदिर से पुजारी-पुरोहितों द्वारा हर्बल गुलाल अर्पित किया जाएगा। परम्परानुसार ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर भगवान की आरतियों के समय में परिवर्तन होगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि, 15 मार्च से परम्परानुसार ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर भगवान की आरतियों के समय में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से अश्विन पूर्णिमा तक परिवर्तन होगा। जिसमें प्रथम भस्मार्ती- प्रात 4 से 6 बजे तक, द्वितीय दद्योदक आरती प्रात 7 से 7:45 बजे तक, तृतीय भोग आरती प्रात 10 से 10:45 बजे तक होगी।

# भक्ति में सरोबार महिलाएं फाग उत्सव में झूम उठी स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव

**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल उज्जैन द्वारा ढाबा रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला परिसर में फाग महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। महिला मंडल द्वारा आयोजित इस फाल्गुन संध्या के कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा फाल्गुन के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय बना दिया। उज्जैन स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शीला सोनी ने बताया कि फाग उत्सव का आयोजन स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा पारंपरिक रूप से किया जाता रहा है। धार्मिक वातावरण में गुलाल एवं फूलों से होली खेली जाती हैं, श्री राधा-कृष्ण को हिंडोले में बैठाकर सभी महिलाओं द्वारा फाग उत्सव के प्रतीक, लाल, पीले और केसरिया फूल एवं रंगों में सजकर भक्ति भावपूर्ण भजनों पर रंगारंग नृत्य किया जाता है।



### फाग उत्सव में ये थे मौजूद

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शीला सोनी, सचिव श्रीमती छाया सोनी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रजनी सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा सोनी, श्रीमती सादुबला सोनी, श्रीमती सुमित्रा सोनी, श्रीमती रजनी सोनी सहित पदाधिकारीगण उषा सोनी, ज्योति सोनी, अनीता सोनी, ममता सोनी, प्रियंका सोनी, किरण सोनी, रेखा सोनी, सविता सोनी, मंजू सोनी, रोमा सोनी, अर्चना सोनी, रजनी सोनी, शीतल सोनी, भारती सोनी, राधिका सोनी, स्वीटी सोनी, कृष्णा सोनी, ममता वर्मा, वर्षा सोनी, दीपिका सोनी, मंजू सोनी, अर्चना सोनी, भारती सोनी, संगीता सोनी, शिवानी सोनी, स्मिता सोनी, रुपाली सोनी, रानी सोनी, ममता सोनी, रिंकी सोनी, पूजा सोनी, पुष्पा सोनी, सीमा सोनी, गरिमा सोनी आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

## समाधान

### शिकायत का समाधान कहां तक पहुंचा, कब तक पूरा होगा और कोई बाधा तो नहीं है?

# परीक्षा, रिजल्ट, डिग्री से लेकर माइग्रेशन के समाधान अब एप पर मिलेंगे

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी पहली बार छात्रों से जुड़ी समस्याओं व शिकायतों के लिए इसी माह एप लॉन्च करेगी। एप पर यूटीडी के 13 हजार व संबद्धता प्राप्त ढाई सौ कॉलेजों के ढाई लाख से ज्यादा छात्र शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। एप पर वे एग्जाम, रिजल्ट, डिग्री, माइग्रेशन, फीस, पीएचडी से जुड़ी हर शिकायत व समस्या बता सकेंगे। शिकायत का समाधान कहां तक पहुंचा, कब तक पूरा होगा और कोई बाधा तो नहीं है? यह सारी जानकारी एप पर अपडेट होगी। कार्यपरिषद ने एप लॉन्च का निर्णय लिया था। अब



यूनिवर्सिटी ने एप लॉन्च करने की तैयारी कर ली है। इससे जुड़े तकनीकी कार्य पूरे हो गए हैं। एप पर शिकायत बेहद आसानी से हो सके और छात्रों को अपनी शिकायत के समाधान से जुड़ा हर अपडेट मिल सके, यह भी व्यवस्था रहेगी।

### हर शिकायत की समय-सीमातय करेगी

यूनिवर्सिटी हर शिकायत की समय-सीमा तय करेगी। सामान्य शिकायतों के लिए 24 घंटे से 7 दिन तक रहेंगे। विशेष मामले के लिए अधिकतम 30 दिन। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशेष तिवारी ने कहा, एप इसी माह लॉन्च होगा। एप पर छात्र अपनी शिकायत प्रमाण के साथ दर्ज करवा पाएंगे। परचे में गड़बड़ी, आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न, शॉर्ट अटेंडेंस का मामला, एग्जाम फॉर्म भरने में तकनीकी दिक्कत, सेंटर अलॉट से जुड़ी समस्या। रिजल्ट घोषित नहीं होने, रिजल्ट रोके जाने, रिजल्ट में तकनीकी गलती, समय पर मार्कशीट नहीं मिलने। डिग्री, माइग्रेशन, डुप्लीकेट मार्कशीट या अन्य कोई प्रमाण-पत्र समय पर नहीं मिलने पर। रोज 400 से ज्यादा शिकायत अभी रोज 400 से ज्यादा छात्र शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। हर दिन दो घंटे परीक्षा नियंत्रक इन छात्रों की शिकायतें सुनते हैं। हर मंगलवार को जनसुनवाई भी हो रही है। एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार विष्णु मिश्रा भी छात्रों से जुड़ी समस्याएं सुनते हैं।

## बदमाशों को थाने में दिए रेड नोटिस टीआई बोले- घर पर त्योहार मनाना



**इंदौर।** परदेशीपुरा थाने में पुलिस ने बदमाशों को रेड नोटिस दिए हैं। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में है और अपराधियों पर नजर बनाए हुए है। क्षेत्र के बदमाशों को थाने में बुलाया गया और उनके हाथों में रेड नोटिस थमा दिया गया। टीआई आर.डी. कानवा ने सभी को थाने के बाहर खड़ा कर सख्त चेतावनी दी कि वे त्योहार के दौरान अपने घरों में ही रहें और किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों। यदि कोई अपराध किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीआई आर.डी. कानवा ने बताया कि जिन अपराधियों पर दो या अधिक केस दर्ज हैं, उन्हें रेड नोटिस देकर सूचित किया गया है। यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो बाउंड ओवर उल्लंघन की कार्रवाई की जाएगी। अब तक 20 से अधिक बदमाशों को रेड नोटिस दिए जा चुके हैं और 100 से अधिक बदमाशों का बाउंड ओवर कराया गया हैं। थाना क्षेत्र में कुल 137 बदमाशों की लिस्ट बनाई गई है, जिन पर पुलिस नजर रखे हुए है।

## ब्रीफ न्यूज

### बेटे की मौत का लगा सदमा, पांचवें दिन पिता की हुई मौत

**मुरैना।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.श्री राजाराम गुप्ता के नाती सापेक्ष गुप्ता की 4 मार्च को साइलेंट अटैक से दुःखद मौत हो गई और पुत्र सापेक्ष की मौत के सदमे में डूबे पिता महेश चंद्र गुप्ता 62 वर्ष का पांचवें दिन रविवार की रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। इस घटना को जिसने भी सुना, वह आश्चर्यचकित था। परिवार में एक साथ हुई दो मौत से पूरा परिवार सदमे में है, वहीं शहर के लोगों द्वारा गहरा दुख व्यक्त किया जा रहा है। स्व.महेश गुप्ता के परिवार में अब उनकी पत्नी, बहू और 5 वर्ष का बच्चा ही शेष है। महेश गुप्ता की शोक श्रद्धांजलि सभा 12 मार्च बुधवार को शाम 4:00 से 5:00 बजे तक गुप्ता बैंकट हॉल माधौपुरा की पुलिया पर रखी गई है।

### बिजली की समस्या से परेशान दलितों ने माकपा के नेतृत्व में दिया ज्ञापन

**कैलारस।** सुजर्मा डिवीजन के अंतर्गत आने वाले ग्राम गढीपुरा में दलितों की बस्ती में कई वर्षों से बिजली विभाग ट्रांसफार्मर रखकर चालू करना भूल गया है, आज तक इस ट्रांसफार्मर को लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इस कारण दलित बस्ती में बिजली न होने के कारण लोग गंभीर परेशानी का सामना कर रहे है। इस समस्या से परेशान ग्रामीण जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलायें शामिल थी ने बिजली विभाग कायलिय पर प्रदर्शन कर ट्रांसफार्मर को बिजली लाइन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू करने की माँग को लेकर ज्ञापन प्रबन्धक भागीरथ गोयल को सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये माकपा नेता गयाराम सिह धाकड, ने कहा कि भाजपा सरकार में ज्यादातर दलित बस्तियो की यही हालत है। उनके लिये सरकार बिजली, पानी, सडक जैसी बुनियादी सुविधायें भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। हर तरीके के अत्याचार का सामना आज दलितो को करना पड़ रहा है, बिजली के नाम पर बिना लाइन चालू किए ही बिल भेजकर उनके साथ लूट भी सरकार द्वारा कराई जा रही है।

### कोतवाल डैम में नहाने गए 3 दोस्त पानी में डूबे

**मुरैना।** जिले के माता बसैया थाना अंतर्गत आने वाले कोतवाल डैम में नहाने गए 3 दोस्त पानी में डूब गए, जिनमें से 2 को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि एक 12वीं पास नीट की तैयारी कर रहे छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर से पुलिस मौके पर पहुंची और



घायल छात्रों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक छात्र का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य बघेल पुत्र पुरुषोत्तम बघेल उम्र 19 निवासी घुसगवाँ दिमनी थाना 12वीं क्लास पास करने के बाद नीट की तेयरी कर रहा था। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह आदित्य खेड़ा गांव के पास लाइब्रेरी पढ़ने गया, जहां उसे दो दोस्त साहिल खान निवासी खेड़ा गांव एवं नरसिंह बघेल पुत्र देवलाल बघेल निवासी बरेथा मिले और उनके साथ में कोतवाल डेम पर नहाने पहुंच गए। तीनों दोस्त नहाते हुए गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे, शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा काफी प्रयास के बाद साहिल और नरसिंह को बचा लिया गया, जबकि आदित्य बघेल 19 वर्ष की मौत हो गई।

---

स्कूल वैन के चालक राजवीर यादव पुत्र दिलीप यादव डोंगरपुर किरार ने तेजी व लापरवाही से जबरदस्त टक्कर मार दी

# माता बसैया रोड पर स्कूल बस ने बाइक में टक्कर मारी, पिता और 4 माह के पुत्र की दर्दनाक मौत





सत्ता सुधार ■ मुरैना

मंगलवार की सुबह पोरसा से बाइक पर सवार होकर माता बसैया जा रहे कुशवाह दंपति को स्कूल वैन के चालक ने सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होने के बाद ग्रामीण मौके पर आए और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पिता और उसके चार माह के पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है, वहीं स्कूल वैन ड्राइवर भी घायल बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश कुशवाह पुत्र दामोदर कुशवाह 25 वर्ष निवासी विधायक वाली गली पोरसा अपनी पत्नी रेनू पति 22, सोम 4 माह के मासूम बच्चे को लेकर बाइक से माता बसैया दर्शनों के लिए जा रहा था, जैसे ही खेड़ा गांव से आगे माता बसैया रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रही स्कूल वैन के चालक राजवीर यादव पुत्र दिलीप यादव डोंगरपुर किरार ने तेजी व लापरवाही से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं स्कूल वैन का चालक भी घायल हो गया। हादसा देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा तत्काल सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां आकाश एवं उसके 4 माह के पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पत्नी रेनू का इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया और मृतको के पीएम कराकर लाश उनके सुपुर्द कर दी गई।

### भारत वंश स्कूल जीगनी की थी स्कूल वैन

मंगलवार की सुबह माता बसैया जाने के दौरान जिस बाइक सवार कुशवाह दंपति को स्कूल वैन ने टक्कर मारी, वह भारत वंश इंटरनेशनल स्कूल जीगनी की बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया है और आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल वाहनों के चालकों द्वारा लगातार तेज रफ्तार से वाहनों को चलकर आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जिन पर पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वाहन चालकों की लापरवाही से कितने परिवार उजड़ जाते हैं इसका अंदाजा शायद अधिकारियों को नहीं है।

---

# झूठा अपराध दर्ज कराने को लेकर एसडीओपी कैलारस को दिया ज्ञापन

### एसडीओपी ने निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन



सत्ता सुधार ■ कैलारस

बिरखापुरा निवासी देवेंद्र सिकरवार के परिवार के लोगों ने एसडीपी कार्यालय में आकर ज्ञापन दिया है और कहा है कि हमारे परिवार के तीन सदस्यों को झूठा फंसाया गया है। अतः निष्पक्ष जांच कर हमें इस मामले से निकाला जाए। प्रार्थी देवेंद्र पुत्र कप्तान सिंह सिकरवार ने बताया कि ग्राम महदेवा मौजा की जमीन जो कि श्रीमती मिथिलेश चैहान से हमने खरीदी है। जिस पर बेवजह रंछोरपुरा निवासी नरेश सिकरवार, सुरेश सिकरवार, देशराज सिकरवार ने कब्जा किए हुए हैं। जिसका प्रकरण राजस्व न्यायालय जौरा सिविल न्यायालय में दावे प्रस्तुत किए गए थे, जिसका हमारे पक्ष में आदेश पारित किया गया है। जिससे नरेश सिकरवार, सुरेश सिकरवार, दसरथ सिकरवार आदि लोग देवेंद्र सिकरवार से रंजिश मानते आ रहे हैं तथा झूठे केस में फंसाने की झूठी कहानी बनाकर दवाव बनाने का काम करते आ रहे हैं। नरेश सिकरवार 8 मार्च को बिरखापुरा के अन्य लोगों से विवाद हुआ था, उस समय देवेंद्र सिकरवार आदि घटना स्थल पर नहीं थे, बल्कि अपने घर पर थे। देवेंद्र सिकरवार का नरेश सिकरवार आदि के साथ घटना से किसी प्रकार का संबंध नहीं है। जिसे लेकर प्रार्थीगणों द्वारा असत्य एवं झूठा अपराध दर्ज मामले को वापस लेने के लिए एसडीओपी कार्यालय कैलारस में निष्पक्ष जांच हेतु ज्ञापन सौंपा है।

**इनका कहना है.....**

चिन्नौनी थाना क्षेत्र में हुए घटनाक्रम का मामला मुझे संदिग्ध मालूम हो रहा है मैं निष्पक्ष जांच करुंगा जो भी सत्यता होगी वहीं करूंगा।

**रवि सोनेर, एसडीओपी, कैलारस**

---

# खेत में काम कर रहे युवक की हाइट टेंशन लाइन के करंट से दर्दनाक मौत

### ग्रामीणों ने हाइवे पर 2 घंटे लगाया जाम



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मंगलवार की सुबह सराय छोला थाना अंतर्गत हेतमपुर गांव में खेत पर काम कर रहे एक युवक पर हाई टेंशन लाइन का तार गिर पड़ा, जिससे करंट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने हादसे के बाद मृतक के शव को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया, जो 2 घंटे तक लगा रहा और मुरैना से धौलपुर आने जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण पुलिस की कोई बात मानने को तैयार नहीं थे, जब विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर जाम खोला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हेतमपुर निवासी कल्लो पुत्र उर्फ करतार पुत्र चिरोंजी गुर्जर 45 वर्ष मंगलवार की सुबह खेत पर काम कर रहा था, जहां से विद्युत की हाई टेंशन लाइन गुजरी है और वह काफी नीचे बताई जाती है। तार की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख ग्रामीण एकत्रित हो गए और युवक की लाश को नेशनल हाईवे पर लाकर रख दिया तथा जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही सराय छोला थाना पुलिस के अलावा मुरैना से भारी पुलिस फोर्स वहां पहुंचा, लेकिन ग्रामीण पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं थे। ग्रामीणों का कहना था कि हाई टेंशन लाइन के कारण पूर्व में भी तीन मौत हो चुकी है, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्युत अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया, जिनके द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया, तब कहीं जाकर जाम खोला गया। बताया जाता है कि यह जाम 2 घंटे तक चला, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठहर गई और दोनों साइड वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम खुलने के पश्चात पुलिस द्वारा मृतक के शव को पीएम हाउस ले जाया गया और पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

---

# पिता ने बेटी के साथ लड़के को रंगे हाथ पकड़ा, तो बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के सुमावली थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर पिता की डांट से नाराज एवं रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद 17 वर्षीय नाबालिक लड़की ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता को जब पता चला तो उसने दुपट्टे को हसिया से काटकर उसे नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिक बच्ची के शव का मुरैना में पीएम कराया गया। पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। लड़की के पिता महेश धोबी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री कि गांव के ही किसी लड़के से दोस्ती थी और उसे कई बार समझाया, डाटा भी, लेकिन वह नहीं मानी। लगातार वह उससे मिल रही थी। मंगलवार को सुबह 11:00 बजे के आसपास पिता घर से 500 फुट की दूरी पर छुपकर बैठ गया और और लड़के के आने का इंतजार करने लगा, जैसे ही लड़का घर में आया तो महेश ने उसे रंग हाथ पकड़ लिया तथा बाहर आ गया। यह देखकर नाबालिक लड़की ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटे बच्चे ने महेश को बताया कि लड़की ने फांसी लगा ली है और वह तुरंत घर के अंदर गया तथा हसिया से दुपट्टा काटकर उसे नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिक के शव को पीएम के लिए मुरैना लाया गया, जहां पीएम के बाद लाश उसके परिजनों की सुपुर्द कर दी गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

---

# 50- 50 हजार की फाइल बनाकर हो रहा भ्रष्टाचार, रोकने के लिए बनाई जाए रणनीति

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना ने नगर पालिका परिषद के समय की अधूरी पड़ी फाइलों को निकलवा कर उनके कार्य पूर्ण करने को लेकर आयुक्त से चर्चा की और 50-50 हजार रुपए की फाइलें बनाकर किए जा रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग रखी। इसके साथ ही अन्य मुद्दों पर भी उनके द्वारा नगर निगम कमिश्नर से बातचीत की गई है, ताकि शहर का विकास हो और लोगों की तकलीफें कम हो। कंसाना द्वारा नल जल योजना सहित अन्य मामलों को लेकर नगरीय प्रशासन को तमाम शिकायतें की थी, जिनकी विभागीय जानकारी मांगी गई है, उनको लेकर श्री कंसाना ने नगर निगम कमिश्नर से चर्चा की तथा कई मांगे उनके



समक्ष रखी। कंसाना ने कमिश्नर को नगर पालिका परिषद मुरैना के समय की फाइलों को निकलवाने और उन पर कार्य आरंभ करने की मांग की। उन्होंने बताया कि सोबरन सिंह मावई की प्रतिमा एवं छविराम अर्गल पूर्व सांसद के नाम से गली का नाम रखने सहित अन्य फाइलें बंद पड़ी हुई है, उन्हें निकलवाकर कार्य पूर्ण कराये जाए। श्री कंसाना ने कहा कि वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 47 तक की जो पुरानी फाइलें गायब हैं, उनको मंगवाकर रिकॉर्ड रूम में जमा करवाया जाए। इसके अलावा लंबे समय से विभिन्न शाखओं में 50 हजार रुपए की फाइल बनाकर भुगतान किया जा रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाए, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए और शहर के विकास में रुपया काम आ सके। कंसाना ने कहा कि जिस किसी भी शाखा जलकर, निर्माण आदि के टेंडर जारी होते हैं और उनकी विज्ञप्तियां बड़े समाचार पत्रों में निकाली जाए, अभी स्थिति यह है कि ऐसे समाचार पत्रों को बड़े-बड़े कार्यो की विज्ञप्तियां दी जा रही हैं, जिनका नियमित प्रकाशन ही नहीं होता और फाइलों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर दी जाती है। कुछ एक समाचार पत्र तो ऐसे भी हैं, जिनको वर्ष भर में करोड़ों की विज्ञप्तियां जारी कर दी गई, जबकि यह समाचार पत्र कभी देखने को भी नहीं मिलते हैं।

---

# अवैध मजार को हटाने कलेक्टर व निगम आयुक्त को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** नगर के जागरूक नागरिकों ने शहर में बनी अवैध मजार को हटाने के लिए कलेक्टर व निगमायुक्त को ज्ञापन दिया है। नागरिकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मुरैना शहर में पुराने बस स्टेंड चैराहे के पास होटल राधिका पैलेस के सामने आईआईटी कॉम्प्लेक्स परिसर के बगल से एक अवैध मजार का निर्माण है, जो अवैध गतिविधियों का अड्डा भी है। यहां अक्सर संदिग्ध लोगो का आना जाना भी रहता है। नगर निगम से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त लिखित जानकारी के अनुसार यह मजार नगर निगम के स्वामित्व की जगह पर अतिक्रमण करके बनाई गई है, यह पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया गया है।

---

**संबोधित** उन्होंने यह भी कहा कि यह सत्य है कि मध्य प्रदेश में सरकार कांग्रेस व भाजपा की ही बनती है,

# मैंने बसपा से राजनीति की शुरुआत की और बसपा के साथ ही राजनीति करूंगा: गर्ग

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मंगलवार को कमिश्नरी कॉलोनी स्थित अपने निवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व बसपा लोकसभा प्रत्याशी एवं के एस ग्रुप के चैयरमेन रमेश गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों एक समाचार पत्र में मुझे भाजपा में शामिल होने की बात कही गई थी, जो पूर्णतः असत्य है। इस बारे में मेरा यही कहना है कि मेरी राजनीति की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से हुई है और जब तक मैं राजनीति में रहूंगा, बहुजन समाज पार्टी के लिए ही कार्य करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सत्य है कि मध्य प्रदेश में



सरकार कांग्रेस व भाजपा की ही बनती है, बहुजन समाज पार्टी प्रदेश में सरकार नहीं बन सकती, उसके बावजूद भी में पार्टी का कार्यकर्ता हूं और उसी के साथ रहूंगा। श्री गर्ग ने बताया कि लोकसभा चुनाव हारने के बाद समाज सेवा की दृष्टि से गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगो के लाभ के लिए अग्रवाल महासभा मुरैना के सहयोग से सिंगल बस्ती में एक निःशुल्क शिक्षा प्रसार एवं परामर्श केन्द्रष् खोला गया है, जो लोगों की लगातार सेवा कर रहा है। इसके अलावा सिंगल बस्ती, रूई की मंडी एवं गंजरामपुर स्थित तीन सरकारी विद्यालय, जो कि हमारे द्वारा गोद लिए गए हैं, के उन्नयन संबंधी कार्यो की मॉनिटरिंग बराबर की जा रही है। साथ ही सामान्य एवं मूक बधिर छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग कर उन्हें इन तीनो एवं अन्य विद्यालयों में भर्ती करवाने में सहयोग किया जाता है। इसके साथ साथ केंद्र सरकार की योजना अनुसार बनने वाले बीपील कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड का बनना, परिवार आयडी, वोटर कार्ड, मजदूरी कार्ड, आधार कार्ड, हाथ ठेला कार्ड, विकलांगता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड इत्यादी के बनवाने में सरकारी स्तर पर आम जनता को उसमें आने वाली अड़चनों को दूर कर इन्हें बनवाने में सहयोग किया जाता है, साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी योजनाओं से भी आमजन को अवगत कराया जाकर सहयोग किया जाता है। नगर निगम एवं विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं से पीड़ित आमजन को विभागो से तालमेल कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। रमेश चंद्र गर्ग ने बताया कि अग्रवाल महासभा मुरैना के सहयोग से सिंगल बस्ती में एक निःशुल्क परमार्थ चिकित्सालय खोला गया है जिसमें प्रतिदिन औसतन 100 मरीज आते हैं जिसमे गरीब लोगों की भिन्न भिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार निःशुल्क किया जाता है। जनवरी में एक कैम्प का आयोजन किया गया था और आने वाली 23 मार्च व 21 मई को भी निःशुल्क हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनवरी में आयोजित कैम्प के अन्तर्गत 78 मरीजो के आँखों के मुफ्त में ऑपरेशन किये गए।




**उठावनी**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

स्व. श्री राजाराम गुप्ता (एडवोकेट) के सुपुत्र

**महेश चन्द्र गुप्ता**

का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 10.03.2025 सोमवार को हो गया है जिनकी

**उठावनी**

आज, दिनांक 12.03.2025, बुधवार को समय- दोप. 4.00 से 5.00 बजे तक

स्थान - गुप्ता बैंक्वेट हॉल, माधौपुरा की पुलिया के पास, मुरैना पर रखी गई है।

शोकाकुल परिवार : श्रीमती नीता गुप्ता (पत्नी), राजेश गुप्ता 'एडवोकेट' (भाई) श्रीमती प्रियंका गुप्ता (पुत्रवधु), शशिकांत - साक्षी गोयल (दामाद-पुत्री), नितिन गुप्ता, अनिवेश अग्रवाल, अमन अग्रवाल (भतीजे) आर्यन्श अग्रवाल (नाती) एवं समस्त परिवार

फर्म- • खेड़ापति इण्डस्ट्रीज, गर्ल्स कॉलेज के सामने, शिक्षा नगर, मुरैना • राजाराम गुप्ता एडवोकेट, मुरैना मो. 9425126484, 9425419030

## ब्रीफ न्यूज

### सत्र में शामिल होने खंडवा विधायक पहुंची भोपाल, बजट सत्र में मौजूद रहीं



**खंडवा।** भोपाल विधानसभा में सोमवार से बजट सत्र प्रारंभ हुआ, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे मध्यप्रदेश विधानसभा बजट सत्र में उपस्थित हुई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 2025 26 विधानसभा बजट में खंडवा विधानसभा क्षेत्र के कई विकास कार्यों को स्वीकृति मिलने की संभावना है क्योंकि क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अलग-अलग विभागों के मंत्रियों के साथ ही कई विकास कार्यों के पत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी सौंपे गए हैं, संभावना है कि इस वित्तीय वर्ष में क्षेत्र की जनता से जुड़े खंडवा से डूल्हार एवं खंडवा से मुंदी सड़क मार्ग के साथ करोड़ों रुपए की खंडवा उद्वहन सिंचाई योजना के कार्य प्रारंभ होगें।

### दो आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी

**हरदा ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 2 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किये है। जारी आदेश में उन्होने करन पिता विजय गुबरेले निवासी मानपुरा हरदा तथा विनोद पिता राधाकिशन कहार निवासी सिरकम्बा को 6-6 माह के लिये जिलाबदर करने के आदेश जारी किये है। जिला बदर की अवधि में ये आरोपी हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन होगें राजसात

**हरदा।** शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त होण्डा कम्पनी की मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 47 जेडबी 6503 वाहन को राजसात करने के आदेश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने मंगलवार को जारी किये है। जारी आदेश में जप्त की गई लगभग 12 हजार रुपये मूल्य की 60 लीटर शराब को नष्ट करने के निर्देश भी दिये गये है। मदिरा नष्टीकरण की कार्यवाही नष्टीकरण समिति के समक्ष की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोमगांव की ओर से भीलटदेव मंदिर के आगे होण्डा कम्पनी की मोटर सायकिल को सिराली पुलिस द्वारा रोका गया। मोटर सायकिल पर नीले रंग के दो प्लास्टिक के 30-30 लीटर के कुप्पे बंधे थे, जिनमें जांच के दौरान हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब पायी गई थी।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को

**हरदा ।** जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को होगी। जिला पंजीयक ने बताया कि उक्त बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में 13 मार्च को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित होगी।

# नव निर्मित बस स्टैंड में लगा रहता है शराबियों का जमघट

**लंबे अर्से से लोकार्पण की बाट जोह रहा बस स्टैंड**

सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका अंतर्गत खेड़ीपुरा में लाखों रूपयों की लागत से बना बस स्टैंड आज तक चालू नहीं हो पाया है। तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने कार्य योजना बनाकर इसे मूर्त रूप दिया किंतु वर्षो से इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शासन का भारी भरकम बजट खर्च करने का कोई मतलब नहीं निकल रहा है। देखने-सुनने वाले इस बात को लेकर आश्चर्य चकित है कि शासन के पैसे को किस तरह बेफजूल खर्च किया गया है। जिम्मेदार और जवाबदेह अधिकारी और जनप्रतिनिधि न जाने क्यों बस स्टैंड को चालू कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके चालू होने से जहां व्यापारियों का धंधा बढ़ जायेगा वहीं आटो वालों को अच्छा काम मिल जायेगा उनकी आमदनी बढ़ जायेगी। खंडवा खिरकिया तरफ से आने वाली सभी यात्री वाहनों को रोक कर वहीं से यात्री बसों के परिचालन की व्यवस्था की जाये तो उसका बेहतर परिणाम सामने आ जायेगा।





### यातायात का दबाव कम करने बस स्टैंड चालू करना जरूरी - भसीन



मुकेश कुमार भसीन का कहना है कि यात्रियों का दबाव बढ़ रहा है। यात्री वाहनों की भीड़ के कारण शहर के अंदर यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। दबाव कम करने के लिए नवनिर्मित बस स्टैंड को चालू कर दिया जाये तो निश्चित रूप से यातायात का दबाव कम हो जायेगा और जाम की समस्या से निजात मिलने के साथ-साथ सड़क दुर्घटना की आशंका कम हो जायेगी। जनसंख्या बढ़ने के लिहाज से नवनिर्मित बस स्टैंड को चालू करना जरूरी है। इस संबंध में गंभीरता से मंथन करके प्रभावी राजनीति बनाकर उस पर अमल करने की जरूरत है। जिस मंशा को संजोकर पूर्व की नगर परिषद ने नये बस स्टैंड का निर्माण कार्य करवाया है उस पर अमल किये जाने की आवश्यकता है और इस संबंध में मांग जोर पकड़ रही है।

### शराबियों का अड्डा बना - चौहान



प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष डी.एस. चौहान ने कहा कि बस स्टैंड भले ही चालू न हो पाया हो और शासन का पैसा यूं ही खर्च हो गया हो किंतु बस स्टैंड परिसर में शाम होते ही नशेड़ियों का जमघट लग जाता है। देर रात तक शराबी गंजेड़ी सहित अन्य अपराध वहां होते हैं। रात के समय अचानक छापामार कर पता लगाया तो वहां अन्य असामाजिक गतिविधियों का खुलासा हो जायेगा। इस तरफ पूर्व में ध्यान भी आकृष्ट किया गया फिर भी उसका कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आया। विरोध शिकायत के बाद भी छानबीन में कोताही बरती जा रही है जिसके कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

**ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की चर्चा –** ऐसी चर्चा है कि नवनिर्मित बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की चर्चा चल रही है। भारी भरकम लागत खर्च करके बनवाये गये बस स्टैंड का स्वरूप ढांचा परिवर्तित करने से निकट भविष्य में परिवहन की समस्या बढ़ जायेगी। यात्री वाहनों के पुराने बस स्टैंड जाने से जाम सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी रुचि नहीं ले रहे - जैसानी



शांति कुमार जैसानी सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि खेडीपुरा में बनाया गया नया बस स्टैंड अभी तक चालू नहीं हो पाया है जबकि शासन का लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है । उसे चालू करने की दिशा में जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं इससे व्यापारियों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।ऑटो सहित अन्य कारोबार प्रभावित है इस दिशा में पहल की जानी चाहिए।

### रोजगार धंधा ऑटो सहित अन्य कारोबार बढ़ेगा - दोगने



डॉ आर के दोगने विधायक हरदा का कहना है लाखों की लागत से खेडीपुरा में बने नए बस स्टैंड को चालू कराया जाना चाहिए इससे जहां एक और यातायात का दबाव शहर में कम होगा वहीं दूसरी ओर आवागमन सुरक्षित होगा दुर्घटनाओं की आशंकाएं भी कम होगी और रोजगार धंधा बढ़ेगा ऑटो सहित अन्य कारोबार जोर पकड़ेगा।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने मिठाई दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण



### मैजिक बॉक्स से परखी गई मिठाइयों एवं दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए होली के त्यौहार के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पथरिया नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में गढ़ाकोटा रोड स्थित कलू बड्डा स्वीट्स से कलाकंद, संजय चौराहा स्थित मोहन स्वीट से खोवा पेड़ा, स्टेशन रोड स्थित कलू बड्डा गुजरात स्वीट से दूध का हलवा एवं संजय चौराहा, दमोह रोड स्थित लक्ष्मी स्वीट्स से मलाई बर्फी एवं बेसन पपड़ी के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से खोवा, मावा बर्फी, दूध का हलवा, पनीर, दही, मावा गुजिया, रसगुल्ला एवं कलाकंद की गुणवत्ता की जांच की गई। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों पर फूड लाइसेंस को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाई एवं नमकीन विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी



सत्ता सुधार ■ हरदा

मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू, सुश्री रजनी वर्मा व जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम कनारदा के किसानों ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर बताया कि खेत में जाने के रास्ते पर 11 के.व्ही लाईन के तार झूल रहे है, जिससे आगजनी की दुर्घटना हो सकती है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम गोंदागांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की, जिस पर उन्होने महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में चिरापाटला बैतूल निवासी कमलाबाई कासदे ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर अपने बैंक खाते को चालू कराने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम बघवाड़ निवासी कोमल बाई ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी राजू हुरमाले ने तहसील खिरकिया के ग्राम कालधड़ में स्थित अपने खेत में जाने के लिये रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### मूंग फसल पर पैराक्वाट-ग्लाइफोसेट का न करें छिड़काव- कास्दे

**हरदा।** कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों को सलाह दी गई है कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पर पैराक्काट एवं ग्लाइफोसेट सफाया का उपयोग न करें तथा कम से कम पेस्टीसाइडस का छिडकाव करें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक जे.एल. कास्दे ने बताया कि ग्लाइफोसेट एक शाकनाशी है। साधारण तौर पर इसका उपयोग सकरी एव चौड़ी पत्तियों वाले पौधों को मारने के लिए किया जाता है। कृषक ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की कटाई हारवेस्टर द्वारा कराते हैं तथा हारवेस्टर से कटाने के लिए फसल को जल्द सुखाया जा सके इसके लिए पैराक्काट एवं ग्लाइफोसेट का अंधाधुंध उपयोग करते है। इससे मानव ही नही बल्कि अन्य जीवों जैसे पशु-पक्षियों, मछलियों आदि के तंत्रिका तंत्र की संरचना और उनकी कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। ग्लाइफोसेट पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक अमीनो एसिड के उत्पादन को अवरूद्ध करके उन्हें नष्ट कर देता है। ग्लाइफोसेट मिट्टी और पानी में मौजूद रह सकता है और यह कृषि के लिए लाभदायक कुछ सूक्ष्मजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके उपयोग से पाचन, श्वसन, तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। इसके साथ ही यह आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके संपर्क में आने से आंख, त्वचा, नाक एवं गले में जलन और अस्थमा हो सकता हैं। यदि इसे निगल लिया जाए तो गले मे जलन, दर्द, मितली हो सकते है।

**संस्था द्वारा महिला दिवस सप्ताह के रूप में**

# महिला समागम सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न




सत्ता सुधार ■ दमोह

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह से संबद्ध नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां पथरिया द्वारा ग्राम पंचायत भवन किशुनगंज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला समागम सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं का पुष्पमाला श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान ग्राम पंचायत किशुनगंज सरपंच पूनम श्रीधर विशेष रूप से मौजूद रही।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत किशुनगंज की महिला सरपंच पूनम श्रीधर, उपस्वास्थ्य केंद्र सीएचओ रामेश्वरी अहिरवार, ए एन एम अर्चना खरे, आशा कार्यकर्ता किरण गुप्ता, स्व सहायता समिति सीआरपी आशारानी लडिया, आंगनवाड़ी सहायिका सुनीता अहिरवार, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल, यज्ञनारायण पांडेय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति किशुनगंज से मुकेश पांडेय, सुमन गुप्ता, रीना पांडेय, खरगराम अठ्या, बसंत पटेल, मुकुल दुबे, सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल, पारो वर्मा, हेमलता पटेल सहित ग्राम की महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन दिलीप कुमार पटेल द्वारा किया गया अंत में सभी का आभार बसंत पटेल ने किया।

# जिले में संचालित निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें: कलेक्टर

### पेयजल के स्त्रोतों के पास गंदगी न हो इसके लिए सर्वे किया जाए

सत्ता सुधार ■ खंडवा

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पीआईयू विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की और कहा कि जो कार्य शेष हैं उन्हें शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद योजना अंतर्गत प्याज की फसल के रकबे को बढ़ाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की एवं क्षेत्र के कृषकों के साथ बैठक कर उन्हें प्याज की फसल के उन्नत तरीकों के संबंध में जानकारी देने और इस दिशा में बेहतर प्रयास करने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिये। उन्होंने एनआरएलएम के अधिकारी से कहा कि समूह की दीदियों को प्याज़ उत्पादन से जोड़ा जाये। उन्होंने नंदन फलोद्यान योजना अंतर्गत उत्सुक कृषकों का चयन कर जिले में संतरे के उद्यान लगाने के लिए कहा।उन्होंने कहा कि नरवाई जलाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि पेयजल के स्त्रोतों के पास गंदगी न हो इसके लिए सर्वे किया जाए और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ज़िला अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने पीएचई के अधिकारी से कहा कि ऐसे जल स्त्रोत जहां फ्लोराइड संबंधी समस्या है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की हुई जाँच

**खंडवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के निर्देशन में सोमवार को जिला अस्पताल खंडवा एवं सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच कर उपचार किया गया। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँच, निदान एवं परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी जैसे रोगों से ग्रसित गर्भवती महिलाएं हाईरिस्क की श्रेणी में आती हैं। गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पौष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश दी जा रही है।

# शांति समिति की बैठक सम्पन्न, अधिकारियों को दिए गये व्यवस्थाओं के संबंध में अहम दिशा-निर्देश

सत्ता सुधार ■ दमोह



आज शांति समिति की बैठक में सभी शांति समिति के सदस्यों ने आने वाले पर्व होली के त्यौहार को सद्भाव से मनाने का निर्णय लिया। सभी ने मिलजुल कर यह संकल्प व्यक्त किया है कि सारे त्यौहारो को शांति पूर्वक और सद्भाव पूर्वक मनायें जायेंगे। आज शाम जिला कार्यालय सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा शहर और दमोह जिला की फिजा गंगा-जमुना तहजीब वाली हैं और सभी लोग इसमें सद्भाव से काम करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रशासन से जो अपेक्षाएं की गई है, पूरी कोशिश रहेगी वो सारी अपेक्षाएं पूरी हो। उन्होंने कहा व्यवस्थाओं के लिये अलग से बैठक की जायेगी। इंटरनल मीटिंग भी होंगी और लगातार मीटिंग्स की जायेंगी और चीजों को स्ट्रीमलाइन करते रहेंगे ताकि त्योहारों में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आने वाले त्यौहारों में खासतौर से होली और रंगपंचमी का त्यौहार अभी आ रहा हैं और रमजान का माह भी चल रहा है, इस सिलसिले में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। शांति समिति का पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक है, जिसमें जिले से विभिन्न जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया गया है, यह पुर्नगठित शांति समिति की पहली बैठक यह मानी जाएगी।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शांति समिति के सदस्यों के सुझाव के आधार पर बैठक को रंग पंचमी तक सीमित रखा गया है, रंग पंचमी तक के त्योहारों के बारे में बैठक में चर्चा की गई। इसके बाद नवरात्रि से लेकर के ईद, गुड फ्राइडे, झूलेलाल जयंती और बाकी जो त्यौहार आने वाले हैं, उन त्योहारों पर जल्दी ही एक बार और बैठक कर चर्चा की जायेगी। बैठक में इन त्योहारों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन सारे सुझावों को नोट किया गया है।

**चर्चा** कस्बे की नपा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने पर क्या है स्वास्थ्य अधिकारी की प्रतिक्रिया पढ़े सीधी बात ...

# नवाचारों के लिए प्रदेश सहित देश में बड़वाह नपा की हो रही चर्चा

जितेन्द्र आर्य ■ खरगोन

जिले की बड़वाह नपा में नवाचार के लिए परिषद सहित नपा स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित समारोह के दौरान सम्मानित किया है। यह सम्मान नवाचारी कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए नए और अनोखे विचारों को लागू करके समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम करने पर दिया गया। प्रदेश स्तर पर ब्लॉक की नपा को मिले सम्मान से जहां परिषद में खुशी का माहौल है वही नपा स्वास्थ्य अधिकारी के ककार्यो को सराहना भी मिल रही है। नपा में पदस्थी के कुछ ही समय मे लोगो के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं नियमित साफ सफाई से नगर की सुंदरता बढाने के लिये प्रयासरत रहने वाले स्वास्थ्य अधिकारी श्री चित्ते से हमारे संवाददाता जितेंद्र आर्य ने सीधी बात की है , जिसमे श्री चित्ते ने बेबाकी से इन प्रश्नों के जवाब देकर कार्य के प्रति अपनी निष्ठा एवं कुशल नेतृत्वकर्ता का प्रमाण दिया है। हमारे संवाददाता द्वारा पूछे गए सवाल।

सर नमस्कार पहले तो आपको ओर पूरी नपा टीम को सीएम के हाथों मिले सम्मान के लिये बधाई।

**सवाल–** सर बड़वाह नपा जो जिले के ब्लॉक में शामिल है, इस नपा को आपने प्रदेश स्तर पर पहुंचाया इस पर क्या महसूस करते है।

**जवाब–** सही हैं...बड़वाह नगरपालिका परिषद खरगोन जिले से काफी दूर स्थित होकर, कस्बे मे हैं ओर चारो ओर से ग्रामीण क्षेत्र से घिरी हुई हैं। इसकी भोगोलिक बसावट भी घनी हैं ओर छोटी गलिया हैं। केवल एक मुख्य मार्ग हैं उसी में व्यवसायिक क्षेत्र है। दिन मे 2 से 3बार सफाई करवाना होती हैं। अभी व्यवस्था सुधरी हैं...





.आपको नवाचारों के लिये जाना जाता है, खरगोन मुख्यालय पर पदस्थी के दौरान भी आपके स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यो को सराहना मिली थी। इस नपा में क्या परिवर्तन महसूस करते है।

**जवाब–** यहां स्थानीय जनता से ज्यादा आसपास के क्षेत्र की जनता आती जाती हैं। रोज नये-नये नवाचारो से उन्हें भी समझाईस देना पड़ रही है। स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चलानाी करवाई कर दोबारा गंदगी ना करने के लिये समझाया जा रहा हैं। जिससे काफी सुधार हुआ हैं।

**सवाल :** क्षेत्र हाइवे पर बसा है खरगोन ओर यहां क्या फर्क रहा और काम करना कितनी चुनौती भरा है।

**जवाब –** शहर ओंकारश्वर तीर्थ नगरी के समीप व मां नर्मदा के तट पर स्थित होने से काफी आवागमन होता हैं। निकाय में संसाधनों की कमी होने से सफाई मित्रो से ही व्यवस्था जमाना पड़ती हैं। अभी यहा 3 समय सफाई करवा रहे हैं।

**सवाल–** . नपा बड़ी संस्था होती है, सीएमओ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपयंत्री, पार्षद आदि इन सबके बीच आपके कार्य की प्लानिंग पर सहमति कैसे बना पाते है। नगर को सुंदर बनाने के लिए सौदर्यीकरण कार्यो में सबका समन्वय बनाना कितना चुनोती भरा रहा।

**जवाब–** यह बात सही हैं, की सफाई मे सभी अधिकारी-कर्मचारियो का सहयोग आवश्यक हैं, जिसमे इंजिनियरो की भूमिका महत्व पूर्ण हैं। इन सबके साथ सामंजस्य बनाकर काम करना बहुत ही मुश्किल भरा काम हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में कई काम ऐसे होते हैं जो इंजी. साहब की किताब में नहीं होता हैं। परन्तु करवाना पड़ता हैं और करते भी हैं।

**सवाल–** नपा में आगे और क्या नए नवाचार हो रहे।

**जवाब –** पूर्व से बड़वाह की स्थिति अब बेहतर हैं, कई नवीन विकास कार्य भी हुये हैं। शहर का मुख्य मार्ग का निर्माण होने से अतिक्रमण भी हटा हैं। जिससे शहर की सुंदरता बढ़ी हैं।

**सवाल–** स्वच्छता सर्वेक्षण में आप अपनी क्या स्थिति मानते ओर क्या प्रयास हो रहे।

**जवाब –** स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छे अंक मिलेंगे। इस बार जनता में साफ- सफाई के प्रति काफी सुधार हुआ हैं। अभी-अभी राज्य ओर केंद्र की ओर से जनता से लिये गये फीडबैग मे बड़वाह पुरे प्रदेश में नगरपालिका परिषद स्तर पर नंबर 1 पर है। इसी प्रकार जनता का सहयोग मिलेगा तो..बड़वाह इस बार दिल्ली से अवार्ड जरूर लेगा।

**सवाल –** आप जनता से क्या अपील करना चाहेंगे।

**जवाब–** मैं आपके अखबार के माध्यम से जनता से यही अपील करता हूं, कि स्वच्छता अपने स्वास्थ के लिये आवश्यक हैं। इसलिए अपने घर आंगन को अपने शहर को अपने प्रदेश को स्वछ रखे ओर नगर पालिका के सफाई कार्य मैं अपना सहयोग प्रदान करें। आपके ही सहयोग से अपना शहर स्वच्छ ओर सुंदर बनेगा ।

# लेआउट के साथ मोतीचूर नदी घाट का हुआ कार्य शुरू, आधुनिक तरीके से होगा कायाकल्प

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

काफी लंबे इंतजार के बाद आखिर नगर पालिका बीना द्वारा ठेकेदार को ले आउट देकर कार्य प्रारंभ करवाया गया सर्व विदित है कि देव रघुनाथ मंदिर स्थित मोतीचूर नदी घाट आखिर बीना के सभी के लिए आस्था का केंद्र है।

### घाट पर होते हैं सभी कार्यक्रम आयोजित

बीना नगर का एकमात्र नदी घाट जो देव रघुनाथ मंदिर के पास स्थित मोतीचूर नदी घाट के नाम से जाना जाता है यहां पर गणेश जी दुर्गा जी एवं ताजिया विसर्जित किए जाते हैं।

पितृपक्ष में बीना नगर के सभी लोग अपने पितरों को तर्पण करने के लिए इसी घाट पर आते हैं इसके अलावा गंगा दशहरा की आरती एवं अन्य धार्मिक आयोजन यहीं पर किए जाते हैं नगर पालिका द्वारा मोतीचूर नदी घाट का कायाकल्प निश्चित ही प्रशंसनीय कार्य है जो लोगों की आस्था का केंद्र है।नगर में स्थित देवरघुनाथ बड़ा मंदिर स्थित मोतीचूर नदी का सौंदर्यकरण 49





लाख रूपये की लागत से किया जायेगा। जिसको लेकर सोमवार को नगरपालिका सब इंजीनियर शिखा दीक्षित द्वारा ले आउट डाला गया। सब इंजीनियर शिखा दीक्षित ने जानकारी देते हुये बताया कि मोतीचूर नदी के घाट पर होने वाले सौंदर्यकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

जो 49 लाख की लागत से किया जायेगा प्रशासन का प्रयास रहेगा कि यह सौंदर्यकरण बारिश शुरू होने के पूर्व कर दिया जाये। उन्होनें बताया कि सोमवार को ले आउट डाला गया है और मोतीचूर नदी जीर्णोद्धार के लिए अमृत 2.0 स्कीम के तहत देवरघुनाथ घाट का सौंदर्यकरण का कार्य नगरपालिका प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है।मोतीचूर नदी घाट को विकसित और सुंदरीकरण को लेकर सदैव मां मोतीचूर जल एवं पर्यावरण समिति द्वारा लगातार घाट की सौंदर्य करण के लेकर प्रयास किए जाते रहे हैं आज उसी का परिणाम है की नगर पालिका द्वारा नदी घाट को विकसित करने के कार्य शुरू किया गया।

### इनका कहना है

■ हमारा प्रयास है कि नदी घाट एक नए रूप में आपको देखने मिले जिसमें आम जनता की जरूरत के हिसाब से सभी सुविधाएं उपलब्ध हो

-राम प्रकाश जगनेरिया
मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीना

■ बीना नगर का आस्था का केंद्र मोतीचूर नदी घाट का ले आउट दे दिया गया है कार्य प्रारंभ हो चुका और मेरा प्रयास है अच्छे गुणवत्ता कार्य हो किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगा।

-लता सकवार अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीना

■ लेआउट के साथ कार्य प्रारंभ हो चुका है और शीघ्र ही आप मोतीचूर नदी घाट को एक नय रूप में देखेंगे जिसमें नदी घाट की सुंदरीकरण, पाथवे, पीचिंग वर्क, एक्को प्रेशर टाइल्स, रेलिंग, एवं विद्युत पोल के साथ हरियाहली विकसित की जाएगी।

-शिखा दीक्षित ,सब इंजीनियर
नगर पालिका परिषद बीना

## ब्रीफ न्यूज

### स्व-सहायता समूह CCL केम्प का आयोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में महिलाओं को अर्थिक रूप सशक्त बनाने हेतु म. प्र. राज्य ग्रमीण आजीविका मिशन सागर व मध्यांचल ग्रामीण बैंक द्वारा बैंक लिकेज (छ्ष्टरु) केम्प का आयोजन किया गया, केम्प में सी. जी. एम. नाबार्ड श्रीमती सी सरस्वती मुख्य अतिथि रही, एवं एम जी बी चेयरमेन प्रवीण अवस्थी उपस्थित रहे, जिले की 42 बैंक शाखाओं द्वारा 6 करोड़ का ऋण वितरण किया गया एव एम जी बी हेड ऑफिस सागर अंतर्गत सभी जिलों के 1171 स्व सहायता समूहों को 19 करोड़ की राशि वितरित की गई, श्रीमति सी सरस्वती ने उद्बोधन में कहा कि नारी जब आर्थिक सशक्त होगी तो समाज का सामूहिक विकास होना निश्चित है, एम जी बी चेयरमेन प्रवीण अवस्थी जी ने कहा कि एम. जी. बी. स्व सहायता समूह की आर्थिक तरक्की के लिये हमेशा समूहो के साथ है बैंक से सतत पात्र समूहो ऋण दिया जावेगा, समूह भी प्राप्त ऋण का उपयोग कर गतिविधि संचालित करे, इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन जिला सागर प्रभाष मुड़ोतिया, जिला प्रबंधक धनेंद्र मिश्रा, विकासखंड प्रबंधक रजनीश दुबे, अभिषेक ठाकुर, ऋषिकांत खत्री, डॉक्टर वीरेंद्र कोरी, एव आजीविका मिशन स्टॉफ उपस्थित रहे, बैंक से जीएम मुकेश राठौर, आर एम चेतन सिंह, विजय अहिरवार एव बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैंक शाखाओं के समक्ष अनधिकृत पार्किंग पर सख्त निर्देश

**सागर।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी आर ने सख्त निर्देश जारी हैं। प्रशासन के संज्ञान में आया है कि विभिन्न बैंक शाखाओं के सामने अनधिकृत रूप से वाहनों की पार्किंग की जा रही है, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा है। विशेष रूप से वृद्धजनों एवं दिव्यांग नागरिकों को बैंक शाखाओं में प्रवेश एवं निकास के दौरान असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी बैंक जिला समन्वयकों एवं शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी शाखा के मुख्य द्वार के समक्ष किसी भी प्रकार का वाहन पार्क न हो। इसके साथ ही, बैंककर्मियों एवं ग्राहकों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें। सभी शाखा प्रबंधक अपने परिसर के आसपास स्पष्ट रूप से नो पार्किंग संकेतक लगवाएं, शाखा के कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्ड को निर्देशित करें कि वे शाखा के सामने अनधिकृत पार्किंग की अनुमति न दें, यदि कोई व्यक्ति बार-बार उल्लंघन करता है तो स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। किसी भी शाखा द्वारा इस निर्देश का उल्लंघन किया जाता है तो कलेक्टर के आदेशानुसार संबंधित शाखा प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी बैंक प्रबंधक उक्त निर्देशों का तत्काल प्रभाव से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

## विधायक लारिया ने क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया में विधि महाविद्यालय /बी.एड. महाविद्यालय की स्वीकृत कराने के संबंध में विधानसभा में उठाया मामला

सत्ता सुधार ■ सागर



म.प्र. विधानसभा बजट सत्र के द्वितीय दिन नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने विधानसभा अंतर्गत मकरोनिया में विधि महाविद्यालय/बी.एड. महाविद्यालय की स्वीकृत/ स्थापित कराने के संबंध में मामला उठाया। विधायक लारिया ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत संबल योजना अंतर्गत संबल कार्डधारियों को शासन द्वारा संबल कार्डधारी की मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता एवं मजदूरी परिवार कार्डधारी को विवाह सहायता/अन्य अनुग्रह राशि प्रदान कराये जाने के संबंध में, प्रधानमंत्री सड़क योजना द्वारा ग्राम व ग्राम पंचायतों के मजरा-टोलों को मुख्य मार्ग से जोड़ने की योजना के संबंध में एवं सागर जिला अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 में कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)/ अन्य संस्थानों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदाय किया गया/ किया जा रहा है के संबंध में विधानसभा बजट सत्र के दौरान ।

**विभिन्न क्षेत्रीय मामले एवं शासकीय योजनाओं के संचालन के संबंध में मांगी जानकारी**

## चकराघाट स्थित विट्ठल मंदिर के सामने हुई गंगा आरती में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया



### नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में फीडबैक देकर सहयोग करने की अपील की

सत्ता सुधार ■ सागर

ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने हेतु नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से चकराघाट स्थित विट्ठल मंदिरके सामने शंख, झालर, मंत्रोच्चार के साथ गंगा जी की आरती के आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक झील सहित अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित कर पर्यावरण का संरक्षण करने हेतु नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता हेतु स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को चकराघाट पर गंगाजी की आरती का आयोजन किया जा रहा है तथा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अनुरूप शहर की साफ-सफाई और स्वच्छ पर्यावरण हेतु नागरिकों को जागरुक कर झील को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने का कार्य किया गया जा रहा है।

### गंगा आरती में नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में फीडबैक देने की अपील की

निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार उपायुक्त एस एस बघेल ने गंगा आरती में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रतियोगिता में अच्छी रैंक प्राप्त करने के लिए सिटीजन फीडबैक देने की अपील की । उन्होंने कहा कि सभी नागरिकगण उपरोक्त लिंक https://sbmurban.org/feedback के माध्यम से सिटीजन फीडबैक दे सकते हैं और अपने परिवार वालों एवं अन्य परिजनों और वार्ड के लोगों से पॉजिटिव सिटीजन फीडबैक करवाकर सहयोग करें जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को अच्छी रैंक प्राप्त हो।

## बीना रिफाइनरी द्वारा शासकीय चिकित्सालय में विशाल नेत्र एवं जांच शिविर आयोजित



**बीना(सागर)।**15 जनवरी 2025 को बीना रिफाइनरी के प्रोजेक्ट दृष्टि का शुभारंभ सागर सांसद लता वानखेड़े द्वारा आगासौद में किया गया था। जिसके तहत बीना तहसील की समस्त 64 पंचायत के 166 ग्रामों में निशुल्क महिलाओं एवं बुजुर्गो की सामान्य स्वास्थ्य और मोतियाबिंद के ऑपरेशन राठौर मिशन खुरई किए जा रहे हैं। बीना रिफाइनरी द्वारा प्रोजेक्ट दृष्टि के अंतर्गत सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता एवं निशुल्क कैटरेट सर्जरी हेतु शासकीय चिकित्सालय में विशाल नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया ऑपरेशन स्थल रीठौर मिशन हॉस्पिटल खुरई में किए जाएंगे।मंगलवार को अनेक मरीजों के नेत्रों की जांच डॉक्टर विनोद इक्का, श्रीमती डॉक्टर प्रफुल्ला परमार्थ, राहब लेवी,यहोसु मौसिस, नितिन पाराशर नेत्र जांच सहायक, आकाश पाराशर प्रोजेक्ट मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

## निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भेंटकर 5 करोड़ रुपए का अनुदान देने एवं चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से कटौती बंद करने की मांग की

**सागर।** विधायक के नेतृत्व में निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंट कर नगर निगम कार्यालय नवीन भवन के फर्नीचर और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 5 करोड़ रुपए का अनुदान देने एवं चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से कटौती बंद करने की मांग की। नगरीय विकास मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय ने नगर निगम कार्यालय नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत करने एवं चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से कटौती बंद करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सीरोठिया एवं डा वीरेंद्र पाठक उपस्थित थे।



## होली खेलने की शुरुआत कैसे हुई, होली का क्या मुहूर्त है एवं उपाय

### लोग इस त्योहार को इतने उत्साह से क्यों मनाते आ रहे हैं

राकेश सेन ■ बीना(सागर)

होली भारत देश का एक मुख्य पर्व है, जो हर साल फाल्गुन माह में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है. इस दिन लोग अपने गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हैं और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं. इस त्योहार की तैयारी कई दिन पहले से ही शुरू हो जाती है, जब लोग नए कपड़े खरीदते हैं और विभिन्न पकवानों की तैयारी करते हैं. होली से एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है.

### होली का क्या मुहूर्त है, एवं उपाय

ज्योतिष आचार्य पंडित प्रदीप नागाईच ने होली का मुहूर्त बताया कि होली दहन मूहूर्त सम्वत् 2081शाके 1941फाल्गुन 14चतुर्दशी उपरान्त पुर्णिमा गुरू बार दिनांक 13/3/2025रात्रि 10/55से 11/55तक विशेष मुहुर्त है।।।।इस में मंत्र जप ग्रहों का दान स्तोत्र पाठ हबन



करने से मंत्र सिद्ध होता है।7प्रकार के अनाज होलीका में डालने से धन धान्य वृध्दि होती है।गन्ना के 11 तुकडे डालने से ऋण मुक्ति होती है।पेठा होली में डालने से भूत प्रेत बाधा निवारण होता है।नारियल डालने से मनोरथ पूर्ण होता है।चावल की खीर से होली में हबन करने से फंसा पैसा प्राप्त होता है।

होलिका दहन के पीछे कई पौराणिक कथाएं प्रसिद्ध हैं- पंडित श्री नगाइच बताया होली खेलने की शुरुआत कैसे हुई और लोग इस त्योहार को इतने उत्साह से क्यों मनाते आ रहे हैं।

### राधा कृष्ण के प्रेम का है प्रतीक

राधा कृष्ण के प्रेम का प्रतीक मानी जाने वाली होली की शुरुआत बरसाने में हुई थी।कहा जाता है कि जब राधा और कृष्ण बचपन में थे, तो वे अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे।यह खेल उनके प्रेम और स्नेह का प्रतीक था, जो आज भी होली के रूप में मनाया जाता है।

कामदेव की तपस्या- शिवपुराण के अनुसार, पार्वती ने शिव से विवाह के लिए कठोर तपस्या की।इंद्र ने कामदेव को शिव की तपस्या भंग करने के लिए भेजा. कामदेव ने शिव पर अपने पुष्प बाण से प्रहार किया, जिससे शिव की समाधि भंग हो गयी. क्रुद्ध होकर, शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया।बाद में, देवताओं ने शिव को पार्वती से विवाह के लिए राजी किया. इस घटना को याद करते हुए, फाल्गुन पूर्णिमा को होली के रूप में मनाया जाता है।

## कोटवारों का सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है : न्यायाधीश शरद जोशी

### आवक-जावक रजिस्टर के सफल क्रियान्वयन पर सम्मान समारोह

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



बीना विकासखंड मैं तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देने हेतु कोटवार महासम्मेलन का आयोजन किया गया क्योंकि बिना विकासखंड कि सीमाएं उत्तर प्रदेश से जुडी है, जिससे सागर जिले से अधिकतर पलायन, उत्तर प्रदेश, जयपुर, मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात एवं मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों मे होता है। जिसका प्रभाव बच्चों के शिक्षा पर भी होता है। असुरक्षित पलायन मानव दुर्व्यापार को बढ़ावा देते है। इसी तारतम्य मे आवाज द्वारा बीना विकासखंड की कुछ पंचायतो मे आवक-जावक रजिस्टर का संधारण करवाया गया, जिसका प्रचार-प्रसार एवं संधारण हेतु राजस्व विभाग से कोटवार को सम्मिलित किया गया।जिसमे कार्यपालिक दंडाधिकारी सुनील शर्मा की मुख्य भूमिका रही।

बीना विकासखंड कि ग्राम पंचायतो मे सुरक्षित पलायन हेतु विशेष पहल कि गयी, इन पंचायतो मे आवाज द्वारा राजस्व विभाग के साथ सयुंक्त प्रयास कर, आवक-जावक रजिस्टर का सफल क्रियानवन किया गया।कोटवार द्वारा यह कार्य निष्ठां एवं ईमानदारी से किया जा रहा है, जिन्हे प्रोत्साहित करने हेतु जुडिशरी मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास शरद जोशी एवं मृदुल जैन के मुख्य अतिथिय में कोटवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।सम्मान समारोह मे शरद जोशी द्वारा अतिथि उदबोधन मे कहा कि यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास है, आवाज मध्य प्रदेश का जिससे कि मजदूरों कि ट्रेकिंग कि जा सकती है एवं दुर्व्यापार के संभावित खतरों से बचा जा सकता है।आपके प्रयासों को भविष्य मे भी सम्मानित किया जायेगा। न्यायधीश मृदुल जैन द्वारा पलायन रजिस्टर संधारण कि महत्ता बताई गयी एवं कोटवार के कार्यो कि सराहना कि गयी। आवाज जिला समन्वय मालती पटेल द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से कोटवार को आवक-जावक रजिस्टर संधारण की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकतर पलायन सीजन के अनुसार होता है, तो सीजन पर कोटवारो को ग्राम मे मुनादी कर, पंचायत मे इंट्री करवाने हेतु बताया गया एवं बंधुआ मजदूरी पर शॉर्ट फिल्म दिखाई गई उसके बाद सभी कोटवार साथियों के साथ खुली चर्चा की गई। प्रतिभागियों कि ओर से भी सुझाव आये जिससे कि मजदूरों कि ट्रेकिंग सही तरीके से कि जा सके।कार्यक्रम मे परवाह परियोजना मे चयनित सभी पंचायतो के लगभग 42 कोटवार उपस्थित रहे। आवाज से अंकित सेन, दीपक अहिरवार, सुनीता कुशवाहा, श्रीराम कुशवाहा, मनीष दांगी आदि उपस्थित रहे।

## रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

सत्ता सुधार ■ सागर

रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बीए कर्मयोगी विषय पर राजभवन में 9 होने वाले प्रदेश के समस्त कुलगुरू व कुलसचिव के एक दिवसीय सेमीनार से पहले सभी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला का विषय शैक्षणिक सदस्यों में कर्मयोगी बनने की भावना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।कार्यशाला के अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने सर्वप्रथम श्विचार मंथनश् शब्द के तात्पर्य को व्याख्यायित किया। उन्होंने कहा कि अच्छा वक्ता वही होता है जो श्रोताओं के मन को भी पढ़ लेता है। हमें सकारात्मक सोचना चाहिए तथा समस्या और समाधान दोनों पर चर्चा करना ही मंथन है। प्रत्येक व्यक्ति को सेवा का भाव ही उसे कर्मयोगी बनाता है। हमें शिक्षा और समाज को समझना होगा, उनकी समस्याओं को गिनाना नहीं बल्कि उनके समाधान खोजने होंगे। हमें अपनी दृष्टि को साफ रखना होगा। हम जो आज कर रहे हैं उसका परिणाम कल जरूर मिलेगा। उन्होंने श्रीमदभागवत गीता के श्लोक श्कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनश् को अपने जीवन में चरितार्थ करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनना होगा, समय की पाबंदियों पर ध्यान रखना होगा और अपने कर्तव्यों का सच्चे मन से पालन करना ही हमें कर्मयोगी बनाता है।कार्यशाला का स्वागत वक्तव्य विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने किया। वक्ता के रूप में अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, संभाग सागर की विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. भावना यादव ने कर्मयोग का अर्थ स्पष्ट करते हुए




कहा कि कर्म में लीन होना ही कर्मयोगी है।कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ के रूप में सर हरीसिंह गौर महाविद्यालय, सागर के प्राचार्य डॉ. अरविन्द जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परीक्षा संबंधी चुनौतियाँ विषय पर अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर प्रश्नपत्र तैयार करवाना, परीक्षा परिणाम तैयार करवाना आदि में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके निदान भी प्रस्तुत किये। कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय, सागर के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने श्कर्मयोगी कैसे बनेश् तथा व्यक्ति का इस धरती पर जन्म कैसे हुआ? पर प्रकाश डालते हुये पंचतत्वों के सम्मिश्रण से मनुष्य का जन्म बताया।प्रो. रेणुबाला शर्मा ने कहा कि बिना किसी फल की आकांक्षा के कर्म करना ही कर्मयोगी है। विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी अभयराज शर्मा ने महान कर्मयोगियों के जीवन चरित्र और उनकी आदतों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यवहारिक क्रियान्वयनश् विषय पर वक्तव्य पर देते हुए कहा कि एक ओर जहाँ रोजगार के अवसर पर ध्यान दिया गया है वहीं दूसरी ओर कौशल विकास और नवाचार को विकसित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है। डॉ. ब्रजेश रिछारिया ने कहा कि इन्द्रियाँ अर्जुन का प्रतीक और चेतना कृष्ण का जो कि हमें कर्म एवं सकर्म का बोध कराती हैं।

कार्यशाला का संचालन डॉ. अल्का पुष्प निशा ने किया तथा कार्यशाला समन्वयक डॉ. मिथलेश शरण चौबे ने आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यशाला में सहायक कुलसचिव श्री पंचम सनोडिया एवं अमन अग्रवाल, प्रो. रजनी दुबे, डॉ. एम. के. मिश्रा, डॉ. मुकेश कुमार अहिरवार, डॉ. स्वर्णलता तिवारी, डॉ. भावना पटेल एवं अन्य महाविद्यालयों से आये हुए अतिथियों में प्रो. मधु स्थापक, प्रो. प्रतिमा खरे, प्रो. सरोज गुप्ता, प्रो. रंजना मिश्रा, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. डी. एन. नामदेव, डॉ. सत्या सोनी, डॉ. सुनील बाबू विश्वकर्मा, डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी, डॉ. सिम्मी मोदी, डॉ. चंदन सिंह, सुभांशु शुक्ला, डॉ. श्रद्धा सोलंकी, डॉ. उदित मलैया, डॉ. दिनेश अहिरवार, डॉ. सिद्धि त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय के कार्यालीन स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## ब्रीफ न्यूज

### रोमांचक मुकाबले में मुम्बई इंडियंस ने गुजरता जायंट्स को 9 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) के अहम मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 9 रनों से हरा दिया। इस मैच में गुजरात जायंट्स की ओर से भारती फूलमाली ने 61 रन बनाये पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पायीं। इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस के अंकतालिका में अब दिल्ली कैपिटल्स के बराबर 10 अंक हो गये हैं हालांकि रन औसत के आधार पर वह दूसरे नंबर पर कायम है। मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से एक और मैच खेलना है। ऐसे में वह इसे भी जीतकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाइ करना चाहेगी। वहीं गुजरात जायंट्स के आठ मैच में आठ अंक हैं, जिससे वह तालिका में तीसरे स्थान पर है।

### आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं राहुल

**मुम्बई।** विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल के 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल के 18वें सत्र के शुरुआती मैचों से बाहर रहने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल की पत्नी पत्नी आथिया शेट्टी पहले बच्चे को जन्म देने वाली है और ऐसे समय में राहुल उनके साथ ही रहना चाहते हैं। राहुल को इस बार दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले वह लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान थे। राहुल ने अब तक पूर्व 132 आईपीएल मैच खेले हैं और चार शतक और 37 अर्धशतकों की सहायता से 4683 रन बनाए हैं। राहुल का प्रदर्शन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अच्छा रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स के नए कप्तान के भी दावेदार हैं। फ्रेंचाइजी आने वाले दिनों में नए कप्तान की घोषणा कर सकती है। आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे पर अब वह लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे। सुपर जायंट्स ने उन्हें सबसे अधिक कीमत देकर खरीदा था। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैचों के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कैंप भी लगाएगी। इसमें राहुल के अलावा कप्तान पद के दूसरे दावेदार अक्षर पटेल सहित कई अन्य खिलाड़ी भाग लेंगे।

### सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज

**दुबई।** न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये।



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई वेस्ट हेम और न्यूकास्टल यूनाइटेड की टीमें।

# आईसीसी ने अपनी टीम का कप्तान सेंटनर को बनाया, रोहित को नहीं मिली जगह

एजेंसी ■ दुबई




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपनी टीम का कप्तान मिचेल सैंटनर को बनाया है। आईसीसी के इस फैसले पर हैरानी भी जतायी जा रही है क्योंकि सेंटनर की कप्तान में न्यूजीलैंड को दो बार रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने हराया है। सैंटनर की टीम एक बार लीग मैच में और एक बार फाइनल में रोहित की भारतीय टीम से हारी। ऐसे में माना जा रहा था कि आईसीसी टीम की कप्तान रोहित को मिलेगी। जिस टूर्नामेंट में किसी टीम ने 3 से ज्यादा मुकाबले नहीं जीते, उस टूर्नामेंट में रोहित ने सभी पांच मैच जीते।

रोहित फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भले ही उन्होंने 200 से कम रन इन पांच मैचों में बनाए पर जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, उस वजह से उनको टीम ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना जाना चाहिए था और कप्तानी दी जानी चाहिए। ऐसे में कहा जा रहा है कि उन्हें किसी भी हाल में जगह मिलनी चाहिये थी पर नहीं मिली। आईसीसी पहले भी ऐसे ही फैसले करती रही है। विश्कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद भी आईसीसी टीम में जगह नहीं मिली थी। आईसीसी की टीम में विराट कोहली और केएल राहुल सहित छह भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

### आईसीसी की बेस्ट टीम ऑफ द टूर्नामेंट

मिचेल सैंटनर (कप्तान) (न्यूजीलैंड), रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड), इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), विराट कोहली (भारत), श्रेयस अय्यर (भारत), केएल राहुल (विकेट कीपर) (भारत), ग्लेन फिलिप्स (न्यूजीलैंड), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान), मोहम्मद शमी (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), वरुण चक्रवर्ती (भारत) और अक्षर पटेल (भारत)।

# चैम्पियंस ट्रॉफी जीत में रोहित और सभी खिलाड़ियों की रही अहम भूमिका

एजेंसी ■ मुम्बई

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की शानदार जीत में सभी खिलाड़ियों ने अपनी भूमिका निभाई। इस प्रकार इस टूर्नामेंट में जबरदस्त टीम वर्क दिखा। इसी कारण भारतीय टीम ने लीग में जहां पाकिस्तान को वहीं सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता। इस टूर्नामेंट में शुभमन गिल , विराट कोहली के अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन शानदार रहा। विराट ने पाक के खिलाफ शतक लगाने के अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाये। वहीं मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर ने पारी संभाली। सबसे ज्यादा विकेट वरुण ने लिए। टीम के हर खिलाड़ी ने किसी न किसी रुप में अपना योगदान दिया।



### रोहित शर्मा

कप्तान रोहित शर्मा ने इस टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अधिक रन नहीं बनाये पर टीम का तेज शुरुआत दी। वहीं फाइनल में अर्धशतक लगाया। इस प्रकार वह टीम को आईसीसी ट्रॉफी टीम को दिलाने में सफल रहे। फाइनल में वे प्लेयर ऑफ द मैच थे।

### शुभमन गिल

शुभमन गिल ने टूर्नामेंट की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ शतक के साथ की थी पर अगले कुछ मैचों में उन्होंने ज्यादा योगदान नहीं दिया, लेकिन फिर भी वे 188 रन पांच मैचों में बनाने में सफल रहे। 2 कैच भी उन्होंने इस टूर्नामेंट में पकड़े। पहले मैच में वे प्लेयर ऑफ द मैच थे।

### विराट कोहली

विराट ने इस टूर्नामेंट में जबरदस्त बल्लेबाजी की। वे एक शतक के साथ कुल 218 रन बनाने में सफल रहे, जबकि 7 कैच और एक रन आउट भी उनके नाम रहा। इस प्रकार वह भारतीय टीम की जीत में अहम योगदान देने में सफल रहे। दो मैचों में उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

### श्रेयस अय्यर

श्रेयस अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 243 रन बनाए और मध्यक्रम संभालाहे। दो कैच भी उन्होंने पकड़े और लगातर रन बनाकर टीम पर दबाव नहीं बनने दिया।

### वरुण चक्रवर्ती

मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल करना लाभदायक रहा। उन्होंने 9 विकेट तीन मैचों में लिए। उनकी फिरकी के सामने विरोध बल्लेबाज बेबस नजर आये।

### केएल राहुल

केएल राहुल ने विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि बल्ले से नॉकआउट मैचों में उन्होंने दमदार खेल दिखाया। वे 140 रन इस टूर्नामेंट में बनाने में सफल रहे, लेकिन हर मैच में उनकी पारी अहम रही। पांच कैच एक स्टंपिंग और एक रन आउट में भी राहुल का योगदान रहा।

### अक्षर पटेल

वहीं स्पिनर अक्षर पटेल ने गेंदबाजी में विकेट लेने के साथ ही बल्लेबाजी से भी टीम को सहयोग दिया। जब-जब टीम इंडिया को जरूरत पड़ी अक्षर पटेल ने गेंद और बल्ले से अपनी भूमिका निभाई। वे नंबर पांच या इससे नीचे खेलकर 109 रन बनाने में सफल हुए और पांच विकेट भी उन्होंने लिए।

### हार्दिक पांड्या

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर अपने को साबित किया। आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 99 रन और 4 विकेट उन्होंने लिया दो कैच भी उन्होंने पकड़े।

### रविंद्र जडेजा

ऑलराउंडर जडेजा ने 5 विकेट लिए थे और कुल 27 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने एक ही कैच पकड़ा पर कई बार उन्होंने अच्छी फील्डिंग से रन रोके थे।

### कुलदीप यादव

चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने फाइनल में उन्होंने जो दो विकेट लिए। उन्होंने एक कैच भी इस टूर्नामेंट में पकड़ा था।

### मोहम्मद शमी

मोहम्मद शमी ने इस टूर्नामेंट में कुल 9 विकेट लिए और एक कैच भी उन्होंने पकड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ उनको पांच विकेट मिले थे। फाइनल में उन्होंने एक सफलता हासिल की थी।

# आईपीएल नहीं खेलेंगे हैरी प्रतिबंध का खतरा मंडराया



एजेंसी ■ लंदन

इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रुक ने 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में नहीं नजर आयेंगे। हैरी आईपीएल से हट गये हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने गत वर्ष हुई निलामी में उन्हें सवा 6 करोड़ रुपयों में खरीदा था। हैरी को बिना किसी पर्यास कारण के खेलने से इंकार करने पर अगले दो सत्र के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। हैरी ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टीम की ओर से आगामी सीरीज की तैयारी में लगा हूं और इसके लिए तरोताजा होने मुझे समय चाहिये। साथ ही कहा कि देश की ओर से खेलना मेरी पहली प्राथमिकता है। हैरी को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह लगातार दूसरी बार है जब ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस लिया है और ऐसे में अब उन पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। आईपीएल द्वारा शुरू किए गए नए नियम के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो प्लेयर ऑक्शन में खुद को रजिस्टर करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं कराता है, उसे टूर्नामेंट और प्लेयर ऑक्शन में भाग लेने से 2 सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि खिलाड़ी चोट लगने या चिकित्सा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उसपर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ब्रूक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा, यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। ऐसा करने के लिए, मुझे अपने करियर के अब तक के सबसे व्यस्त दौर के बाद रिचार्ज करने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता पर मुझे वही करना है जो मुझे सही लगता है।

# वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है। अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूर्नामेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स-फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण




की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा। अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह आपको क्या बताता है? यह भारतीय क्रिकेट को कहां छोड़ता है? मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि दुनिया को भारतीय क्रिकेट को समझने में कुछ समय लगेगा। वहीं वरुण ने माना कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका अभियान इस तरह से चलेगा। मैच के बाद उन्होंने कहा- मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह ऐसा होगा। सपना सच हो गया। चक्रवर्ती की गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से शुरु होंगे

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी । इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा।



इंडियन वेल्स टेनिस में खेलती हुई अमेरिका की कोको गोफ।

### हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी

**नई दिल्ली।** अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा। पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा।

### पुरस्कार समारोह में अपने प्रतिनिधि की अनदेखी का आरोप लगाया

# पीसीबी ने आईसीसी के सामने विरोध दर्ज कराया

एजेंसी ■ लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल के पुरस्कार वितरण समारोह में अपने प्रतिनिधि की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने विरोध दर्ज कराया है। पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मामले में आईसीसी प्रबंधन को एक कड़ा पत्र भी लिख है। इससें पीसीबी की ओर से पूछा गया है स्टेडियम में मौजूद उसके प्रतिनिधि को समारोह के लिए मंच पर आमंत्रित




क्यों नहीं किया गया?

पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का आधिकारिक मेजबान था हालांकि इसमें विजेता रही भारतीय टीम के मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर दुबई में हुए थे।वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले ही आईसीसी को बता दिया था कि वह फाइनल में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि वह गृह मंत्री होने के कारण देश की संयुक्त संसद के सत्र में व्यस्त थे। ऐसे में नकवी की जगह पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद फाइनल में शामिल हुए पर आईसीसी प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। प्रोटोकाल के अनुसार केवल चेयरमैन ही इसमें शामिल हो सकते हैं। इसी को लेकर पीसीबी ने आपत्ति जताई है।

बोर्ड के करीबी अधिकारियों ने कहा, पीसीबी ने पुरस्कार वितरण समारोह में पीसीबी सीओओ और सीटी 25 टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को शामिल न करने के लिए आईसीसी के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया। आईसीसी प्रोटोकॉल के अनुसार आईसीसी के प्रमुख पुरस्कार और ट्रॉफी वितरित करते हैं, जबकि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व पोडियम पर होता है। इसी कारण न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के निदेशक रोजर ट्वोस, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया पोडियम पर थे। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने भारत द्वारा न्यूजीलैंड को फाइनल में हराने के बाद रोहित शर्मा को ट्रॉफी सौंपी।

# दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था।

**मथुरा।** वृंदावन के गोदा हरिदेव मंदिर की भव्य शोभायात्रा सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति भाव से नाचते-गाते हुए यात्रा को भव्यता प्रदान की। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान हरिदेव के जयकारे लगाए।

# भूत-प्रेत संग झूमे, धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म से होली

## -वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर दिखा अनोखा नजारा, -हर- हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव शुरू हो गया। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नन्दी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। सबसे पहले धुनी रमाए



नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा दिका।

**डीजे न बजने से घटा उत्साह** – मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच-गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही।

### पुलिस ने हटाई भीड़

मणिकर्णिका घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर भीड़ अनियंत्रित होने से लोगों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने मणिकर्णिका द्वार पर लाठियां भाजकर लोगों की भीड़ हटाई।

### हर सड़क और गालियां चोक

मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी भी हुई। मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।

# अब कोई भी अधिकारी अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश के बाहर जाएगा



■ अफसरों की बार-बार दिल्ली दौड़ से सीएम खफा... दी हिदायत

■ योगी मंत्रियों से बोले-प्रभार के जिलों में करें समीक्षा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक के बहाने बार-बार दिल्ली जाने वाले अफसरों के दौरे पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अब से कोई भी अधिकारी सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश के बाहर जाए। उन्होंने कहा, दिल्ली में किसी मीटिंग में कौन सा अधिकारी जा रहा है, उसकी पूरी रिपोर्ट से उन्हें भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों के साथ विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही। सीएम ने मंत्रियों से भी कहा कि वह भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में लगातार समीक्षा करें। इसके अलावा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब करने को ध्यान में रखकर लगातार बैठकें करने और योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। गन्ना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन समेत करीब आधा दर्जन विभागों की मासिक समीक्षा बैठक न किए जाने पर भी मुख्यमंत्री ने असंतोष जताया।

**जनता के बीच जाएं** – मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जनता के बीच महाकुंभ के बारे में चर्चा करें। वीडियो भी दिखाएं और लोगों को सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताएं।

**समस्याओं का समाधान कराएं**– बैठक में मुख्यमंत्री को महाकुंभ से संबंधित उस वीडियो को भी दिखाया गया। उसे जनता को दिखाने के लिए तैयार कराया गया है। सीएम ने कहा कि 25 मार्च को प्रदेश सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए सभी मंत्री जनता के बीच सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को बताएं। जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और उसका समाधान कराएं।

## ब्रीफ न्यूज

### मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के लिए अलग विंग बनाएं

**बलिया।** बलिया जनपद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए बजट जारी होने के बाद उसका श्रेय लेने के लिए पार्टी के नेता खुद की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी बीच बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने हिंदुओं की सुरक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमो की एंट्री बैन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि मुसलमानों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग विंग, अलग बिल्डिंग बना दिया जाए। जिससे हिंदू सुरक्षित रह सकें। मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दिलाने के बाद पहली बार जिले में आईं बांसडीह विधानसभा से फायर ब्रांड महिला विधायक ने कहा होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा होती है तो मुसलमानों को दिक्कत होती है। हम लोगों के साथ इलाज कराने में भी हो सकता है उनको दिक्कत हो। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मैं पत्रकारों के माध्यम से महाराज जी से मांग करतीं हूं कि जब इतना खर्च हो ही रहा है तो एक अलग बिल्डिंग और एक अलग विंग बना दिया जाए। जिससे वे जाकर अपना इलाज वहां करा लें। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया की दिवाली के मौके पर जब मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो एक अलग विंग उन लोगों के लिए बना दिया जाए, ताकि हम भी सुक्षित महसूस करें। न जाने किस पर क्या थूक-थूकाकर हम लोगों को मिल जो। तो उस सब से हम लोग बच जाए।

### होटल के कमरे में मिली उज्बेकिस्तानी महिला की लाश

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को एक होटल के कमरे में उज्बेकिस्तान की महिला की लाश पड़ी मिली। होटलकर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामला विभूतिखंड इलाके के विजयंत खंड स्थित अतिथि इन होटल का है। यहां दो मार्च को उज्बेकिस्तान की एक महिला सतनाम नामक युवक के साथ पहुंची थी। छह मार्च को सतनाम वापस चला गया। इसके बाद से महिला अकेले रुकी थी। सोमवार को होटलकर्मियों ने उसको पानी व अन्य सामान दिया था। मंगलवार को होटलकर्मी रूम में पहुंचे तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उन्होंने मास्टर की से दरवाजा खोला। सामने महिला की लाश पड़ी मिली। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। महिला की पहचान एगम्बर्डिएवा जेबो खिदीरोबना (43) के रूप में हुई है। महिला के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

### भाई के ही बॉस ने बहन को बनाया हवस का शिकार

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर देहात कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी युवती को उसके ही भाई का बॉस सुमित बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। जहां, आरोपी ने युवती को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत करने पर आरोपी ने उसे हत्या की धमकी दी और फिर घर के बाहर छोड़कर चला गया। दुष्कर्म के बाद युवती की हालत बिगड़ गई और परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। अधिक रक्तस्राव होने के कारण अभी भी युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## आरोपियों में से एक को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया

# दिहुली सामूहिक नरसंहार में 44 साल बाद तीन दोषी करार

## 24 लोगों की हुई थी हत्याः 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

■ दूसरे आरोपी के एनबीडब्ल्यू जारी, एक पहले से जेल में बंद

सत्ता सुधार ■ मैनपुरी

फिरोजाबाद के दिहुली में 44 साल पहले सामूहिक नरसंहार मामले में तीन आरोपी पर दोष सिद्ध हो गया। न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाए जाने के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। फैसला आने के बाद न्यायालय में मौजूद एक आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। दूसरे आरोपी के न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किए गए। वहीं एक आरोपी पहले से ही जेल में निरुद्ध हैं। फिरोजाबाद जिले के थाना जसराना क्षेत्र के दिहुली में 18 नवंबर 1981 की शाम पांच बजे के करीब हथियारबंद बदमाशों ने गांव में घुसकर अनुसूचित जाति बस्ती में हमला बोला था। घरों में मौजूद महिलाओं, पुरुष और बच्चों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना शुरू कर दी। बदमाशों ने तीन घंटे तक फायरिंग की।

### फायरिंग में 24 लोगों की हुई थी मौत

फायरिंग में 23 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि एक घायल की इलाज के





दौरान फिरोजाबाद अस्पताल में जान चली गई थी। घटना की प्राथमिकी दिहुली निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में राधेश्याम उर्फ राधे, संतोष चौहान उर्फ संतोषा के खिलाफ दर्ज कराई गई। मामले में रामसेवक, रविंद्र सिंह, रामपाल सिंह, वेदराम सिंह, मिट्ठू, भूपराम, मानिक चंद्र, लटूरी, रामसिंह, चुन्नीलाल, होरीलाल, सोनपाल, लायक सिंह, बनवारी, जगदीश, रेवती देवी, फूल देवी, कप्तान सिंह, कमरुद्दीन, श्यामवीर, कुंवरपाल, लक्ष्मी को शामिल किया गया था। पुलिस द्वारा विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। मामले की कुछ दिन जिला न्यायालय में सुनवाई चली, लेकिन डकैती न्यायालय न होने के वाद को प्रयागराज के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। वहां सुनवाई के बाद मामला फिर से मैनपुरी स्पेशल जज डकैती न्यायालय भेज दिया गया। जहां मामले की 15 सालों से सुनवाई चल रही है। एक मार्च को सुनवाई के दौरान मामले में अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की ओर से न्यायालय के समक्ष बहस हुई। बहस पूरी होने के बाद न्यायाधीश इंद्रा सिंह द्वारा फैसले के लिए 11 मार्च की तारीख नियत की गई थी।

### हाजिर माफी की सिफारिश

मंगलवार को सुनवाई के दौरान आरोपी कप्तान सिंह और जेल में निरुद्ध रामसेवक न्यायालय में उपस्थित हुए, लेकिन रामपाल की ओर से हाजिर माफी की सिफारिश की गई। जिस पर न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आरोपी रामसेवक, कप्तान सिंह और रामपाल को सामूहिक नरसंहार का दोषी पाते हुए सजा सुनाए जाने के लिए 18 मार्च की तारीख नियत कर दी। इस दौरान दोषी कप्तान को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### आजम की पत्नी, बेटे और बहन की अंतरिम जमानत बढ़ी, हड़ताल के कारण स्थायी जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं

इधर, शत्रु संपत्ति से संबंधित अभिलेख खुर्द-बुर्द मामले में आरोपी बनाए गए सपा नेता आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद तजीन फातमा, बड़े बेटे अदीब और बहन निगहत अखलाक की अंतरिम जमानत अवधि अब 20 मार्च तक बढ़ गई है। मंगलवार को तीनों की स्थायी जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी थी। इसके लिए तीनों न्यायालय में पेश हुए। उनके अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि हड़ताल के कारण स्थायी जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी और न्यायालय ने अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी है। यह मुकदमा रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में नौ मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। इसमें शत्रु संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। यह शत्रु संपत्ति आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास थी, जो इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी विभाजन के समय देश छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे।

# विश्व के 35 करोड़ लोगों पर एचआईवी बेअसर

### पूर्वजों से मिली शक्ति, बीमारी को दे सकते हैं मात

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

विश्व के 35 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन पर एचआईवी का वायरस बेअसर है। सबसे ज्यादा डेढ़ करोड़ लोग अमेरिका में ही हैं। भारत में ये संख्या लाख तक सीमित है। ऐसे लोग बिना इलाज या दवा के भी एड्स जैसी खतरनाक बीमारी को मात दे सकते हैं। इन्हें एचआईवी से बचाने वाली शक्ति उनके पूर्वजों से ही मिली है। यूपी कॉलेज के पूर्व छात्र डॉ. मानवेंद्र सिंह ने बीएचयू और अमेरिकी वैज्ञानिकों के साथ मिलकर रिसर्च किया है, जो कि प्रतिष्ठित जर्नल जीनोम बायोलॉजी में प्रकाशित हो चुका है। मुख्य वैज्ञानिक डॉ. मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जांच कराएंगे तो एचआईवी का इंफेक्शन मिलेगा। लेकिन इसका कोई असर नहीं होता। दरअसल, ये वायरस खून के प्लाज्मा में ही रह जाता, लेकिन लाल रक्त कणिकाओं में प्रवेश नहीं कर पाता, जिससे एचआईवी का नुकसान नहीं होता। रिसर्च के मुताबिक, 35 करोड़ लोगों में एचआईवी वायरस के प्रति इम्यूनिटी उनके पूर्वजों से मिले एंडोजेनस रेट्रोवायरस से बनी है। वर्तमान में भी मानव शरीर की कोशिका में इसकी एक हजार कॉपी है। वहीं, डीएनए की 8 हिस्सेदारी है, जो कि काफी बड़ा अमाउंट है।

# बुलेट से आए हमलावर व्यापारी के बेटे को मारी गोली

### वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए

सत्ता सुधार ■ लखीमपुर खीरी

**देव की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा**

लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र में मिश्राना चौकी से महज 10 कदमों की दूरी पर सोमवार रात हुए अमोघ उर्फ देव सेठ हत्याकांड में पुलिस ने एक नामजद समेत उसके चार-पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की बात कह रही है। मंगलवार दोपहर देव के शव का पोस्टमार्टम हुआ, जिसके बाद उसे घर ले जाया गया। देव की हत्या से उसके परिवार में कोहराम मचा है। वह परिवार में इकलौता बेटा था। वहीं, देव हत्याकांड से व्यापारियों में आक्रोश है। शहर के सेठ कॉलोनी अर्जुनपुरवा निवासी भारत सेठ इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी हैं। मिश्राना चौकी के पास उनकी दुकान है। सोमवार रात करीब आठ बजे उनका 20 वर्षीय पुत्र अमोघ उर्फ देव सेठ दुकान पर बैठा था। बताया जा रहा है कि उसी वक्त बाइक से कुछ युवक वहां आए और देव सेठ को बाहर बुलाया। जैसे ही देव अपनी दुकान से बाहर आया तो युवकों ने उस पर हमला कर दिया। वह बचने के लिए पुस्तक भंडार में घुस गया। हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से देव की मौत हो गई। घटना में उसका दोस्त आदित्य हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। वारदात से बाजार में सनसनी फैल गई।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने सौंपा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

# महाकुम्भ के बारे में अनर्गल प्रलाप ठीक नहीं : बादल

### साहित्य परिषद ने देशभर में चलाया हस्ताक्षर अभियान

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

महाकुम्भ के बारे में अनर्गल टिप्पणी करने वाले नेताओं के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मंगलवार को लखनऊ कलेक्ट्रेट में दिया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल के नेतृत्व में लखनऊ महानगर की ओर से परिषद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम प्रशासन डा. शुभी सिंह को



ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महानगर अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्ता, लखनऊ दक्षिण की अध्यक्ष डा. नीतू शर्मा,लखनऊ महानगर की महामंत्री ममता पंकज, महानगर के संयुक्त महामंत्री राजीव वत्सल,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बृजनन्दन राजू व लखनऊ दक्षिण की मीडिया प्रभारी ज्योति किरन उपस्थित रहीं।

महाकुम्भ के बारे में अनर्गल प्रलाप ठीक नहीं- डा. पवनपुत्र बादल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाकुम्भ के बारे में अनर्गल प्रलाप ठीक नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाकुंभ पर बयान देकर करोड़ों सनातनधर्मियों का अपमान और आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद इनकी घोर निन्दा ही नहीं अपितु इसे अक्षम्य अपराध मानते हुए इन्हें कठोर दण्ड देने की मांग करती है। डा. पवनपुत्र बादल ने कहा कि सनातन परम्परा के महाकुम्भ को देश के कुछ लोगों ने षड़यंत्रपूर्वक बदनाम करने का प्रयास किया। महाकुंभ के बारे में नकारात्मक बयान दिये गये।

**प्रस्तुति** शिक्षा के साथ-साथ संगीत में भी है महारत हासिल ...

# सनातनी भजनों को गाकर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही गुंजन श्रीवास्तव

सन्दीप श्रीवास्तव ■ लखनऊ/ सहारनपुर

आजकल सोशल मीडिया पर भजनों का क्रेज दिन पे दिन बढ़ता जा रहा जब कोई मधुर आवाज में ईश्वर के भजन गाता है और वह भजन जब लोग अत्यधिक पसंद करते है तो वो भजन और उन्हें गाने वाली आवाज़ लोगों के दिलों में उतर जाती है ऐसी ही एक भजन गायिका हैं कु.गुजन श्रीवास्तव जिनके भजन आजकल सोशल मीडिया पर जमकर छा रहे है और लोग इनके भजनों को पसंद भी कर रहे हैं और जमकर तारीफ़ भी कर रहे हैं । हमारे संवाददाता को गुंजन श्रीवास्तव ने बताया कि उनका जन्म स्थान जौनपुर है

परिवारिक पृष्ठभूमि प्रयागराज है । वर्तमान में सहारनपुर में शिक्षा विभाग में




सेवारत है। प्राथमिक संगीत शिक्षा मेरी माता श्रीमती उमा श्रीवास्तव जी से प्राप्त हुई जिन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संगीत वादन (तबले)की शिक्षा ली हुई है। पिताश्री दयाशंकर श्रीवास्तव जी स्वास्थ विभाग में सरकारी सेवा में थे वर्तमान में सहारनपुर निवासी संगीत गुरु जो कि कला संगम नामक सुप्रसिद्ध संस्थान चलाते है जिनका नाम। श्री अंशु माहेश्वरी है उन्ही से संगीत की शिक्षा प्राप्त की गुंजन ने बताया कि वो श्री अंशु माहेश्वरी जी को अपना गुरु मानती हैं गुँजन के गुरु के द्वारा उनकी प्रतिभा बहुत जल्द ही परख ली गयी थी । श्री अंशु माहेश्वरी जी द्वारा लिखित भजन रचनाओं को गाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुंजन के अंदर गायकी में रूझान बचपन से ही था, बचपन से ही मुख्य मंच पर अपने गायन कला को साक्षात्कार करने का कोई भी मौका जब भी मिलता वह अपनी कला का प्रदर्शन करने से नही चूकती थी आपने जब पहला तुंम मेरे साई ..... और। नैन तेरे दर्शन के प्यासे मन भी है मतवाला । भजन गाए तो सुनने वालों के द्वारा उन्हें जमकर सराहा गया और प्रशंसा की गई साथ ही जमकर व्यूज़ मिले इसके बाद देश भक्ति से ओतप्रोत गीत ऊंची बुलंदियों से तिरंगे की शान है। भारत महान था मेरा भारत महान हैं गाकर सुनने वालों के दिलों पर छा गई उनकी आवाज़। गूंजन श्रीवास्तव वर्तमान में सरकारी शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रही हैं और स्कूली बच्चों को संगीत गायन की शिक्षा समय समय पर निःशुल्क रुप से देती रहती हैं ।जिससे बच्चे अपनी कला कौशल के माध्यम से संगीत के क्षेत्र में अपना अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें आपने अधिकतर भजन सनातन धर्म को लेकर गाये हैं जिससे लोग विदेशी कल्चर को भूल कर अपने सनातन धर्म के प्रति अधिक लगाव और जुड़ाव महसूस कर सकें जो धर्म व समाज के हित में है। हमारी ओर से उन्हें बहुत सारी शुभकामनाएं।

### संभल की तरह अफसरों का गलत इस्तेमाल ठीक नहीं, मायावती बोलीं- कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संभल की तरह अफसरों का इस्तेमाल किया जाना ठीक नहीं है। रमजान के दौरान पड़ रहे होली के त्योहार को आपसी भाईचारे में बदलना सभी के हित में साबित होगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि जैसाकि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुये यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा। अर्थात इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी है। संभल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव,** द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। **स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832**
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।** 0755-4002626, 4939910